खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम :30°C
न्यूनतम: 19°C

हल्द्वानी, शुक्रवार 1 मई 2026 हल्द्वानी संस्करण: वर्ष 23 अंक 244 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | बैसाख शुक्ल पक्ष 14 विक्रमी सम्वत् 2083 | 12 जिलकदा 1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित




विधानसभा में मुख्यमंत्री योगी का विपक्ष पर तीखा हमला पेज 2



ड्रेसिंग रूम में स्मोकिंग करने पर रियान पराग पर लगा भारी जुर्माना खेल टाइम्स




एग्जिट पोल की सच्चाई: लोकतंत्र का आईना सम्पादकीय



सऊदी क्राउन प्रिंस का सलाहकार बनना चाहता था एपस्टीन पेज 12

## संक्षिप्त समाचार

### हेलीकॉप्टर से पहली बार एक साथ दो मिसाइल लॉन्च

**नई दिल्ली।** डीआरडीओ और नौसेना ने बंगाल की खाड़ी में हेलीकॉप्टर से शॉर्ट रेंज नेवल एंटी-शिप मिसाइल को सफल लॉन्च किया। इस दौरान एक हेलीकॉप्टर से कुछ ही सेकंड के अंतर पर दो मिसाइलें दागी गईं। दोनों ने समुद्री जहाज के निचले हिस्से पर सटीक निशाना लगाया। इसके जरिये भारत ने साल्वो लॉन्च क्षमता को परखा। यानी एक लॉन्चर से कम समय में ज्यादा मिसाइलें दागना। यह तकनीक दुश्मन के रडार सिस्टम को चकमा दे सकती है। ओडिशा के चांदीपुर की टेस्ट रेंज में लगे रडार, इलेक्ट्रो-ऑप्टिकल सिस्टम और टेलीमेट्री के जरिये मिसाइल की पूरी उड़ान और निशाने को ट्रैक किया गया।

### मेरठ: शादी में हर्ष फायरिंग, एक व्यक्ति की मौत

**मेरठ।** उत्तर प्रदेश में मेरठ के कंकरखेड़ा थाना क्षेत्र के खड़ौली गांव में शादी समारोह के दौरान की गई हर्ष फायरिग ने एक व्यक्ति की जान ले ली। गुरुवार सुबह दुल्हन के स्वागत के समय हुई हर्ष फायरिंग में 45 वर्षीय राजमिस्त्री सुभाष की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस के अनुसार खड़ौली निवासी आदेश की बारात बुधवार रात मोदीपुरम से लौटी थी। गुरुवार सुबह दूल्हा अपनी दुल्हन के साथ घर पहुंचा जहां स्वागत की तैयारियां चल रही थीं। इसी दौरान समारोह में मौजूद दूल्हे के चाचा विक्की ने पिस्टल से कई राउंड फायर कर दिए। फायरिंग के बीच एक गोली पास खड़े सुभाष के जबड़े में जा लगी जिससे वह गंभीर रूप से घायल होकर गिर पड़े और मौके पर ही दम तोड़ दिया। घटना के समय सुभाष अपनी पत्नी पुष्पा के साथ नवविवाहित जोड़े का स्वागत देख रहे थे।

### हज हवाई किराये में बढ़ोतरी न्यूनतम रखने का प्रयास: रिजिजू

**नई दिल्ली।** अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय ने हज यात्रा के हवाई किराये में करीब दस हज़ार रुपये की बढ़ोतरी को लेकर विभिन्न मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर उठ रहे सवालों के बीच कहा कि वैश्विक परिस्थितियों के चलते बढ़ी लागत के बावजूद सरकार ने बातचीत के जरिए किराया वृद्धि को न्यूनतम रखने का प्रयास किया है। केंद्रीय अल्पसंख्यक कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने एक्स पर कहा कि असंख्य परिवारों के लिए, हज जीवन में एक बार पूरा होने वाला ऐसा सपना है जिसे उन्होंने वर्षों तक संजोकर रखा है। मैं इस भावना का तहे दिल से सम्मान करता हूं।

### ऑपरेशन सिंदूर आतंकवाद के खिलाफ प्रतिबद्धता का संदेश: राजनाथ

**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा है कि ऑपरेशन सिंदूर ने दुनिया को स्पष्ट संदेश दिया है कि भारत अपने भूभाग पर आतंकवादी हमलों के बाद अब केवल कूटनीतिक बयान जारी करने की पुरानी मानसिकता तक सीमित नहीं है बल्कि आगे बढ़कर निर्णायक कार्रवाई के लिए प्रतिबद्ध है। श्री सिंह ने कहा कि सरकार ने स्पष्ट रुख अपनाया है कि किसी भी परिस्थिति में आतंकवाद का कोई भी कृत्य सहन नहीं किया जाएगा।

# CISCE: कक्षा 10वीं व 12वीं के नतीजे हुए घोषित

## यूपी के कानपुर के ओजस्वित पासरीचा 100 फीसदी अंक हासिल कर 12वीं में बने टॉपर

**नई दिल्ली।** भारतीय विद्यालय प्रमाण पत्र परीक्षा परिषद (सीआईएससीई) गुरुवार सुबह 11 बजे आईसीएसई (कक्षा 10वीं) और आईएससी (कक्षा 12वीं) के परिणाम 2026 जारी कर दिए हैं।

इस परिणाम का इंतजार देशभर के लाखों छात्र कर रहे हैं, जिन्होंने फरवरी से अप्रैल के बीच आयोजित परीक्षाओं में भाग लिया था। छात्र अपना रिजल्ट और ऑनलाइन मार्कशीट आधिकारिक वेबसाइट पर देख सकते हैं। कानपुर के ओजस्वित ने आईएससी 12वीं में 100 फीसदी अंक हासिल कर नेशनल टॉपर बनते हुए इतिहास रच दिया। चिंटल्स स्कूल के छात्रों ने बोर्ड परीक्षा परिणामों में शानदार प्रदर्शन करते हुए अपनी मेधा का परिचय दिया है। कक्षा 12वीं की छात्रा यशी सचान ने 99.5 प्रतिशत अंक प्राप्त कर स्कूल और शहर का नाम रोशन किया, वहीं कक्षा 10वीं के छात्र आदि अरोड़ा ने 99.4 प्रतिशत अंक हासिल कर अपनी प्रतिभा का बेहतरीन प्रदर्शन किया। कक्षा 12वीं की आईएससी परीक्षा में भी लड़कियों का बेहतरीन प्रदर्शन रहा। कुल 1,702 लड़कियों में से 1,697 उत्तीर्ण हुईं। 1,845 लड़कों में से 1,838 ने परीक्षा पास की। आईएससी में कुल उत्तीर्ण प्रतिशत 99.66 फीसदी रहा, जो पिछले वर्ष से बेहतर है। अभिभावक और छात्र अब बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट पर अपने नतीजे देख सकते हैं।



माता पिता के साथ खुशी जाहिर करते ओजस्वित

**कक्षा 12वीं की छात्रा यशी सचान ने 99.5 प्रतिशत अंक प्राप्त कर स्कूल का नाम किया रोशन**

**कक्षा 10वीं के छात्र आदि अरोड़ा ने 99.4 प्रतिशत अंक हासिल कर बेहतरीन प्रदर्शन किया**

### 226 सीटें जीतेंगे हम: ममता

**कोलकाता।** बंगाल में रिकॉर्ड मतदान के बाद ममता बनर्जी ने बड़ा दावा करते हुए कहा कि मां, माटी और मानुष की सरकार एक बार फिर बनने जा रही है। उन्होंने भरोसा जताया कि उनकी पार्टी 226 सीटों का आंकड़ा पार करेगी। साथ ही उन्होंने अपने कार्यकर्ताओं से स्ट्राग रूम की दिन-रात रखवाली करने के लिए भी कहा है। बता दें कि सीएम ममता ने एक्स पर एक वीडियो पोस्ट किया। इस वीडियो में मुख्यमंत्री ममता ने जनता को संबोधन करते हुए आभार जताया और चुनाव प्रक्रिया के दौरान हुए घटनाक्रम पर गंभीर आरोप लगाए।

# गर्भपात के नियमों में अब बदलाव जरूरी: सुप्रीम कोर्ट

## कोर्ट का सख्त रुख, एम्स की क्यूरेटिव पिटीशन खारिज

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को कड़ा रुख दिखाया। 15 वर्षीय दुष्कर्म पीड़िता के 30 हफ्ते की गर्भावस्था समाप्त करने की अनुमति पर सुनवाई हुई। इस फैसले को चुनौती देने वाली एम्स की क्यूरेटिव पिटीशन पर अदालत ने आपत्ति जताई।

अदालत ने केंद्र सरकार से यह भी कहा कि कानून में संशोधन कर दुष्कर्म पीड़िताओं को 20 हफ्ते से अधिक समय के बाद भी गर्भपात की अनुमति देने पर विचार किया जाए। कोर्ट ने साफ कहा कि जब गर्भधारण दुष्कर्म के कारण हुआ हो, तो समय सीमा नहीं होनी चाहिए और कानून को समय के साथ बदलना चाहिए। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्या बागची की पीठ ने कहा कि यह बाल दुष्कर्म का मामला है और अगर गर्भपात की अनुमति नहीं दी गई, तो पीड़िता को जीवनभर मानसिक आघात झेलना पड़ेगा। अदालत ने कहा कि अगर मां को स्थायी शारीरिक नुकसान नहीं होता है तो गर्भपात किया जाना चाहिए। साथ ही एम्स को निर्देश दिया गया कि वह पीड़िता के माता-पिता को इस मुद्दे पर उचित परामर्श दे, क्योंकि अंतिम निर्णय पीड़िता और उसके परिवार का होना चाहिए। सुनवाई के दौरान कोर्ट ने कहा कि देश में पहले से ही कई बच्चे गोद लेने के लिए हैं, कई बच्चे सड़कों पर बेसहारा हैं और इस पर माफिया भी सक्रिय हैं। यह 15 साल की बच्ची का अनचाहा गर्भ है। उसे पढ़ाई करनी चाहिए, लेकिन हम उसे मां बनने के लिए मजबूर कर रहे हैं। सोचिए उसने कितना दर्द और अपमान सहा है। वहीं, एम्स की ओर से पेश अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल ऐश्वर्या भाटी ने दलील दी कि इस अवस्था में गर्भपात संभव नहीं है। उन्होंने कहा कि 30 हफ्ते में भ्रूण एक जीवित शिशु के रूप में विकसित हो चुका है, जिसमें गंभीर विकृतियां हो सकती हैं।

साथ ही नाबालिग मां को जीवनभर स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं हो सकती हैं और भविष्य में वह मां नहीं बन पाएगी। उन्होंने सुझाव दिया कि बच्चे को जन्म के बाद गोद दिया जा सकता है। इस पर सुप्रीम कोर्ट ने दोहराया कि गर्भपात का निर्णय पीड़िता और उसके माता-पिता की इच्छा पर निर्भर करेगा और एम्स की भूमिका उन्हें सूचित निर्णय लेने में मदद करने की होनी चाहिए। मुख्य न्यायाधीश ने मीडिया से इस मामले की रिपोर्टिंग करते समय संवेदनशीलता बरतने और सुनवाई से संबंधित हर बात (अदालत में हुई पूरी बातचीत) को रिकॉर्ड न करने का आग्रह किया। सुप्रीम कोर्ट ने 24 अप्रैल को फैसला सुनाते हुए कहा था किसी भी महिला, विशेषकर नाबालिग, को उसकी इच्छा के खिलाफ गर्भावस्था के लिए मजबूर नहीं किया जा सकता।



**केंद्र सरकार से कहा दुष्कर्म पीड़िताओं को 20 हफ्ते से अधिक समय के बाद भी गर्भपात की अनुमति देने पर विचार किया जाए**

### इस साल नहीं होगी एओआर परीक्षा

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय में वकालत की प्रैक्टिस के लिए अनिवार्य 'एडवोकेट-ऑन-रिकॉर्ड' (एओआर) परीक्षा 2026 को निरस्त करते हुए इसे अगले साल के लिए टाल दिया गया है। उच्चतम न्यायालय के परीक्षा सेल ने गुरुवार को यह जानकारी दी।

परीक्षा सेल ने आधिकारिक आदेश जारी करते हुए स्पष्ट किया है कि वर्ष 2026 में एओआर परीक्षा आयोजित नहीं की जाएगी। रजिस्ट्रार और परीक्षा बोर्ड के सचिव द्वारा जारी इस नोटिस में कहा गया है कि वर्तमान में एडवोकेट्स-ऑन-रिकॉर्ड की कुल संख्या और पर्याप्त सामर्थ्य को ध्यान में रखते हुए इस साल परीक्षा न कराने का निर्णय लिया है। प्रशासन का मानना है कि फिलहाल एओआर की संख्या कार्यभार के हिसाब से पर्याप्त है, इसलिए इस प्रक्रिया को अगले वर्ष तक के लिए टाल दिया गया है। अब यह परीक्षा वर्ष 2027 में होने की संभावना है। इस परीक्षा के उम्मीदवारों को अभी परीक्षा की सटीक तिथियों और विस्तृत शेड्यूल के लिए इंतजार करना होगा, क्योंकि इसके बारे में सूचना उचित समय पर अधिसूचित की जाएगी। गौरतलब है कि एडवोकेट-ऑन-रिकॉर्ड का दर्जा एक कठिन परीक्षा उत्तीर्ण करने पर ही मिलता है।

# जब तक गोमांस जब्त न हो, वाहन जब्त करना अवैध और मनमाना

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने उत्तर प्रदेश गोवध निवारण अधिनियम के तहत वाहन सीज करने के मामले में महत्वपूर्ण फैसला सुनाया है। कोर्ट ने कहा कि जब तक वैज्ञानिक रूप से यह साबित न हो जाए कि बरामद मांस वास्तव में गोमांस है, तब तक वाहन को जब्त करना अवैध और मनमाना है।

यह टिप्पणी करते हुए कोर्ट ने वाहन सीज करने के आदेश को रद्द कर दिया। याची को आर्थिक नुकसान की भरपाई के लिए सरकार पर दो लाख रुपये का हर्जाना लगाया है। यह आदेश न्यायमूर्ति संदीप जैन की पीठ ने दिया है। बागपत जिले में 18 अक्टूबर 2024 को पुलिस ने याची के वाहन को इस संदेह में पकड़ा था कि उसमें प्रतिबंधित मांस ले जाया जा रहा है। डीएम ने 16 जून 2025 को वाहन को जब्त करने का आदेश दिया। याची मोहम्मद चांद ने जब्ती आदेश को हाईकोर्ट में चुनौती दी। याची के अधिवक्ता ने दलील दी कि पशु चिकित्सक की रिपोर्ट में मांस के गोमांस होने की कोई निश्चित पुष्टि नहीं की गई थी, बल्कि उसे केवल संदिग्ध बताया गया था। कोर्ट ने कहा कि उत्तर प्रदेश गोवध निवारण अधिनियम के तहत कार्यवाही शुरू करने के लिए अधिकृत प्रयोगशाला की रिपोर्ट अनिवार्य है। इस मामले में प्रयोगशाला की कोई पुख्ता रिपोर्ट उपलब्ध नहीं थी, इसलिए जब्ती की पूरी प्रक्रिया अवैध है।

कोर्ट ने माना कि याचिकाकर्ता का वाहन उसकी आजीविका का एकमात्र स्रोत था। पिछले 18 महीनों से वाहन के अवैध रूप से बंद रहने के कारण उसे आर्थिक क्षति हुई है। कोर्ट ने जिला मजिस्ट्रेट और मंडलायुक्त के आदेशों को रद्द कर दिया। सात दिनों के भीतर याचिकाकर्ता को दो लाख रुपये का हर्जाना देने का आदेश दिया। न्यायालय ने सरकार को यह छूट भी दी है कि वह हर्जाने की राशि संबंधित उत्तरदायी अधिकारियों से वसूल सकती है।



**इलाहाबाद हाईकोर्ट ने यूपी सरकार पर दो लाख का लगाया जुर्माना**

# दिल्ली से देहरादून तक तेज आंधी के साथ बारिश

**नई दिल्ली।** देश में पिछले 24 घंटे के अंदर अलग-अलग मौसम देखने को मिला। पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़, दिल्ली, यूपी, मध्य प्रदेश, राजस्थान और गुजरात में कई जगह पारा 40 से 46 डिग्री सेल्सियस के बीच रहा।

हालांकि, आंधी और हल्की बारिश से कई इलाकों में तापमान 2 से 3 डिग्री तक घट भी गया। उत्तर प्रदेश में आंधी-बारिश से 13 लोगों की मौत हो गई। सुल्तानपुर में सबसे ज्यादा 7 मौतें हुईं। वहीं, बिहार में भी 5 लोगों की मौत हुई है। पटना में आंधी से दीवार गिरने से 2 लोगों की मौत हो गई। कई जिलों में पेड़ गिर गए। दिल्ली में गुरुवार को दोपहर बाद ओले गिरे। वहीं राजस्थान के कई जिलों में लगातार दूसरे दिन बारिश जारी है। कोटा में एक मकान पर बिजली गिरी। इधर उत्तराखंड के देहरादून और मसूरी में भी बारिश के साथ ओले गिरे हैं।

**यूपी व बिहार में आंधी-बारिश से 18 मरे**

### जबलपुर के बरगी डैम में क्रूज डूब, पांच शव निकाले

**जबलपुर।** मध्य प्रदेश के जबलपुर में बरगी डैम पर गुरुवार शाम तेज आंधी और तूफान के बीच पर्यटकों से भरा एक क्रूज हादसे का शिकार हो गया। खमरिया टापू के पास संतुलन बिगड़ने से क्रूज डूब गया। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, इसमें 35 से अधिक लोग सवार थे। पांच लोगों के शव निकाले जा चुके हैं। करीब 15 लोग सुरक्षित बचाए गए हैं, वहीं 18 लोग अब भी लापता हैं। बताया जा रहा है कि पर्यटन विभाग के द्वारा संचालित क्रूज में 35 से अधिक लोग सवार थे।

# सहायक अध्यापकों के लिए सेवा नियमावली को मंजूरी

## कक्षा 1 से 8 तक के चार सौ मदरसों को अब जिला स्तर से मिलेगी मान्यता

शाह टाइम्स ब्यूरो

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की अध्यक्षता में हुई मंत्रिमंडल की बैठक संपन्न हो गई है। बैठक में 18 महत्वपूर्ण प्रस्तावों पर मुहर लगी है। मुख्य रूप से कुंभ मेला में किए जाने वाले स्थायी और अस्थायी कार्यों के लिए कुंभ मेला अधिकारी और गढ़वाल कमिश्नर के वित्तीय पावर दी गई है।

इसके अलावा परिवहन निगम को 250 नई बसों के खरीदने को मंजूरी मिली है। खास बात यह है कि वन दरोगा भर्ती के लिए पहले शैक्षिक अर्हता इंटरमीडिएट थी, लेकिन अब इसे बढ़ाकर स्नातक कर दिया गया है। कक्षा 1 से 8 तक के चार सौ मदरसों को अब जिला स्तर से मान्यता मिलेगी। कक्षा 9 से 12 तक के 52 मदरसों को उत्तराखंड बोर्ड से मान्यता लेनी होगी। इस संबंध में जल्द अध्यादेश लाया जाएगा।

उत्तराखंड मोटरयान संशोधित नियमावली 2026 के तहत वरिष्ठ प्रवर्तन पर्यवेक्षक, प्रवर्तन पर्यवेक्षक और सिपाहियों का वर्दी निर्धारण को मिली मंजूरी। कुंभ मेले में एक करोड़ तक के काम को मेला अधिकारी स्वीकृत कर सकेंगे। उत्तराखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण नियमावली 2026 के संशोधन को मिली मंजूरी। जिला सैनिक कल्याण अधिकारी भी जिला विधिक सेवा प्राधिकरण में पदेन सदस्य के रूप में होंगे। एसिड अटैक विक्टिम को भी शामिल करने का लिया गया निर्णय। उत्तराखंड उप खनिज परिहार नियमावली 2023 में संशोधन को मिली मंजूरी। रॉयल्टी की दर को 7 रुपये प्रति कुंतल को बढ़ाकर 8 रुपये प्रति कुंटल किया गया। वाणिज्य कर विभाग की नियमावली में किए गए संशोधन को मिली मंजूरी। परिवहन विभाग में 250 बसों को खरीदने संबंधित प्रस्ताव को मिली मंजूरी। परिवहन निगम को शासन ने 100 बसें खरीदने की मंजूरी दी थी। जिसे अब बढ़कर 109 कर दिया है। जीएसटी की तरह 28 फीसदी से घटकर 18 फीसदी हो गई है। जिसके चलते ये निर्णय लिया गया है। उत्तराखंड अधीनस्थ वन सेवा नियमावली 2016 में संशोधन किया गया है। वन दरोगा के शैक्षिक अहर्ता को इंटरमीडिएट से बढ़कर स्नातक किया गया है। वन दरोगा की आयु सीमा बढ़ाकर 21 से 35 साल की गई। वन आरक्षी की आयु सीमा 18 से 25 वर्ष की गई। वन विभाग द्वारा वन क्षेत्रों की सीमा पर प्रस्तावित मौन पालन की नीति को मंत्रीमंडल ने स्वीकृति दी है।



**धामी कैबिनेट में 18 प्रस्तावों पर लगी मुहर**

- उत्तराखंड मोटरयान संशोधन नियमावली-2026 को मंजूरी
- कक्षा 9 से 12 तक के 52 मदरसों को उत्तराखंड बोर्ड से लेना होगा एफिलिएशन
- वन दरोगा भर्ती के लिए शैक्षिक अर्हता इंटरमीडिएट से बढ़ाकर की गई स्नातक

# बर्थडे पार्टी हत्याकांड का मुख्य आरोपी जीतू सैनी ढेर

शाह टाइम्स संवाददाता

**खुर्जा (बुलंदशहर)।** उप्र के बुलंदशहर जिले में जन्मदिन पार्टी के दौरान हुए चर्चित तिहरे हत्याकांड के मुख्य आरोपी 50 हजार रुपये के इनामी जीतू सैनी को पुलिस ने मुठभेड़ में मार गिराया है।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह ने बताया कि गुरुवार को ढाकर रोड क्षेत्र में पुलिस टीम और बदमाश के बीच मुठभेड़ हुई। इस दौरान जीतू सैनी पुलिस से घिर गया और दोनों ओर से हुई फायरिंग में वह मारा गया। मुठभेड़ में एसओजी प्रभारी असलम तथा एक अन्य सिपाही घायल हो गए, जिन्हें उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। 25 अप्रैल को खुर्जा नगर के सुभाष रोड स्थित एक जिम में जन्मदिन पार्टी के दौरान विवाद हो गया था। आरोप है कि इसी दौरान जीतू सैनी ने -32 बोर पिस्टल से फायरिंग कर भाजपा नेता के परिवार के तीन सदस्यों आकाश, मनीष और अमनदीप की गोली मारकर हत्या कर दी थी। बताया जाता है कि पार्टी के दौरान केक लगाने को लेकर शुरू हुआ विवाद अचानक हिंसक हो गया और तिहरे हत्याकांड में बदल गया। घटना के बाद से ही आरोपी फरार चल रहा था, जिसकी गिरफ्तारी पर पुलिस ने 50 हजार रुपये का इनाम घोषित किया था।



## संक्षिप्त समाचार

### सोशल मीडिया पर अलगाववादी सामग्री जारी करने पर केस

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर पुलिस ने कुछ लोगों के खिलाफ डिजिटल और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर अलगाववादी विचारधारा को बढ़ावा देने वाले और गलत जानकारी वाले वीडियो जारी करने और उसे फैलाने के आरोप में मामला दर्ज किया है। अधिकारियों ने गुरुवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि बुधवार को साइबर पुलिस स्टेशन श्रीनगर में गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम के साथ-साथ भारतीय न्याय सं. हता की विभिन्न धाराओं तहत यह मामला दर्ज किया गया है। एक पुलिस अधिकारी ने कहा कि यह कार्रवाई तब की गई जब पता चला कि कुछ सोशल मीडिया उपयोगकर्ताओं ने अलगाववादी विचारधारा को बढ़ावा देने के इरादे से वीडियो अपलोड किए और उन्हें फैलाए जो भारत की संप्रभुता और अखंडता के लिए नुकसानदायक थे।

### रुपए में गिरावट जारी, रिकॉर्ड निचले स्तर पर

**मुंबई।** अंतर्राष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल में तेजी और डॉलर की मजबूती से अंतरबैंलकग मुद्रा बाजार में रुपया एक बार फिर 95 डॉलर प्रति बैरल के पार निकलते हुए नए निचले स्तर तक उतर गया। पिछले कारोबारी दिवस पर भारतीय मुद्रा 20 पैसे गिरकर 94.88 रुपए प्रति डॉलर के रिकॉर्ड निचले स्तर पर बंद हुई थी। रुपए पर आज शुरू से ही दबाव रहा। यह 13 पैसे नीचे 95.01 रुपए प्रति डॉलर पर खुला और इसके बाद सीधा फिसलता हुआ 44 पैसे लुढ़ककर फिलहाल 95.32 रुपए प्रति डॉलर पर है। बीच कारोबार में पहली बार रुपया इतना कमजोर हुआ है। इससे पहले 27 मार्च को यह 95.2275 रुपए प्रति डॉलर तक उतरा था। पश्चिम एशिया संकट के कारण कच्चा तेल आज साढ़े छह प्रतिशत चढ़कर 125 डॉलर प्रति बैरल के पार पहुंच गया।

## महाकुंभ भगदड़ पर इलाहाबाद हाईकोर्ट सख्त

### 2025 में हुई भगदड़ मामले में लिया संज्ञान, सुनाया फैसला

शाह टाइम्स ब्यूरो

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने महाकुंभ मेला 2025 की भगदड़ से जुड़े मुआवजे के दावों पर निर्देश जारी किए। कोर्ट ने कहा कि पीड़ितों या उनके आश्रितों द्वारा दायर मुआवजे के दावों पर निर्णय लेने का अधिकार न्यायिक जांच आयोग का नहीं, बल्कि जिला प्रशासन और मेला प्राधिकरण का है। मेलाधिकारी को मुआवजे के दावों पर 30 दिनों के अंदर फैसला करना होगा।

यह आदेश जस्टिस अजीत कुमार और जस्टिस सत्य वीर सिंह की डिविजन बेंच ने संजय कुमार शर्मा की याचिका पर सुनवाई करते हुए दिया है। याचिका में 29 जनवरी 2025 को मौनी अमावस्या के दिन हुई भगदड़ में एक रिश्तेदार की मृत्यु पर



■ आयोग नहीं, जिला प्रशासन करेगा मुआवजे का फैसला, 30 दिन की डेडलाइन


मुआवजे की मांग की गई थी। अदालत ने न्यायिक जांच आयोग के सचिव द्वारा दाखिल हलफनामे का अवलोकन करते हुए कहा कि मुआवजे के दावों का निपटारा आयोग के अधिकार क्षेत्र में नहीं आता। आयोग का कार्य केवल घटना के कारणों की जांच करना भविष्य के लिए सुझाव देना और प्रशासनिक समन्वय की समीक्षा करना है। कोर्ट ने कहा कि राज्य सरकार ने न तो भगदड़ की घटना से इन्कार किया और न ही इस तथ्य से कि कुछ पीड़ितों के परिवारों को पहले ही मुआवजा दिया जा चुका है। कोर्ट ने कहा कि जब राज्य खुद घटना और नुकसान को स्वीकार कर चुका है, तो आयोग द्वारा इस बात की जांच करना आवश्यक नहीं है कि भगदड़ हुई थी या नहीं। मुआवजे की प्रक्रिया को सरल और स्पष्ट बनाने के लिए अदालत ने कुछ दिशा-निर्देश तय किए।

## हज किराए पर बोझ नहीं, राहत दिलाई

नई दिल्ली, वार्ता

हज यात्रा किराए में +100 की वृद्धि पर सरकार ने स्पष्टीकरण दिया है। मध्य पूर्व तनाव और एटीएफ की कीमतों में उछाल के कारण एयरलाइंस +300-400 बढ़ाने की मांग कर रही थीं। सरकार के हस्तक्षेप से यह वृद्धि केवल +100 तक सीमित रही, जिससे हज यात्रियों पर अतिरिक्त बोझ कम पड़ा।

हज यात्रा एक ऐसा सपना है, जिसे पूरा करने के लिए कई परिवार सालों तक पैसे जोड़ते हैं, लेकिन इसी सपने पर इस बार किराए की बढ़ोतरी ने सवाल खड़े कर दिए और अब सरकार को खुद सामने आकर सफाई देनी पड़ी है 10,000 रुपए की बढ़ोतरी पर उठे विवाद के बीच सरकार ने साफ कहा है कि यह कोई अतिरिक्त बोझ नहीं, बल्कि बड़े नुकसान से बचाने की कोशिश है। अल्पसंख्यक मामलों के मंत्रालय के मुताबिक असली कहानी कुछ और है। मिडिल ईस्ट में जारी तनाव के कारण एटीएफ की कीमतों में तेज उछाल आया। इसका सीधा असर एयरफेयर पर पड़ा और एयरलाइंस ने 300 डॉलर से 400 डॉलर प्रति



■ 10 हजार रुपए बढ़ोतरी पर सरकार ने स्पष्ट किया

यात्री तक बढ़ोतरी की मांग रख दी। यहीं से सरकार और हज कमेटी की बातचीत शुरू हुई। सरकार का दावा है कि लंबी बातचीत के बाद इस बढ़ोतरी को घटाकर सिर्फ +100 प्रति यात्री तक सीमित किया गया। यानी हर यात्री के लिए +200 से +300 तक की बचत करवाई गई। केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने भी इस फैसले को लेकर भावनात्मक अपील की। उन्होंने कहा कि हज करोड़ों लोगों के लिए जिंदगी में एक बार पूरा होने वाला सपना है, हमने कोशिश की कि किसी पर ज्यादा बोझ न पड़े।

### ये शोषण है, सर्कुलर वापस ले सरकार: ओवैसी

**नई दिल्ली।** हज जाने वाले यात्रियों के किराए को लेकर एएमआईएम प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी ने सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट शेयर किया है। ओवैसी ने लिखा कि हज कमेटी हज यात्रियों से 'हवाई किराए में अंतर' के नाम पर अतिरिक्त 10,000 की मांग कर रही है। ये तब हो रहा है, जब कुछ महीने पहले ही मुंबई से रवाना होने वाले हर यात्री से 90,844 रुपये वसूले जा चुके हैं। यह आम यात्रियों के लिए मौजूदा दरों से लगभग दोगुना है। ओवैसी ने नोटिस की फोटो भी पोस्ट मे शेयर की।ओवैसी ने कहा कि क्या हज यात्री हज कमेटी के जरिए जाने की सजा भुगत रहे हैं? ये सरासर शोषण है और कुछ नहीं। ज्यादातर हज यात्री अमीर नहीं होते, वे हज पर जाने के लिए सालों तक पैसे जमा करते हैं। उनके लिए यह कोई विलासिता नहीं है। उन्होंने कहा कि इस सर्कुलर को तुरंत वापस लिया जाना चाहिए और हज यात्रियों से वसूले गए पैसे उन्हें वापस किए जाने चाहिए।

### महिला सुरक्षा और आरक्षण पर समाजवादी पार्टी और कांग्रेस को घेरा

## विधानसभा में योगी का विपक्ष पर तीखा हमला

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश विधानसभा में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने समाजवादी पार्टी और कांग्रेस पर जोरदार हमला बोलते हुए महिला सुरक्षा, सम्मान और आरक्षण के मुद्दे पर विपक्ष को कठघरे में खड़ा किया।

मुख्यमंत्री ने 1995 के गेस्ट हाउस कांड का उल्लेख करते हुए कहा कि उस समय प्रदेश की पहली दलित मुख्यमंत्री मायावती के साथ जो हुआ, वह बेहद दुर्भाग्यपूर्ण था। उन्होंने कहा कि भाजपा ने उस समय बसपा नेता का समर्थन किया और दलित बेटी के सम्मान की रक्षा की। उन्होंने यह भी कहा कि भाजपा नेता ब्रह्मदत्त द्विवेदी ने अपनी जान जोखिम में डालकर मायावती को सुरक्षित किया था। मुख्यमंत्री ने वर्ष 2014 के बदायूं कांड का जिक्र करते हुए कहा कि यह मामला अंतर्राष्ट्रीय स्तर तक पहुंचा, लेकिन उस समय की सरकार ने महिलाओं के सम्मान को बढ़ावा देने के बजाय उसे हतोत्साहित किया। उन्होंने 2016 के बुलंदशहर गैंगरेप कांड सहित अन्य घटनाओं का भी उल्लेख किया। कांग्रेस पर निशाना साधते हुए मुख्यमंत्री ने शाह बानो केस का हवाला दिया और कहा कि सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बावजूद कांग्रेस ने दबाव में आकर महिला को न्याय नहीं दिया। उन्होंने कहा कि तीन तलाक के मुद्दे पर भी विपक्ष का रवैया महिला विरोधी रहा है।



■ गेस्ट हाउस कांड में प्रदेश की पहली दलित मुख्यमंत्री मायावती के साथ जो हुआ, वह बेहद दुर्भाग्यपूर्ण था

मुख्यमंत्री ने समाजवादी पार्टी पर आरोप लगाते हुए कहा कि उसके नेताओं के कई बयान महिलाओं के प्रति असंवेदनशील रहे हैं। उन्होंने आजम खान समेत अन्य नेताओं के बयानों का जिक्र करते हुए कहा कि इससे उनकी सोच उजागर होती है। उन्होंने यह भी कहा कि पूजा पाल जैसे उदाहरण बताते हैं कि किस तरह अपराधियों के सामने विपक्ष नतमस्तक रहा। उन्होंने बदायूं, बुलंदशहर, चिनहट और सुल्तानपुर जैसी घटनाओं का जिक्र करते हुए कहा कि इन मामलों ने पूरे देश को झकझोर दिया था। मुख्यमंत्री ने कहा कि महिलाओं, पिछड़ों और दलितों के प्रति विपक्ष की संवे. दनशीलता केवल दिखावटी है।

### महिला आरक्षण पर 'जल्दबाजी' नहीं चलेगी: कांग्रेस

**लखनऊ।** महिला आरक्षण अधिनियम को लेकर बुलाए जा रहे विशेष सत्र पर कांग्रेस ने सरकार की तैयारी और मंशा दोनों पर सवाल उठाए हैं। कांग्रेस विधानमंडल दल की नेता आराधना मिश्रा मोना ने स्पष्ट कहा कि इतने महत्वपूर्ण विषय पर महज पांच घंटे की चर्चा पर्याप्त नहीं हो सकती। उन्होंने मांग की कि विशेष सत्र का समय बढ़ाया जाए, ताकि महिला आरक्षण जैसे संवेदनशील और व्यापक प्रभाव वाले मुद्दे पर सभी पक्ष विस्तार से अपनी बात रख सकें। उनका कहना है कि यह केवल एक विधायी प्रक्रिया नहीं, बल्कि देश की आधी आबादी-नारी शक्ति-के अधिकारों और भागीदारी से जुड़ा विषय है।

## लद्दाख के नए जिलों के गठन से खड़ा हुआ विवाद

**श्रीनगर।** लद्दाख के उप राज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने इस केंद्र शासित प्रदेश में बनाए गए पांच नए जिलों का औपचारिक रूप से उद्घाटन किया, वहीं कारगिल के कई राजनीतिक नेताओं ने इस कदम को सांप्रदायिक और क्षेत्रीय आधार पर क्षेत्र को विभाजित करने का 'सोचा-समझा प्रयास' करार दिया है।

सक्सेना द्वारा जारी अधिसूचना के बाद नुब्रा, शाम, चांगथांग, जांस्कर और द्रास सहित पांच और जिलों को बनाए जाने से लद्दाख में जिलों की संख्या दो से बढ़कर सात हो गई। केडीए के नेता सज्जाद कारगिली ने कहा कि जिलों की कुल संख्या को दो से बढ़ाकर सात करना प्रशासनिक सुधार से अधिक लद्दाख के लोगों के एकजुट लो. कतांत्रिक और राज्य आंदोलन को विभाजित करने के उद्देश्य से उठाया गया एक सुनियोजित कदम प्रतीत होता है।

## शेयर बाजारों में उतार-चढ़ाव के बीच फिर गिरावट

मुंबई, वार्ता

कच्चे तेल में तेजी के बाद आयी नरमी के कारण गुरुवार को घरेलू शेयर बाजारों में काफी उतार-चढ़ाव देखा गया और आईटी तथा फार्मा को छोड़कर अन्य सभी सेक्टरों में बिकवाली हावी रही। गिरावट में खुलने के बाद बीएसई का सेंसेक्स दोपहर से पहले 1,237 अंक टूट गया था। हालांकि बाद में आईटी और फार्मा सेक्टरों में लिवाली से काफी हद तक वापसी करता हुआ पिछले कारोबारी दिवस के मुकाबले 582.86 अंक (0.75 प्रतिशत) नीचे 76,913.50 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स में आज करीब एक हजार अंक का उतार.चढ़ाव देखा गया। यह ऊपर 77,254.33 अंक और नीचे 76,258.86 अंक तक गया। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी-50 सूचकांक भी 180.10 अंक यानी 0.74 प्रतिशत नीचे 23,997.55 अंक पर बंद हुआ। अंतर्राष्ट्रीय



बाजार में कच्चे तेल में आज सुबह तेजी देखी और यह 125 डॉलर प्रति बैरल के पार निकल गया था, जो साल 2022 के बाद पहली बार देखा गया। हालांकि बाद में कच्चा तेल 115 डॉलर से नीचे उतर गया। मझौली और छोटी कंपनियों में भी बिकवाली देखी गई। वृहत बाजार में निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक 0.86 प्रतिशत और स्मॉलकैप-100 सूचकांक 0.98 प्रतिशत फिसल गया।

## सोना और चांदी की कीमतों में बढ़ोतरी

**नई दिल्ली।** सोने-चांदी के दाम में गुरुवार को बढ़त दर्ज की गई। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन (आईबीजेए) के अनुसार 10 ग्राम 24 कैरेट सोना 679 रुपए बढ़कर 1,48,652 रुपए पर पहुंच गया है। इससे पहले इसकी कीमत 1,47,973 रुपए प्रति 10 ग्राम थी। वहीं एक किलो चांदी 582 रुपए बढ़कर 2,36,882 रुपए पर पहुंच गई है। इससे पहले 30 अप्रैल को इसकी कीमत 2,36,300 लाख रुपए प्रति किलो थी। 2026 में सोना अब तक 16 हजार रुपए महंगा हुआ है। 31 दिसंबर 2025 को 10 ग्राम सोना 1.33 लाख रुपए पर था, जो अब 1.48 लाख रुपए पर पहुंच गया है। इस साल चांदी 7 हजार रुपए महंगी हुई है। 31 दिसंबर 2025 को चांदी 2.30 लाख रुपए किलो थी, जो अब बढ़कर 2.37 लाख रुपए पर पहुंच गई है।हमेशा ब्यूरो आफ इंडियन स्टैंडर्ड का हॉलमार्क लगा हुआ सर्टिफाइड गोल्ड ही खरीदें। सोने का सही वजन और खरीदने के दिन उसकी कीमत कई सोर्सेज (जैसे इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन की वेबसाइट) से क्रॉस चेक करें। सोने का भाव 24 कैरेट, 22 कैरेट और 18 कैरेट के हिसाब से अलग-अलग होता है।

## श्रीनगर-कटरा वंदे भारत एक्सप्रेस की विस्तारित सेवा

**जम्मू।** रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने गुरुवार को यहां श्रीनगर-कटरा वंदे भारत एक्सप्रेस की जम्मू तक विस्तारित सेवा को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस मौके पर राज्य के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला, केंद्रीय मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह, स्थानीय प्रतिनिधि और रेलवे के अधिकारी सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे। गौरतलब है कि यह ट्रेन पहले श्रीनगर से श्री माता वैष्णो देवी कटरा तक चलती थी, अब श्रीनगर से जम्मू तवी तक चलेगी। इस तरह से देश की सबसे आधुनिक ट्रेन सीधे जम्मू-कश्मीर के सबसे बड़े शहर और रेलवे केंद्र तक पहुंच जाएगी। इस मौके पर वैष्णव कहा कि इस ट्रेन को पहले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कटरा से हरी झंडी दिखाई थी और यह कटरा से श्रीनगर जाती थी। आज इस ट्रेन की सेवा का विस्तार किया गया है। अब यह ट्रेन जम्मू से श्रीनगर तक बढ़ायी जा रही है। पहले इसमें आठ कोच थे, जिनकी संख्या अब बढ़ाकर 20 कर दी गयी है। वहीं अब्दुल्ला ने कहा कि इस अवसर पर मैं वैष्णव और केंद्र सरकार का आभार व्यक्त करता हूं। आज हमने रेलवे के माध्यम से जम्मू को कश्मीर से जोड़ दिया है। आठ कोचों से बढ़ाकर 20 कोचों वाली यह ट्रेन एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। अब और भी अधिक लोग आसानी से यात्रा कर सकेंगे। डॉ. सिंह ने कहा, ष्जम्मू रेलवे स्टेशन पर नयी 20-कोच वाली वंदे भारत एक्सप्रेस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।


### कार्यालय सहायक अभियन्ता लघु सिंचाई उपखण्ड बागेश्वर।

पत्रांक: 136 / ल0 सिं0/नि0 सू0/2026-27 दिनांक: 27 अप्रैल, 2026

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

उत्तराखण्ड के महामहिम राज्यपाल महोदय की ओर से निम्नलिखित कार्य हेतु मुहरबन्द निविदा वर्गीकृत श्रेणी के पंजीकृत ठेकेदारों से दिनांक 13.05.2026 के अपराहन 2:30 बजे तक आमंत्रित की जाती है जो उसी दिन अपराहन 3:00 बजे सहायक अभियन्ता लघु सिंचाई उपखण्ड, बागेश्वर के कार्यालय में निविदा समिति द्वारा उपस्थित ठेकेदारों अथवा उनके अधिकृत प्रतिनिधियों के सम्मुख खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र दिनांक 08.05.2026 को अपराहन 3:00 बजे तक प्राप्त किये जा सकते हैं। वर्गीकृत श्रेणी के पंजीकृत ठेकेदारों अथवा उनके अधिकृत प्रतिनिधि द्वारा पंजीकरण के प्रमाण पत्रों की सत्य प्रतिलिपि के साथ निविदा प्रपत्र दिनांक 08.05.2026 को सहायक अभियन्ता कार्यालय से प्राप्त किये जा सकते हैं। किसी निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का पूर्ण अधिकार अधोहस्ताक्षरी को सुरक्षित होगा। निविदा क्रय के समय जी0एस0टी0 नम्बर चालू होना, जी0एस0टी0 अदेयता प्रमाण-पत्र दिखाया जाना तथा निविदा क्रय हेतु धरोहर धनराशि दिखाया जाना अनिवार्य है अन्यथा निविदा विक्रय नहीं किया जायेगा।

| क्र0 सं0 | कार्य का विवरण | विकास खण्ड | धरोहर धनराशि ( रू0 में ) | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रू0) | दरों की वैधता | कार्य पूर्ण करने की अवधि | श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | सिंचाई गूल मजबे | बागेश्वर | 12000.00 | 1000+जी0एस0टी0 | 45 दिन | 60 दिन | ई0 एवं उच्च |

निविदा सम्बन्धी अन्य शर्तें कार्यालय में देखी जा सकती हैं।

सहायक अभियन्ता
लघु सिंचाई उपखण्ड, बागेश्वर।



### कार्यालय अधिशासी अभियन्ता
### प्रान्तीय खण्ड, लोक निर्माण विभाग, चम्पावत

E-Mail: eechampawat@rediffmail.com Fax No. 05965-230034 E-Mail: eechampawat@gmail.com

पत्रांक:- 850 /5 ए0सी0 दिनांक:- 30/04/2026

**निविदा-सूची**

महामहिम राज्यपाल उत्तराखण्ड की ओर से अधिशासी अभियन्ता, प्रा0ख0, लोक निर्माण विभाग, चम्पावत द्वारा निम्नलिखित कार्यों की मोहरबंद निविदा दिनांक 19-05-2026 के अपरान्ह 12:00 बजे तक आंमत्रित की जाती है।

निविदा प्रपत्र दिनांक 05-05-2026 से 18-05-2026 तक किसी भी कार्य दिवस (राजकीय अवकाश को छोड़कर) में निम्न कार्यालयों से प्राप्त किये जा सकते है तथा दिनांक 19-05-2026 अपरान्ह: 12:00 बजे तक इन्हीं कार्यालयों में डाले जा सकते हैं।
(1) अधीक्षण अभियन्ता तृतीय वृत्त लो0नि0वि0 पिथौरागढ़।
(2) अधिशासी अभियन्ता प्रा0ख0 लो0नि0वि0 चम्पावत।
(3) अधिशासी अभियन्ता, प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0 चम्पावत।
(4) अधिशासी अभियन्ता, निर्माण खण्ड, लो0नि0वि0 लोहाघाट।

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | धरोहर धनराशि | निविदा प्रपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि | निविदा की वैधता | निविदा दाताओं के पंजीकरण की श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | मानसून अवधि में Opening communication के अन्तर्गत चम्पावत मंच-तामली मोटर मार्ग व उससे सम्बंधित मोटर मार्ग के किमी0 03 से 35 तक एवं उससे संबंधित मोटर मार्गों में जे0सी0बी0 मशीन द्वारा मलुवा सफाई का कार्य। | 20000.00 | 1000.00+18% जी0एस0टी0 | 4 माह | 45 दिन | मार्ग निर्माण कार्य हेतु 'D' एवं उच्चतर श्रेणी में पंजीकृत |
| 2 | मानसून अवधि में Opening communication के अन्तर्गत चम्पावत मंच-तामली मोटर मार्ग व उससे सम्बंधित मोटर मार्ग के किमी0 36 से 52 तक एवं उससे संबंधित मोटर मार्गों में जे0सी0बी0 मशीन द्वारा मलुवा सफाई का कार्य। | 12000.00 | 1000.00+18% जी0एस0टी0 | 4 माह | 45 दिन | |
| 3 | मानसून अवधि में Opening communication के अन्तर्गत चम्पावत खेतीखान मोटर मार्ग व उससे सम्बंधित मोटर मार्गों में जे0सी0बी0 मशीन द्वारा मलुवा सफाई का कार्य। | 20000.00 | 1000.00+18% जी0एस0टी0 | 4 माह | 45 दिन | |
| 4 | मानसून अवधि में Opening communication के अन्तर्गत धूनाघाट से विरगुल तक व उससे सम्बंधित मोटर मार्गों में जे0सी0बी0 मशीन द्वारा मलुवा सफाई का कार्य। | 16000.00 | 1000.00+18% जी0एस0टी0 | 4 माह | 45 दिन | |
| 5 | मानसून अवधि में Opening communication के अन्तर्गत बिरगुल से मीनार तक व उससे सम्बंधित मोटर मार्गों में जे0सी0बी0 मशीन द्वारा मलुवा सफाई का कार्य। | 20000.00 | 1000.00+18% जी0एस0टी0 | 4 माह | 45 दिन | |
| 6 | मानसून अवधि में Opening communication के अन्तर्गत सूखीढाग डाडा मीनार मोटर मार्गों में जे0सी0बी0 मशीन द्वारा मलुवा सफाई का कार्य। | 20000.00 | 1000.00+18% जी0एस0टी0 | 4 माह | 45 दिन | |
| 7 | मानसून अवधि में Opening communication के अन्तर्गत धौन ट्यूरी मोटर मार्ग, बनलेख ललुवापानी एवं उससे संबंधित समस्त मोटर मार्ग में जे0सी0बी0 मशीन द्वारा मलुवा सफाई का कार्य। | 14000.00 | 1000.00+18% जी0एस0टी0 | 4 माह | 45 दिन | |
| 8 | मानसून अवधि में Opening communication के अन्तर्गत चम्पावत के विभिन्न आन्तरिक मोटर मार्गों में एवं उससे संबंधित समस्त मोटर मार्ग में जे0सी0बी0 मशीन द्वारा मलुवा सफाई का कार्य। | 6000.00 | 5000+18% जी0एस0टी0 | 4 माह | 45 दिन | |
| 9 | मानसून अवधि में Opening communication के अन्तर्गत टनकपुर व बनबसा क्षेत्र के अन्तर्गत समस्त मोटर मार्गों में जे0सी0बी0 मशीन द्वारा मलुवा सफाई का कार्य। | 10000.00 | 500.00+18% जी0एस0टी0 | 4 माह | 45 दिन | |
| 10 | मानसून अवधि में Opening communication के अन्तर्गत टनकपुर पूर्णागिरी मोटर मार्ग में जे0सी0बी0 मशीन द्वारा मलुवा सफाई का कार्य। | 48000.00 | 2000.00+18% जी0एस0टी0 | 4 माह | 45 दिन | |
| 11 | मा0मुख्यमंत्री घोषणा संख्या 546/2024 के अन्तर्गत जनपद चम्पावत के विधानसभा क्षेत्र चमपावत के अन्तर्गत लफडा स्यूली बूडाखेत मोटर मार्ग का निर्माण कार्य एवं सुधारीकरण का कार्य। (3 वर्षीय अनुरक्षण का कार्य) | 14000.00 | 1000.00+18% जी0एस0टी0 | 36 माह | 45 दिन | |

निविदा दिनांक 19-05-26 को अपरान्ह 1:00 बजे उपस्थित निविदाताओं अथवा उनके प्रतिनिधि के समक्ष अधिशासी अभियन्ता, प्रा0ख0, लो0नि0वि0 चम्पावत के कार्यालय में गठित समिति द्वारा खोली जायेगी। शासनादेश सं0 2238817/2024/08(200)XXXVII(8) 2023 दिनाँक 10 जुलाई 2024 के अनुपालन में निविदादाता द्वारा निविदा प्रपत्र के साथ निविदा सम्बन्धी अदेय प्रमाण पत्र, आर-1,3-बी, (No Due Certificate) तथा समस्त देय विवरण (Statement) एवं विवरण (return) जमा होने से सम्बन्धी प्रमाण पत्र को निविदा प्रपत्रों के साथ संलग्न किया जाना अनिवार्य होगा, अन्यथा निविदा निरस्त मानी जायेगी, शेष अन्य शर्तें निविदा प्रपत्रों के साथ देखी जा सकेगी। किसी भी निविदा को स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार सक्षम अधिकारी के पास सुरक्षित होगा।

**(इं0 एम0सी0 पलडिया)**
अधिशासी अभियन्ता
प्रा0ख0, लो0नि0वि0 चम्पावत।

# मोटरयान संशोधन नियमावली 2026 को मंजूरी



■ उत्तराखंड कैबिनेट बैठक में लिए गए 18 फैसले ■ कुंभ मेला के लिए कार्यों की स्वीकृति होगी आसान

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** उत्तराखंड कैबिनेट की गुरुवार को हुई अहम बैठक में 18 प्रस्तावों पर मुहर लगी, जिनमें परिवहन, शिक्षा, वन और कुंभ मेला व्यवस्थाओं से जुड़े कई बड़े फैसले शामिल हैं। सरकार ने मोटरयान संशोधन नियमावली 2026 समेत कई नीतिगत बदलावों को मंजूरी दी है।

सचिव मुख्यमंत्री शैलेश बगोली ने कैबिनेट ब्रीफिंग की। बैठक में उत्तराखंड मोटरयान संशोधन नियमावली 2026 को मंजूरी दी गई है। प्रवर्तन अधिकारी भी वर्दी पहनेंगे। वहीं शहरी विकास कुंभ मेला के लिए कार्यों की स्वीकृति आसान होगी। एक करोड़ तक के मेला अधिकारी, 5 करोड़ तक के मंडलायुक्त और बाकी शासन से स्वीकृत होंगे।

## उत्तराखंड मंत्रिमंडल के मुख्य फैसले

- परिवहन विभाग के अन्तर्गत उत्तराखण्ड मोटर यान (संशोधन) नियमावली 2026 को मंत्रीमण्डल को अनुमोदन। मंत्रीमण्डल द्वारा परिवहन विभाग में पूर्व में सृजित पदों के सापेक्ष वर्दी निर्धारण को लेकर अनुमोदन प्रदान किया गया, जिसमें अब पुलिस विभाग के चालकों के अनुसार, प्रवर्तन चालकों का भी वर्दी का निर्धारण किया गया है।
- कुम्भ मेला-2027 को लेकर हरिद्वार में होने वाले स्थाई एवं अस्थाई निर्माण कार्यों की स्वीकृति की प्रक्रिया को सरल बनाने के लिए 01 करोड़ तक के कार्यों को मेलाधिकारी द्वारा तथा 05 करोड़ तक कार्यों को आयुक्त गढ़वाल मंडल द्वारा स्वीकृत किए जाने हेतु मंत्रीमण्डल द्वारा अनुमोदन प्रदान किया गया। 05 करोड़ से अधिक के कार्यों में पूर्व की भांति शासन से स्वीकृति प्राप्त की जायेगी।
- उत्तराखण्ड राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण नियमावली 2026 में संशोधन को कैबिनेट की मंजूरी उत्तराखण्ड राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण नियमावली (संशोधन) 2026 के अन्तर्गत सैनिकों से संबंधित बढ़ते मामलों को देखते हुए अब जिला सैनिक कल्याण अधिकारी भी जिला विधिक सेवा प्राधिकरण में पदेन सदस्य के रूप में नामित होंगे। इसके अतिरिक्त विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा दी जाने वाली नि:शुल्क सेवा के अन्तर्गत ऐसेड अटैक विक्टिंग को भी शामिल करने का मंत्रिमंडल द्वारा दिया गया अनुमोदन।
- औद्योगिक विकास विभाग के अन्तर्गत उत्तराखंड उप खनिज परिहार नियमावली 2023 में संशोधन करते हुए पूर्व में खनिज पर निर्धारित रॉयल्टी की दर ६७ प्रति कुंतल से बढ़ाकर ६८ प्रति क्विंटल किए जाने का निर्णय मंत्रीमण्डल द्वारा लिया गया।
- पूर्व में पारित आबकारी नीति के तहत 6 प्रतिशत वैट की दरों का निर्धारण किया गया था। आबकारी नीति के अनुसार ही वाणिज्य कर विभाग द्वारा अपनी नियमावली में 6 प्रतिशत वैट की दरों के संशोधन हेतु प्रस्ताव रखा गया था, जिस पर मंत्रीमण्डल द्वारा अनुमोदन प्रदान किया।
- परिवहन विभाग द्वारा 250 बस क्रय करने के प्रस्ताव पर मंत्रिमंडल द्वारा दी गई अनुमति। परिवहन विभाग को पूर्व में शासन द्वारा 100 बस खरीदने की अनुमति दी गई थी। वर्तमान समय में जीएसटी के रेट 28 प्रतिशत से घटकर 18 प्रतिशत होने के चलते अब परिवहन विभाग को 100 की जगह 109 बस क्रय करने की अनुमति मंत्रीमण्डल द्वारा दी गई।
- वन विभाग के अन्तर्गत उत्तराखंड अधीनस्थ वन सेवा नियमावली, 2016 के संशोधन को कैबिनेट की मंजूरी।
- कार्मिक विभाग के अन्तर्गत विभिन्न विभागों में एकल संवर्ग में एक वर्ष के भीतर प्रतीक्षा सूची प्राप्त हो गई है तो उसके अनुसार आगे की कार्रवाई की जाए और भविष्य हेतु एक स्पष्ट एसओपी बना ली जाए, ताकि सभी विभागों और आयोगों को इसके संबंध स्पष्टता सुनिश्चित हो सके, जिस पर मंत्रीमण्डल द्वारा अनुमोदन प्रदान किया।
- जिसके क्रम में भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय द्वारा 2022 में माध्यमिक स्तर के लिए विशेष शिक्षा शिक्षकों की शैक्षिक अर्हताएं तय की गई थी, उसी के अनुसार विशेष शिक्षा शिक्षक के पदों पर भर्ती के लिए उत्तराखंड विशेष शिक्षा शिक्षक नियमावली में शैक्षिक योग्यताएं रखी गई है, जिस पर मंत्रिमंडल द्वारा अनुमोदन दिया गया।
- उत्तराखण्ड संस्कृत शिक्षा शैक्षिक संवर्ग सेवा नियमावली, 2026 के प्रख्यापन को कैबिनेट की मंजूरी।
- लोक निर्माण विभाग के अन्तर्गत 2023 में 2010 पदों पर जेई की भर्ती हुई थी, जिसमें दिव्यांग श्रेणी के 07 पदों पर भर्ती की जानी थी, परंतु उस समय उस कैटेगरी के लोग नहीं मिल पाने की वजह से सामान्य श्रेणी से उनकी भर्ती की गई।
- पूर्व में 01 जनवरी, 2026 को मंत्रिमंडल का निर्णयनुसार पेंशन हेतु अर्हकारी सेवा और विधिमान्य अधिनियम के संबंध में 16 जनवरी, 2026 को वर्कचार्ज कर्मियों को पेंशन दिये जाने एवं उनकी सेवा की गणना के संबंध में शासनादेश निर्गत किये गये थे। इसके उपरांत कई कार्मिक द्वारा मा. उच्च न्यायालय में गए थे।
- उत्तराखंड अधिप्राप्ति नियमावली, 2025 के अंतर्गत सूचीबद्ध 'डी' श्रेणी के ठेकेदारों हेतु निविदा सीमा को 01 करोड़ से बढ़ाकर डेढ़ करोड़ किये जाने के प्रस्ताव को मंत्रिमंडल द्वारा अनुमति दी गई।
- उच्च शिक्षा विभाग द्वारा वर्तमान में 21 अशासकीय अनुदानित महाविद्यालयों है, जहां नियमित प्राचार्य है, ऐसे महाविद्यालयों में भी मुख्यमंत्री उच्च शिक्षा शोध प्रोत्साहन योजना को लागू करने के प्रस्ताव को मंत्रिमंडल द्वारा अनुमति दी गई।
- प्रदेश में लोगों की आर्थिकी में वृद्धि करने, स्वरोजगार को बढ़ावा देने एवं मानव और हाथी संघर्ष को कम करने तथा वन क्षेत्रों की सीमा में मौनपालन की सम्भावना को देखते हुए उत्तराखंड वन सीमांत मौनपालन मधुमक्खी आधारित आजीविका एवं मानव हाथी संघर्ष न्यूनीकरण नीति को मंत्रीमण्डल द्वारा अनुमति दी गई। राज्य का 70 प्रतिशत भूभाग वन अच्छादित है, जिससे वन क्षेत्रों की सीमा में मौनपालन की सम्भावना अत्याधिक है।

# धामी कैबिनेट से प्रदेश के 400 मदरसों को बड़ी राहत

■ एफिलिएशन में किए बदलाव, अब कक्षा एक से 8 तक की कक्षाएं संचालित होने वाले मदरसों को जिला स्तरीय शिक्षा समिति से ही मिल जाएगी मान्यता ■ उत्तराखंड में अब सिर्फ 52 मदरसों को ही शिक्षा परिषद से लेनी होगी संबद्धता

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** उत्तराखंड सरकार ने प्रदेश में संचालित 452 मदरसों में से 400 मदरसों को बड़ी राहत देने का निर्णय लिया है. जिसके तहत अब कक्षा एक से 8 तक की कक्षाएं संचालित होने वाले मदरसों को जिला स्तरीय शिक्षा समिति से ही मान्यता मिल जाएगी। इस व्यवस्था को लागू करने के लिए अल्पसंख्यक कल्याण विभाग की ओर से प्रस्ताव तैयार कर कैबिनेट के सम्मुख रखा गया था. जिसे धामी कैबिनेट ने मंजूरी दे दी है।

अल्पसंख्यक कल्याण विभाग के तहत अक्टूबर 2025 में उत्तराखंड अल्पसंख्यक शिक्षा अधिनियम-2025 को अधिसूचित किया गया था. जिसमें अल्पसंख्यक समुदाय की ओर से स्थापित शैक्षणिक संस्थानों की मान्यता एवं संस्थानों की शैक्षिक उत्कृष्टता को सुविधाजनक बनाने और बढ़ावा देने के साथ ही अन्य कार्यों की व्यवस्था इस अधिनियम में की गई थी।

इस व्यवस्था के तहत कक्षा 1 से कक्षा 12 तक संचालित अल्पसंख्यक संस्थाओं को विद्यालयी शिक्षा परिषद, रामनगर से संबद्धता लेने का प्रावधान किया गया है।वर्तमान समय में उत्तराखंड में 452 पंजीकृत मदरसे हैं. जिनमें करीब 400 से अधिक मदरसों में कक्षा 1 से कक्षा 8 तक की ही पढ़ाई कराई जाती है।ऐसे में इन मदरसों के अनुरोध और उनकी सुविधा को देखते हुए कक्षा 1 से कक्षा 8 तक का संचालन करने वाले अल्पसंख्यक संस्थाओं की संबद्धता को लेकर बड़ा निर्णय लिया गया है। जिसके तहत, अब जिला स्तरीय शिक्षा समिति या फिर शासन की ओर से तय सक्षम अधिकारी द्वारा निर्धारित किया जाएगा. कक्षा 9 से 12 तक का संचालन करने वाले अल्पसंख्यक संस्थाओं को विद्यालयी शिक्षा परिषद, रामनगर से संबद्धता लेना अनिवार्य होगा।अल्पसंख्यक कल्याण विभाग के विशेष सचिव डॉ. पराग मधुकर धकाते ने कहा अल्पसंख्यक शिक्षा अधिनियम में ये प्रावधान किया गया है कि जिन मदरसों में कक्षा एक से कक्षा 12 तक की कक्षाएं संचालित हो रही है उन मदरसों को विद्यालयी शिक्षा परिषद, रामनगर से संबद्धता लेनी होगी। ऐसे में उत्तराखंड राज्य में रजिस्टर्ड 452 मदरसों में से 52 मदरसे ऐसे हैं जिनमें कक्षा 12 तक की कक्षाएं संचालित हो रही हैं।

इन मदरसों को शिक्षा परिषद से मान्यता लेनी होगी। बाकी बचे 400 मदरसों को जिला स्तरीय शिक्षा समिति से मान्यता लेनी होगी। ऐसे में इसके संशोधन को कैबिनेट ने अल्पसंख्यक शिक्षा अधिनियम में संशोधन के लिए अध्यादेश लाने को मंजूरी दे दी है।अल्पसंख्यक शिक्षा प्राधिकरण एक अंब्रेला प्राधिकरण है। जिसमें सभी 6 अल्पसंख्यकों के शिक्षा संस्थानों को मान्यता अल्पसंख्यक शिक्षा प्राधिकरण ही देगा, उसका एक प्रावधान ये भी था कि मदरसों समेत अन्य अल्पसंख्यक शैक्षिक संस्थानों को शिक्षा परिषद से मान्यता लेनी होगी।ये सुविधा कक्षा एक से कक्षा 8 तक संचालित होने वाले मदरसों के लिए है। ऐसे में जैसे ही आवेदन प्राप्त होंगे उसका निस्तारण भी तत्काल प्रभाव से कर दिया जाएगा।

# यात्रा के शानदार आगाज व इंतजामों पर विपक्षी आरोप राजनैतिक: भाजपा

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** भाजपा ने चार धाम यात्रा के सुव्यवस्थित, सुरक्षित और शानदार तरीके से आगे बढ़ने पर संतुष्टि जताई है। प्रदेश अध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद ने यात्रा प्रबंधन और श्रृद्धालुओं की सुरक्षा के लिए धामी सरकार द्वारा किए इंतजामों को प्रयाप्त बताते हुए, आने वाले दिनों यात्रा पीक के लिए भी देवभूमि के तैयार होने का दावा किया है। उन्होंने यात्री संख्याओं और व्यवस्थाओं पर विपक्ष आरोपों को हताशा बताते हुए कहा, उनके लिए प्रदेश हित से अधिक महत्वपूर्ण 27 की चुनावी राजनीति है। जबकि हमारी सरकार और संगठन की प्राथमिकता है जनसहयोग से सुरक्षित और सफल यात्रा का संचालन। उन्होंने मीडिया द्वारा पूछे सवालों का जनाब देते हुए कहा कि देवभूमि में विश्व प्रसिद्ध चारधाम यात्रा इस वर्ष भी अत्यंत सुव्यवस्थित, सुरक्षित और शानदार तरीके से आगे बढ़ रही है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में राज्य सरकार ने यात्रियों की सुविधा और सुरक्षा के लिए जो अभूतपूर्व इंतजाम किए हैं, उसका परिणाम है कि इस वर्ष श्रद्धालुओं की संख्या शुरुआत से ही लगातार रिकॉर्ड तोड़ रही है। सरकार का यात्रा प्रबंधन पूरी तरह पर्याप्त और चाक-चौबंद है। स्वास्थ्य सेवाओं से लेकर सड़क सुरक्षा और रहने-खाने की व्यवस्था तक, हर स्तर पर समुि. चत इंतजाम किए गए हैं। हमारी सरकार और संपूर्ण देवभूमि अपने श्देवतुल्य मेहमानोंश और प्रभु भक्तों के स्वागत एवं आवभगत के लिए पूरी तरह सजगता और कटिबद्धता से कार्य कर रही है।वहीं उन्होंने यात्रा को लेकर कांग्रेस और अन्य विपक्ष की भूमिका पर गहरा अफसोस व्यक्त करते हुए कहा कि अपनी पुरानी कार्यशैली के अनुरूप इस बार भी यात्रा को लेकर भ्रम और झूठ फैलाने की रणनीति पर काम कर रहे हैं। विपक्ष को इस बात से कोई सरोकार नहीं है कि उनके झूठे प्रचार से देवभूमि की छवि खराब हो सकती है, जिसका नकारात्मक प्रभाव यात्रा पर पड़ सकता है।



■ यात्रा पीक सीजन को अभूतपूर्व बनाने के लिए देवभूमि तैयार: भट्ट

# चारधाम मॉनिटरिंग मॉडल हिमाचल में भी होगा लागू

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** हिमाचल प्रदेश के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन मंत्री जगत सिंह नेगी ने गुरुवार को उत्तराखण्ड राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (यूएसडीएमए) का दौरा कर आपदा प्रबंधन के क्षेत्र में किए जा रहे कार्यों की विस्तृत जानकारी प्राप्त की। इस दौरान उन्होंने दोनों राज्यों के बीच आपसी समन्वय एवं सहयोग को और मजबूत करने पर बल दिया।

उन्होंने कहा कि उत्तराखण्ड और हिमाचल प्रदेश भौगोलिक दृष्टि से समान प्रकृति वाले पर्वतीय एवं संवेदनशील राज्य हैं, जहां भूस्खलन, अतिवृष्टि एवं अन्य प्राकृतिक आपदाओं की चुनौतियां भी लगभग समान हैं। ऐसे में दोनों राज्यों के बीच समन्वित रणनीति अपनाकर प्रभावी आपदा प्रबंधन सुनिश्चित किया जा सकता है।

इस दौरान मंत्री ने यूएसडीएमए द्वारा संचालित चारधाम यात्रा की मॉनिटरिंग एवं प्रबंधन प्रणाली का अवलोकन किया। उन्होंने राज्य आपातकालीन परिचालन केंद्र (एसईओसी) के माध्यम से केदारनाथ यात्रा की लाइव मॉनिटरिंग, रियल-टाइम अलर्ट सिस्टम, भीड़ प्रबंधन, मौसम एवं मार्ग की सतत निगरानी तथा विभिन्न एजेंसियों के बीच त्वरित समन्वय की व्यवस्था को सराहा। उन्होंने कहा कि उत्तराखण्ड का यह तकनीक-आधारित मॉडल अत्यंत प्रभावी है, जिसे हिमाचल प्रदेश में भी लागू किया जाएगा। उन्होंने बताया कि कैलाश मणिमहेश, किन्नर कैलाश एवं श्रीखंड महादेव जैसी यात्राओं के दौरान इस प्रकार की प्रणाली से श्रद्धालुओं की सुरक्षा, सुचारु आवागमन एवं त्वरित आपदा प्रतिक्रिया सुनिश्चित की जा सकेगी।

इस अवसर पर सचिव, आपदा प्रबंधन एवं पुनर्वास श्री विनोद कुमार सुमन ने यूएसडीएमए की गतिविधियों एवं नवाचारों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि प्राधिकरण द्वारा तकनीकी नवाचारों एवं सुदृढ़ तंत्र के माध्यम से आपदा प्रबंधन व्यवस्था को लगातार मजबूत किया जा रहा है।

मंत्री ने तहसील स्तर पर गठित की जा रही क्विक रिस्पांस टीम (क्यूआरटी) की सराहना करते हुए इसे आपदा प्रबंधन की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण पहल बताया। उन्होंने कहा कि ये टीमें आपदा के प्रारंभिक चरण में त्वरित राहत एवं सहायता उपलब्ध कराने में अहम भूमिका निभाएंगी। उन्होंने यूएसडीएमए द्वारा विकसित 'भूदेव' एप एवं मानक संचालन प्रक्रियाओं (एसओपी) की भी सराहना की तथा भूस्खलन प्रबंधन के क्षेत्र में दोनों राज्यों के बीच संयुक्त प्रयासों पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि सीमावर्ती क्षेत्रों में 'भूदेव' एप का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाएगा, जिससे आपदा संबंधी सूचनाओं का त्वरित आदान-प्रदान सुनिश्चित हो सके।

इस अवसर पर यूप्रिपेयर के परियोजना निदेशक आनंद स्वरूप, अपर मुख्य कार्यकारी अधिकारी प्रशासन महावीर सिंह चौहान, अपर मुख्य कार्यकारी अधिकारी डीआईजी राजकुमार नेगी, अपर सचिव हिमाचल प्रदेश निशांत ठाकुर, संयुक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी मो. ओबैदुल्लाह अंसारी, यूएलएमएमसी के निदेशक डॉ. शांतनु सरकार, एसके बिरला आदि उपस्थित रहे।



■ यूएसडीएमए की तकनीक-आधारित व्यवस्था से प्रभावित हिमाचल साझा करेगा आपदा प्रबंधन रणनीति ■ चारधाम यात्रा मॉनिटरिंग ने जीता हिमाचल का भरोसा, बढ़ेगा अंतर्राज्यीय समन्वय

## मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों को दी बुद्ध पूर्णिमा की शुभकामनाएं

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बुद्ध पूर्णिमा के पावन अवसर पर सभी प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं दी हैं। बुद्ध पूर्णिमा की पूर्व संध्या पर जारी संदेश में मुख्यमंत्री ने कहा कि महात्मा बुद्ध का अहिंसा, करुणा और शान्ति का संदेश सम्पूर्ण मानवता के लिए अमूल्य निधि है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि महात्मा बुद्ध की शिक्षा हमें जीवन में नैतिक मूल्यों और अपने कर्तव्यों के प्रति जागरूक रहने के लिए प्रेरित करती है। महात्मा बुद्ध ने विश्व कल्याण के लिए मैत्री भावना तथा बिना किसी भेदभाव के संगठित रहने पर बल दिया। मानव मात्र के लिए उनके संदेश सदैव ही प्रासंगिक बने रहेंगे।

# शिक्षा विभाग में अनुरोध के आधार पर होंगे स्थानांतरण: डॉ. रावत

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** विद्यालयी शिक्षा विभाग में अनुरोध की श्रेणी में आने वाले पात्र शिक्षकों के स्थानांतरण किये जायेंगे। जिसके लिये विभागीय अधिकारियों को नियत समय पर जनपदों से प्रस्ताव मांगने को कहा गया है। विद्यालयों में तैनात एकल शिक्षक के अवकाश की अवधि में निकटतम विद्यालय से दूसरे शिक्षक की वैकल्पिक व्यवस्था करने के भी निर्देश दिये गये हैं ताकि संबंधित विद्यालय में पठन-पाठन सुचारू रूप से चलाया जा सके। इसके अलावा शिक्षण संस्थानों के आस-पास 150 मीटर के दायरे में संचालित शराब की दुकानों एवं पान, बीड़ी-सिगरेट, तम्बाकू आदि की दुकानों को हटाया जायेगा। इसके लिये सभी जनपदों से रिपोर्ट तलब की गई है।

सूबे के शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने आज माध्यमिक शिक्षा निद.शालय में विभागीय समीक्षा बैठक ली।

जिसमें में उन्होंने वर्तमान स्थानांतरण सत्र में अनुरोध की श्रेणियों में आने वाले शिक्षकों से प्रस्ताव आमंत्रित कर कार्रवाई के निर्देश दिये। इसके लिये सभी जनपदों के शिक्षा अधिकारियों को नियत समयावधि में प्रस्ताव मांगने को कहा गया है। प्रदेशभर के एकल शिक्षक वाले विद्यालयों में पठन-पाठन को सुचारू रखने की जिम्मेदारी खण्ड शिक्षा अधिकारियों की होगी, इसके लिये एकल शिक्षक के अवकाश पर जाने की दशा में निकटतम विद्यालयों वैकल्पिक व्यवस्था करने के निर्देश दिये गये हैं। इसमें लापरवाही बरतने पर संबंधित खण्ड/ उप खण्ड शिक्षा अधिकारी पर कार्रवाई की जायेगी। इसके अलावा बिना अवकाश स्वीकृत के अनुपस्थित रहने वाले शिक्षकों, बायोमैट्रिक उपस्थिति न लगाने वाले कार्मिकों, शराब के नशे पाये जाने तथा छात्राओं से छेड़छाड़ करने वाले शिक्षकों को तत्काल प्रभाव से निलंबित करने के निर्देश खण्ड एवं जिले के अधिकारियों को दे दिये गये हैं।

विभागीय मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने कहा कि शासन ने किसी भी श्रेणी के शिक्षण संस्थानों के आस-पास 150 मीटर के दायरे में मंदिरा दुकान, पान-गुटका, सिगरेट, तम्बाकू आदि की बिक्री पर रोक लाने के दृष्टिगत सभी जनपदों के मुख्य शिक्षा अधिकारियों से रिपोर्ट मांगी गई ताकि ऐसी दुकानों को हटाने की कार्रवाई अमल में लाई जा सके।

बैठक में सचिव विद्यालयी शिक्षा रविनाथ रमन, प्रभारी निदेशक माध्यमिक डॉ. मुकुल कुमार सती, अपर निदेशक के.एस. रावत, परमेन्द्र कुमार, वित्त नियंत्रक विरेन्द्र कुमार, सहित देहरादून, हरिद्वार, नैनीताल एवं चम्पावत जनपद के मुख्य शिक्षा अधिकारी एवं जिला शिक्षा अधिकारी बेसिक सहित अन्य विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।



■ विभागीय अधिकारियों को दिए जिलों से शीघ्र प्रस्ताव मांगने के निर्देश ■ कहा, एकल शिक्षक के अवकाश की अवधि में हो वैकल्पिक व्यवस्था

### सेवानिवृत्ति पर प्रभारी निदेशक बेसिक को दी भावपूर्ण विदाई

प्रभारी निदेशक बेसिक शिक्षा, संस्कृत शिक्षा एवं अपर निदेशक माध्यमिक एवं बेसिक शिक्षा गढ़वाल मण्डल कंचन देवराडी को अधिवर्षता आयु पूर्ण करने पर विभागीय की ओर से विदाई समारोह का आयोजन कर भावपूर्ण विदाई दी। प्राथमिक शिक्षा निदेशालय में आयोजित विदाई समारोह में विभागीय मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने स्वयं पहुंचकर उन्हें शॉल एवं बुके देकर सम्मानित किया।

# सारा के जल संरक्षण व संवर्धन के कार्यों की धीमी गति पर नाराजगी जताई

■ जल संरक्षण के लिए गठित स्प्रिंग एंड रिवर रिज्युविनेशन अथॉरिटी के कार्यों की समीक्षा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** मुख्य सचिव आनन्द बर्द्धन ने गुरुवार को सचिवालय में जल संरक्षण के लिए गठित स्प्रिंग एंड रिवर रिज्युविनेशन अथॉरिटी (सारा) द्वारा कराए जा रहे कार्यों की समीक्षा की। मुख्य सचिव ने सारा द्वारा जल संरक्षण और संवर्धन की दिशा में कराए जा रहे कार्यों की धीमी गति पर नाराजगी व्यक्त करते हुए कार्यों की सूची तैयार कर उपलब्ध कराए जाने के निर्देश दिए। मुख्य सचिव ने सारा को अगले एक वर्ष की कार्ययोजना तैयार कर प्रस्तुत किए जाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने अगले एक वर्ष में कराए जाने वाले कार्यों की प्राथमिकता निर्धारित करते हुए प्रत्येक कार्य की टाइमलाइन निर्धारित किए जाने के भी निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रदेशभर की सभी नदियों पर एक साथ कार्य करने के बजाय प्राथमिकता के आधार पर चिन्हित नदियों पर कार्य शुरू किया जाए। मुख्य सचिव ने चौकडैम की श्रृंखला तैयार किए जाने की दिशा में भी कार्यों की गति बढ़ाए जाने की बात कही। कहा कि टिहरी जनपद में बनायी गयी चौकडैम की श्रृंखला की तर्ज पर अन्य जनपदों में भी कार्य किया जाए। चेकडैम्स के मेंटेनेंस और डिसिल्टिंग को भी अपनी योजना में शामिल किए जाने पर जोर दिया।


# आईसीएसई बोर्ड के हाईस्कूल व इंटरमीडिएट परिणाम घोषित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** आईसीएसई बोर्ड ने हाईस्कूल और इंटरमीडिएट परीक्षा परिणाम घोषित कर दिए हैं। परिणाम आते ही छात्रों और अभिभावकों में खुशी की लहर दौड़ गई। शहर के सेंट जॉन्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल के छात्रों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए स्कूल का नाम रोशन किया।

इंटरमीडिएट विज्ञान वर्ग में छात्र चेतन ने 85 प्रतिशत अंक प्राप्त कर स्कूल टॉप किया। वहीं हाईस्कूल परीक्षा में शुभेंद्र प्रताप यादव ने 89 प्रतिशत सर्वाधिक अंक हासिल कर पहला स्थान प्राप्त किया। स्कूल के प्रधानाचार्य केनेथ सैमुअल ने मेधावी छात्रों की इस उपलब्धि पर गर्व जताया है।

प्रधानाचार्य ने कहा कि यह सफलता छात्रों की मेहनत, शिक्षकों के मार्गदर्शन और अभिभावकों के सहयोग का परिणाम है। उन्होंने अन्य छात्रों को भी इनसे प्रेरणा लेने की बात कही। परिणाम घोषित होते ही स्कूल परिसर में जश्न का माहौल रहा। सहपाठियों और शिक्षकों ने टॉपर्स को मिठाई खिलाकर बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।




■ रुड़की के सेंट जॉन्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल के चेतन और शुभेंद्र ने लहराया परचम

# स्वच्छता ही सेवा: केदारनाथ में एक सप्ताह में जमा किया एक हजार किलो प्लास्टिक वेस्ट

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** केदारनाथ धाम में उमड़ती तीर्थयात्रियों की भीड़ के बीच, नगर पंचायत केदारनाथ ने धाम को प्लास्टिक वेस्ट से मुक्त रखने की दिशा में महत्वपूर्ण सफलता हासिल की है। यात्रा के पहले एक सप्ताह में ही पालिका ने करीब एक हजार किलो प्लास्टिक वेस्ट एकत्रित करते हुए, कॉम्पेक्ट कर लिया है। पालिका गीले कचरे के निस्तारण के लिए भी पक्के पिट बनाने जा रही है।

ग्यारहवें ज्योर्तिलिंग श्री केदारनाथ धाम के कपाट बुधवार, 22 अप्रैल को खोले गए थे। यात्रा के पहले ही दिन से धाम में तीर्थयात्रियों की रिकॉर्ड भीड़ उमड़ रही है, इस कारण धाम में भारी मात्रा में प्लास्टिक वेस्ट पहुंच रहा है, जिसका मुख्य कारण पानी की बोतलें हैं। हालांकि नगर पंचायत केदारनाथ इस स्थिति से निपटने के लिए पहले से ही तैयार थी। इसके लिए नगर पंचायत की ओर से धाम में 3 हजार वर्गफिट क्षेत्र में मटीरियल रिकवरी फैसीलिटी स्थापित की गई है।

जहां धाम में एकत्रित होने वाले प्लास्टिक वेस्ट और अन्य ठोस कचरे को जमा कर, 15 अलग-अलग श्रेणियों में छांटा जा रहा है। इसमें मुख्य रूप से प्लास्टिक वेस्ट, कांच और टिन, कपड़े जैसा कचरा शामिल होता है। यही पर नगर पंचायत की ओर से कॉम्पेक्टर मशीन भी लगाई गई है, जो बोतल आदि प्लास्टिक वेस्ट को पिचक.ाकर, 30 से 40 किलो की गठरी के तौर पर तैयार कर देती है। नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी नीरज कुकरेती ने बताया कि इस तरह पहले एक हफ्ते ही करीब एक हजार किलो प्लास्टिक वेस्ट एकत्रित किया जा चुका है, जिसे अब बेचा जाएगा, इससे नगर पंचायत को राजस्व की भी प्राप्ति होगी। उन्होंने बताया कि कांच, टिन सहित दूसरे वेस्ट को भी मौके पर ही जमा किया जा रहा है, बाद में इसे भी सोनप्रयाग लाकर कबाड़ के तौर पर बेचा जाएगा।

नगर पंचायत की ओर से धाम में दो शिफ्ट में सुबह शाम सफाई कराई जा रही है। इसके लिए 55 सफाई कर्मी नियुक्त किए गए हैं, जबकि यात्रा मार्ग पर दूसरी संस्था द्वारा सफाई कराई जा रही है। इस कारण धाम में स्वच्छता बनी हुई है।



■ ग्रीन चारधाम यात्रा के लिए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की पहल रंग लाई ■ एकत्रित कचरे को 15 श्रेणियों में बांटा गया, एकत्रित कचरे से होगी नगर पंचायत की कमाई




उत्तराखंड देवभूमि के साथ ही अपने नाजुक पारिस्थितिक तंत्र के लिए जाना जाता है। इसलिए यहां आने वाले प्रत्येक तीर्थयात्री से हमारी विनम्र अपील है कि वो प्लास्टिक वेस्ट या अन्य तरह का कचरा इधर- उधर न डालें। उत्तराखंड सरकार, तीर्थ स्थलों के साथ ही यहां की पवित्र नदियों और पर्वतराज हिमालय के पर्यावरण संरक्षण के लिए हर संभव प्रयास कर रही है। धामों के साथ ही यात्रा मार्ग पर नगर पालिकाओं और ग्राम पंचायतों के माध्यम से लगातार सफाई कराई जा रही है।

**पुष्कर सिंह धामी, मुख्यमंत्री उत्तराखंड**

### प्रधानमंत्री कर चुके हैं अपील

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी उत्तराखंड आने वाले तीर्थ यात्रियों से सिंगल यूज प्लास्टिक कचरा न फैलाने की अपील कर चुके हैं। इसी माह दिल्ली - देहरादून एक्सप्रेस वे लोकार्पण के लिए देहरादून पहुंचे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उत्तराखंड आने वाले तीर्थयात्रियों और पर्यटकों से की गई अपनी पांच अपील में, पर्यावरण संरक्षण के साथ ही सिंगल यूज प्लास्टिक का इस्तेमाल नहीं करने को भी शामिल किया है।

# उत्तराखंड को 150 मेगावाट अतिरिक्त बिजली आवंटित



**देहरादून।** उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के अनुरोध पर भारत सरकार के विद्युत मंत्रालय ने राज्य को बड़ी राहत देते हुए अतिरिक्त बिजली आवंटित करने का निर्णय लिया है।

विद्युत मंत्रालय द्वारा पश्चिमी क्षेत्र के अनआवंटित बिजली पूल से उत्तराखंड को 150 मेगावाट अतिरिक्त बिजली उपलब्ध कराई जाएगी। यह आवंटन 01 मई 2026 से 30 जून 2026 तक प्रभावी रहेगा। इस फैसले से राज्य में बढ़ती बिजली मांग को पूरा करने में मदद मिलेगी और आम उपभोक्ताओं को बेहतर विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित होगी।

# पलायन रोकथाम योजना के तहत कार्ययोजना तयः डीएम

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**अल्मोड़ा।** जनपद में मुख्यमंत्री पलायन रोकथाम योजना (एमपीआरवाई) के अंतर्गत पलायन प्रभावित गांवों में आजीविका सृजन एवं आधारभूत सुविधाओं के विकास को प्रभावी कार्य किए जा रहे हैं। इसके लिए वित्तीय वर्ष 2026-27 की कार्ययोजना तैयार कर ली गई है। योजना के तहत वर्ष 2022-23 से 2025-26 तक 7.27 करोड़ रुपये खर्च किए जा चुके हैं। परियोजना निदेशक डीआरडीए के एन तिवारी ने बताया कि वर्ष 2020-21 से संचालित इस योजना के अंतर्गत राज्य पलायन निवारण आयोग द्वारा जनपद के आठ विकासखण्डों के 78 राजस्व ग्रामों को चिन्हित किया गया है। जिला प्रशासन द्वारा इन ग्रामों में



विशेष विकास कार्य कराए जा रहे हैं। योजना का मुख्य उद्देश्य ग्रामीणों को उनके गांव में ही रोजगार के अवसर उपलब्ध कराकर पलायन की प्रवृत्ति को कम करना है। उन्होंने कहा कि योजना के तहत स्थानीय संसाधनों पर आधारित स्वरोजगार को बढ़ावा दिया जा रहा है। योजना के तहत वित्तीय वर्ष 2022-23 से वित्तीय वर्ष 2025-26 तक राज्य सरकार द्वारा जनपद को पलायन प्रभावित क्षेत्रों में विकास एवं आजीविका संवर्धन कार्यों को कुल 862 लाख रुपए प्राप्त हुए तथा 117 कार्यों का लक्ष्य रखा गया था। वर्तमान तक 7.27 करोड़ रुपए का व्यय किया जा चुका है, जिसमें 111 कार्य पूर्ण किए गए है। सीडीओ रामजी शरण शर्मा ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए 19 योजनाएं प्रस्तावित की गई हैं, जिनके लिए 1.93 करोड़ रुपये की धनराशि निर्धारित की गई है। योजना के अंतर्गत पॉलीहाउस एवं मशरूम उत्पादन, बकरी एवं मुर्गी पालन, डेयरी विकास, आजीविका केंद्रों की स्थापना, फूड प्रोसेसिंग यूनिट, सौर लाइट, सिंचाई सुविधाओं का विस्तार, खेल मैदान निर्माण, पुस्तकालय स्थापना, ईको पार्क, जैविक खेती, सब्जी क्लस्टर विकास एवं जड़ी-बूटी संवर्धन जैसे कार्य किए जा रहे हैं। इसके अतिरिक्त विद्यालयों में अतिरिक्त कक्ष निर्माण, पेयजल व्यवस्था सुदृढ़ीकरण एवं अन्य आधारभूत सुविधाओं के विकास पर भी विशेष ध्यान दिया जा रहा है। जिलाधिकारी अंशुल सिंह ने कहा कि योजना के प्रभावी क्रियान्वयन से ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार के अवसर बढ़ाना जिला प्रशासन प्रतिबद्ध है। जिससे पलायन पर अंकुश लगाने में मदद मिल रही है। संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी कार्यों को गुणवत्ता के साथ समयबद्ध तरीके से पूर्ण करना सुनिश्चित करें, ताकि अधिक से अधिक लोगों को इसका लाभ मिल सके।

# ठेके पर घिरी नगर पालिका कालाढूंगी, वित्तीय आरोप

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**कालाढूंगी।** नगर पालिका एक बार फिर विवादों में आ गई है। इस बार मामला पार्किंग ठेके में कथित वित्तीय अनियमितताओं से जुड़ा है। जानकारी के अनुसार, इस वर्ष पार्किंग का ठेका 7 लाख 55 हजार रुपये में दिया गया है, जबकि पिछले वर्ष यही ठेका 17 लाख 50 हजार रुपये में आवंटित हुआ था।

करीब 10 लाख रुपये कम में ठेका दिए जाने पर सवाल उठने लगे हैं। बताया जा रहा है कि हर वर्ष पार्किंग ठेके की राशि में लगभग 10 प्रतिशत की वृद्धि की जाती है, लेकिन इस बार इसके विपरीत कम राशि में ठेका आवंटित किया गया। इससे सरकार को राजस्व हानि होने की आशंका जताई जा रही है। आरोप यह भी है कि एक विशेष ठेकेदार को लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से यह निर्णय लिया गया। वहीं, नगर पालिका कालाढूंगी के अधिशासी अधिकारी अभिनव कुमार ने इन आरोपों को खारिज करते हुए बताया कि चार बार टेंडर प्रक्रिया आयोजित की गई, लेकिन कोई भी ठेकेदार सामने नहीं आया। पांचवीं बार टेंडर जारी होने पर पांच निविदाएं प्राप्त हुईं, जिसके आधार पर नियमानुसार ठेका आवंटित किया गया। मामले में पूर्व ठेकेदार अशरफ अली ने गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि टेंडर प्रक्रिया में धांधली हुई है। उनका दावा है कि एक बकायेदार ठेकेदार को लाभ पहुंचाने के लिए नियमों की अनदेखी की गई और वह खुद इस वर्ष 15 लाख रुपये में ठेका लेने को तैयार थे। उन्होंने इस मामले को न्यायालय में ले जाने की बात कही है। उधर, भाजपा नेता दीवान बिष्ट ने भी ठेके में भारी अनियमितताओं का आरोप लगाते हुए कहा कि इस मुद्दे को पार्टी के शीर्ष नेतृत्व तक पहुंचाया जाएगा और निष्पक्ष जांच की मांग की जाएगी।

## एक नजर

### स्मैक के साथ एक युवक गिरफ्तार

**काशीपुर।** पुलिस ने नशीले पदार्थों की तस्करी में लिप्त एक युवक को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 3.66 ग्राम स्मैक बरामद की है। पुलिस ने आरोपी का एनडीपीएस एक्ट में चालान किया है। कुंडा कोतवाली पुलिस ने चैकिंग के दौरान सब्जी आढ़त के पीछे ढेला नदी की ओर आते ढेला बस्ती निवासी मौ. समीर पुत्र शमशाद अली को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 3.66 ग्राम स्मैक बरामद की है। पुलिस ने आरोपी का एनडीपीएस एक्ट में चालान किया है। पुलिस टीम में एसआई अर्जुन सिह, नवीन जोशी व कां. बृजेश कुमार रहे।

### पड़ौसियों पर जबरन कंबाइन ले जाने का आरोप

**काशीपुर।** एक व्यक्ति ने पड़ोसियों पर रंजिशन के उसके गेट को तोड़कर उसकी कंबाइन ले जाने का आरोप लगाया है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया है। कचनालगाजी निवासी सरदूल सिंह पुत्र अवतार सिंह ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसके पड़ोसी ग्राम पच्चावाला निवासी कुलविन्दर सिंह पुत्र मक्खन सिंह एवं साहब सिंह, सतनाम सिंह आदि उससे रंजिश रखते हैं और आये दिन बिना किसी कारण ही उसे व परिजनों को धमकाते रहते हैं। कहा कि 7 अप्रैल की सुबह उक्त लोगों ने लाठी-डण्डों से घर के गेट पर हमला कर दिया और जान से मारने की धमकी देकर चले गये। आरोप लगाया कि 10 अप्रैल की शाम करीब 3.30 बजे सांय कुलविन्दर सिंह व सतनाम सिंह टैंक्टर और टोचन से उसके घर का गेट उखाड़ दिया तथा जान से मारने की धमकी देते हुये कम्बाईन लेकर चले गये। पीड़ित ने आरोपियों से परिवार को जान माल का खतरा बताया है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### ट्रेड लाइसेंस बनवाने की अंतिम तिथि 15 मई

**काशीपुर।** महापौर दीपक बाली ने काशीपुर नगर क्षेत्र के व्यापारियों को बड़ी राहत देते हुए नगर निगम काशीपुर के ट्रेड लाइसेंस बनवाने और वार्षिक शुल्क जमा करने की अंतिम तिथि बढ़ा दी है। पहले यह तिथि 30 अप्रैल 2026 निर्धारित थी, जिसे अब बिना किसी अर्थदंड के 15 मई 2026 तक बढ़ा दिया गया है। जारी सूचना के अनुसार, नगर क्षेत्र के व्यापारियों की मांग और महापौर के निर्देशों के अनुपालन में यह निर्णय लिया गया है। वित्तीय वर्ष 2026-27 (01 अप्रैल 2026 से 31 मार्च 2027) के लिए ट्रेड लाइसेंस नवीनीकरण एवं शुल्क जमा करने में देरी को देखते हुए यह विशेष छूट दी गई है। नगर निगम प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि 15 मई 2026 तक व्यापारी बिना जुर्माना दिए अपना लाइसेंस बनवा सकते हैं।

### सेवानिवृत्ति पर हरीश बिष्ट को भावभीनी विदाई

**अल्मोड़ा।** जिला सूचना विभाग कार्यालय में गुरुवार को विदाई समारोह आयोजित किया गया। जिसमें सेवानिवृत्ति पर टेक्निकल सहायक हरीश सिंह बिष्ट को भावभीनी विदाई दी। जिला सूचना अधिकारी सत्यपाल सिंह ने उन्हें फूल माला पहनाकर, शाल ओढ़ाकर और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। उन्होंने हरीश बिष्ट के सरकारी सेवा के दौरान योगदान की सराहना की। वहीं, उनके कार्यकाल को अनुकरणीय बताते हुए कहा कि उन्होंने अपनी सेवाओं के दौरान कर्तव्यनिष्ठा, ईमानदारी एवं समर्पण का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत किया। इस मौके पर यहां विभागी अधिकारी, कर्मचारियों के साथ पत्रकार मौजूद रहे।

### एनसीसी कैडेट्स को साइबर अपराध, नशा व सड़क सुरक्षा पर किया सचेत

**बागेश्वर।** पुलिस अधीक्षक जीतेन्द्र मेहरा के निर्देशन में जनपद पुलिस द्वारा युवाओं को अपराधों के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से चलाए जा रहे अभियान के तहत गुरुवार को कोतवाली बागेश्वर पुलिस टीम ने पंडित बद्री दत्त पांडे डिग्री कॉलेज परिसर में संचालित 81 बटालियन एनसीसी कैंप में पहुंचकर छात्र-छात्राओं को जागरूक किया। इस दौरान कोतवाली बागेश्वर के उपनिरीक्षक संजय बृजवाल एवं पुलिस टीम ने करीब 200 एनसीसी कैडेट्स को वर्तमान समय में बढ़ते गंभीर अपराधों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने ऑनलाइन ठगी, सोशल मीडिया फ्रॉड और हाल में चर्चा में रहे 'डिजिटल अरेस्ट' जैसे साइबर अपराधों से बचाव के तरीके बताए। कैडेट्स को सलाह दी गई कि किसी भी अनजान लिंक या कॉल पर अपनी निजी जानकारी साझा न करें। पुलिस टीम ने युवाओं को नशे के दुष्परिणामों से अवगत कराते हुए इससे दूर रहने की अपील की।

### नगर के एनटीडी में दो पक्षों में चले ताल घूंसे

**अल्मोड़ा।** जमीनी विवाद को लेकर शुरू हुई कहासुनी मारपीट में बदल गई। दो पक्षों के बीच जमकर लात घूंसे चले। घटना के बाद आसपास काफी देर तक अफरा तफरी का माहौल रहा। मामला अब कोतवाली तक पहुंच गया है। पुलिस ने दोनों पक्षों की तहरीर के आधार पर पूरे प्रकरण की जांच शुरू कर दी है। मुख्यालय के एनटीडी-शैल मोटर मार्ग पर लंबे समय से दो पक्षों के जमीन को लेकर दो पक्षों के बीच विवाद चल रहा है। बताया जा रहा है कि मंगलवार को देर शाम दोनों पक्ष आमने-सामने आ गए और जमीन को लेकर कहासुनी सुनी हो गई। देखते ही देखते कहासुनी धक्का-मुक्की और मारपीट में बदल गई। दोनों पक्षों के बीच जमकर हाथापाई हुई। इस दौरान कुछ लोगों को हल्की चोटें भी आई हैं। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस बल मौके पर पहुंची दोनों पक्षों को समझाकर शांत कराया। गुरुवार को दोनों पक्ष कोतवाली पहुंचे, मामले में कार्रवाई की मांग की। कोतवाल योगेश चंद्र उपाध्याय ने बताया कि दोनों पक्षों की ओर से तहरीर मिली है।

## कालाढूंगी में झमाझम बारिश

**कालाढूंगी।** गुरुवार को कालाढूंगी और आसपास के क्षेत्रों में हुई झमाझम बारिश से मौसम सुहाना हो गया और लोगों को भीषण गर्मी से बड़ी राहत मिली। पिछले कई दिनों से मैदानी इलाकों और भावर क्षेत्र में पड़ रही तेज गर्मी के कारण जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया था और लोगों का घर से निकलना भी मुश्किल हो गया था। बारिश के बाद न केवल लोगों के चेहरे खिल उठे, बल्कि वन्यजीवों को भी राहत मिली। बीते दिनों पानी की तलाश में जंगली जानवर आबादी वाले क्षेत्रों की ओर भटकते नजर आ रहे थे। बुधवार से मौसम में बदलाव शुरू हुआ था, जहां कुछ क्षेत्रों में हल्की बारिश और बादल छाए रहे। वहीं गुरुवार को रिमझिम बारिश ने गर्मी का असर काफी हद तक कम कर दिया।

# अवैध पैथोलॉजी लैब्स पर सख्त कार्रवाई, तीन सीज

**बागेश्वर।** जिले में अवैध रूप से संचालित पैथोलॉजी लैब्स के खिलाफ स्वास्थ्य विभाग ने बड़ी कार्रवाई करते हुए तीन लैब्स को सीज कर दिया है। साथ ही प्रत्येक लैब पर 2.50 लाख का अर्थदंड भी लगाया गया है। यह कार्रवाई महानिदेशक, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग उत्तराखंड और जिलाधिकारी के निर्देशों के क्रम में की गई। अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी अमित मिश्रा ने गुरुवार को विभिन्न लैब्स का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मां भगवती लैब, शिवम पैथोलॉजी लैब और कालिका लैब में कई गंभीर अनियमितताएं पाई गईं। इनमें बायोमेडिकल वेस्ट प्रबंधन, फायर सेफ्टी, प्रदूषण नियंत्रण और क्लीनिकल एस्टेब्लिशमेंट से संबंधित आवश्यक पंजीकरण दस्तावेजों की कमी शामिल रही। इसके अलावा ब्लड जांच रिपोर्ट्स में पैथोलॉजिस्ट के हस्ताक्षर नहीं पाए गए, जो नियमों का स्पष्ट उल्लंघन है। इन गंभीर कमियों को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग ने क्लीनिकल एस्टेब्लिशमेंट एक्ट के तहत तीनों लैब्स को तत्काल प्रभाव से सीज कर दिया और प्रत्येक पर 2.50 लाख का जुर्माना लगाया। चंदन डायग्नोस्टिक लैब के निरीक्षण में भी कुछ कमियां पाई गईं। इस कार्रवाई के लिए गठित जांच समिति में तहसीलदार बागेश्वर, जिला क्षय रोग अधिकारी, राजस्व निरीक्षक और चिकित्सा अधिकारी शामिल रहे।

# बारबर की दुकान में आगजनी

## कोटाबाग मुख्य बाजार में उपद्रव, परिवार बाल-बाल बचा

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**कोटाबाग।** मुख्य बाजार स्थित 'नाज हेयर कटिंग' नामक बारबर की दुकान में बुधवार देर रात एक अज्ञात उपद्रवी द्वारा पेट्रोल डालकर आग लगाने का मामला सामने आया है। घटना रात करीब 1 बजे की बताई जा रही है, जब दुकान मालिक जुल्फिकार अली अपने परिवार पत्नी, दो बच्चों और भतीजे के साथ दुकान के अंदर सो रहे थे। जुल्फिकार अली के अनुसार अचानक उनकी पत्नी ने आग की लपटें देखीं और उन्हें जगाया। इसके बाद उन्होंने पास में रहने वाले एक कारपेंटर को फोन कर मदद के लिए बुलाया। दोनों ने मिलकर दुकान का शटर खोलकर आग बुझाने का प्रयास किया और काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया। आगजनी की इस



घटना में दुकान का शीशा टूट गया, जबकि अंदर रखी सीट और गद्दी जलकर राख हो गई। घटना के बाद देर रात ही जुल्फिकार अपने परिवार के साथ दोबारा सो गए और गुरुवार सुबह आसपास के लोगों को इसकी जानकारी दी। इसके बाद उन्होंने कोटाबाग पुलिस चौकी में अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई। स्थानीय लोगों का कहना है कि कोटाबाग जैसे शांत ग्रामीण क्षेत्रा में इस तरह की घटना पहली बार सामने आई है, जिससे व्यापारियों में चिंता का माहौल है। वहीं, कोटाबाग पुलिस चौकी प्रभारी देवेंद्र सिंह राणा ने बताया कि आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच की जा रही है। प्रारंभिक जांच में रात करीब 1 बजे एक संदिग्ध व्यक्ति सफेद टी-शर्ट और काली पैंट पहने घटनास्थल से भागता हुआ दिखाई दिया है। पुलिस सभी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है और जल्द ही आरोपी की पहचान कर उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की बात कही है।

# गोकुल व मान्यता स्कूल टॉपर

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**अल्मोड़ा।** आईसीएसई का बोर्ड परीक्षाफल गुरुवार को जारी हो गया




है। नगर के एकमात्र स्कूल कुर्मांचल एकेडमी का हाईस्कूल और इंटरमीडिएट का परीक्षाफल शत प्रतिशत रहा है। इंटर में अनुष्का बिष्ट, हाईस्कूल में गोकुल और मान्यता भोज ने संयुक्त रूप से पहला स्थान प्राप्त कर स्कूल टॉप किया। कुर्मांचल एकेडमी के बोर्ड परीक्षफल में छात्र-छात्राओं का शानदार प्रदर्शन रहा है। इंटरमीडिएट में अनुष्का बिष्ट 97.25 फीसदी अंकों के साथ स्कूल टॉप किया। वहीं, हाईस्कूल में गोकुल और मान्यता ने 96.2 फीसदी आंकों के साथ संयुक्त स्थान पर रहे। जबकि इंटर में गौरांग उपाध्याय 96.75 अंकों के साथ दूसरे और आयुष टम्टा 94.5 फीसदी अंको के तीसरे स्थान पर रहे। हाईस्कूल में शुभम जोशी, अर्पिता वर्मा और दीनास साहिद खान ने 95.4 अंको साथ संयुक्त रूप से दूसरा स्थान बनाया। जबकि ने मानस टम्टा ने 95.2 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर रहे। विद्यालय के छात्र-छात्राओं की बोर्ड परीक्षा में शानदार प्रदर्शन पर शिक्षकों और अभिभावकों ने खुशी जताई। वहीं, प्रधानाचार्य ने छात्र-छात्राओं को भविष्य की शुभकामनाएं दी हैं।

# एनएच चौड़ीकरण कार्य की समीक्षा

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**बागेश्वर।** जिलाधिकारी आकांक्षा कोंडे ने गुरुवार को कलेक्ट्रेट सभागार में राष्ट्रीय राजमार्ग 309ए के किलोमीटर 80 से 169 तक दो लेन चौड़ीकरण कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। बैठक में भूमि प्रतिकर, वन भूमि हस्तांतरण और निर्माण कार्यों की स्थिति पर विस्तार से चर्चा की गई। डीएम ने कार्यदायी संस्था को निर्धारित समयसीमा के भीतर मानक गुणवत्ता के साथ कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। साथ ही तहसीलदार कांडा को बागेश्वर से कांडा तक सरकारी भूमि पर निवास कर रहे लोगों का एक सप्ताह के भीतर प्राथमिकता के आधार पर सत्यापन सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को तीन सप्ताह के भीतर सभी पात्र प्रभावितों को



शासनादेश के अनुसार मुआवजा भुगतान करने के निर्देश दिए। जिन प्रभावितों को मुआवजा मिल चुका है, उनके मामलों में गठित समिति के साथ समन्वय कर शीघ्र ध्वस्तीकरण की कार्रवाई पूरी करने को भी कहा गया। डीएम ने राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण को जल संस्थान, जल निगम, यूपीसीएल और बीएसएनएल के साथ समन्वय स्थापित कर कार्य करने के निर्देश दिए, ताकि आमजन को किसी प्रकार की असुविधा न हो। बैठक में अधिशासी अभियंता अशोक कुमार ने बताया कि बागेश्वर से कनालीगाड़छीना तक 32 किलोमीटर सड़क चौड़ीकरण में से 17 किलोमीटर में कटिंग कार्य पूरा हो चुका है। वहीं बागेश्वर से कांडा तक 16 किलोमीटर क्षेत्र में वृक्षों की कटिंग का कार्य भी पूर्ण कर लिया गया है। इस दौरान अपर जिलाधिकारी एनएस नबियाल, उप जिलाधिकारी प्रियंका रानी समेत विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

## हादसे में तीन लोग घायल

**अल्मोड़ा।** नगर के धारानौला में एक तेज रफ्तार कार ने ती लोगों को टक्कर मार दी, जिसमें तीनों गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने कार को कब्जे में ले लिया है। बीते बुधवार देर रात बरेली निवासी महेश सैनी हाल निवासी अल्मोड़ा यहां धारानौला स्थित एक बारात समारोह में शामिल होने आए थे। तभी एक कार चालक नशे की हालत में आया और महेश सैनी समेत अन्य तीनों को जोरदार टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। इस दौरान चालक कार छोड़कर फरार हो गया। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने कार को कब्जे में लिया और स्थानीय लोगों की मदद से तीनों घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया, जहां महेश सैनी की गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें रेफर कर दिया गया। जबकि अन्य दोनों घायलों का उपचार कर घर भेज दिया।

# प्रपंच रच रही भाजपाः हरीश रावत

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**काशीपुर।** उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत ने यहां मानपुर गांव में कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष रवि



ढींगरा के निवास के पास स्थित श्री दुर्गा मंदिर में पहुंचकर पूजा-अर्चना की। इसके बाद उन्होंने बड़ी संख्या में उपस्थित मातृ शक्ति से संवाद किया और उनकी समस्याएं सुनीं। मीडिया से बात करते हुए हरीश रावत ने महिला आरक्षण विधेयक को लेकर भाजपा पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि यह विधेयक संसद में सर्वसम्मति से पारित हुआ था, जिसमें कांग्रेस और अन्य दल भी शामिल थे। उन्होंने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार ने इसमें परिसीमन और जनसंख्या का मुद्दा जोड़कर इसे लागू करने में देरी कर दी। रावत ने कहा कि कांग्रेस का स्पष्ट मत है कि यदि परिसीमन को लेकर राज्यों की आपत्तियों का समाधान हो जाए, तो पार्टी पूरी तरह सहयोग करेगी। साथ ही उन्होंने सुझाव दिया कि मौजूदा 543 सीटों में से एक-तिहाई सीटें सीधे महिलाओं के लिए आरक्षित की जा सकती हैं। गढ़वाल से कुमाऊं तक अपने दौरे का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि प्रदेश में परिवर्तन की भावना स्पष्ट रूप से दिख रही है। हरीश रावत ने कार्यकर्ताओं से संगठन को मजबूत करने का आह्वान किया। इस अवसर पर अरूण चौहान, विमल गुड़िया, उमेश जोशी एडवोकेट, तरुण लोहनी, अर्पित मेहरोत्रा, राशिद फारूखी, विनोद होंडा समेत बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता व महिलायें मौजूद रहीं।

## कालेज की उच्च स्तरीय जांच की मांग

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**अल्मोड़ा।** यूथ कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने मां अम्बे नर्सिंग संस्थान पर छात्रों



के शोषण का आरोप लगाया है। गुरुवार को मामले में डीएम को ज्ञापन सौंप संस्थान की मान्यता समेत अन्य की उच्च स्तरीय जांच की मांग उठाई। ज्ञापन में कहा कि नियमों को ताक पर रखकर संस्थान चलाया जा रहा है और छात्रों से मनमानी फीस वसूली जा रही है। यूथ कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने कहा कि संस्थान में भाजपा और आरएसएस के कार्यक्रमों का आयोजन यह साबित करता है कि इसे सत्ता का खुला संरक्षण प्राप्त है। कहा कि संस्थान के संचालकों द्वारा एक वरिष्ठ पत्रकार को धमकाने की घटना सीधे तौर पर कानून-व्यवस्था को चुनौती है। चेतावनी दि कि यदि छात्रों और पत्रकारों की मांगों पर तुरंत जांच शुरू नहीं हुई तो युवा कांग्रेस सड़कों पर उतरकर उग्र को बाध्य होगी। यहां ज्ञापन सौंपने वालों में यूथ कांग्रेस जिलाध्यक्ष विक्रम सिंह फर्त्याल, गोपाल मोहन भट्ट, गौरव जोशी, प्रकाश डसीला, कमलेश समेत अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# 'जनता को गुमराह कर रही भाजपा'

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**बागेश्वर।** महिला आरक्षण एवं जनविरोधी नीतियों के विरोध में जिला कांग्रेस कमेटी ने भराड़ी रोड स्थित पार्टी कार्यालय में प्रेस वार्ता आयोजित की। इस दौरान जिलाध्यक्ष अर्जुन भट्ट ने भाजपा सरकार पर महिला आरक्षण बिल को लेकर देश और प्रदेश की जनता को गुमराह करने का आरोप लगाया। प्रेस वार्ता में मुख्य वक्ता पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष हरीश ऐठानी, पूर्व अध्यक्ष लोकमणि पाठक सहित अन्य नेताओं ने कहा कि वर्ष 2023 में बिल पास होने के बावजूद सरकार इसे लागू करने में देरी कर रही है और जानबूझकर उलझा रही है। उन्होंने मांग की कि विधानसभा चुनाव 2027 और लोकसभा चुनाव 2029 में 33 प्रतिशत महिला आरक्षण लागू किया जाए। वक्ताओं ने आरोप लगाया कि




सरकार बेरोजगारी, महिला अत्याचार और जंगली जानवरों से होने वाले नुकसान जैसे जमीनी मुद्दों से जनता का ध्यान भटकाने का काम कर रही है। साथ ही राज्य सरकार द्वारा एक दिन का विशेष विधानसभा सत्र बुलाकर जनता के पैसे की बर्बादी करने का भी आरोप लगाया गया। उन्होंने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री स्व. राजीव गांधी ने पंचायत और निकाय चुनावों में महिलाओं को आरक्षण देकर उन्हें सम्मान और अधिकार दिलाने का काम किया था, जबकि वर्तमान सरकार महिलाओं के नाम पर केवल राजनीति कर रही है। साथ ही आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं पर लाठीचार्ज जैसी घटनाओं की भी निंदा की गई। इस मौके पर गोबिंद गिरी, राम सिंह गढ़िया, दर्शन दानू सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# सफल चिकित्सक बनने के लिए केवल अकादमिक ज्ञान ही नहीं

## संवेदनशीलता, अनुशासन और सेवा-भाव भी है आवश्यक: डा. तितियाल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** राजकीय मेडिकल कालेज के लेक्चर थिएटर में गुरुवार को नवप्रवेशित एमडी/एमएस छात्र-छात्राओं के लिए ओरिएंटेशन कार्यक्रम किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य प्रो. डा. जीएस तितियाल और वरिष्ठ संकाय सदस्यों द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। प्राचार्य प्रो. डा. तितियाल ने नए छात्रों को बधाई देते हुए कहा कि एक सफल चिकित्सक बनने के लिए केवल अकादमिक ज्ञान ही नहीं, बल्कि संवेदनशीलता, अनुशासन और सेवा-भाव भी आवश्यक हैं। उन्होंने छात्रों को मरीजों के प्रति समर्पण और उच्च पेशेवर नैतिकता बनाए रखने की प्रेरणा दी। चिकित्सा



अधीक्षक प्रो. डा. अरुण जोशी ने पीजी रेजिडेंट डाक्टरों की भूमिका को महत्वपूर्ण बताते हुए अस्पताल में मरीजों के उपचार के दौरान सावधानियों और आपातकालीन प्रबंधन की जानकारी दी। उन्होंने सहानुभूति और सेवा-भाव के साथ कार्य करने पर जोर दिया। पैथोलॉजी विभागाध्यक्ष प्रो. डा. हरिशंकर पांडे ने छात्रों को चिकित्सा आचार संहिता की शपथ दिलाई।

वहीं, टीबी एवं श्वास रोग विभाग के प्रो. डा. आरजी नौटियाल और बाल रोग विभाग की प्रो. डा. रितु रखोलिया ने उपचार के दौरान स्पष्ट और सुव्यवस्थित दस्तावेजीकरण तथा सुपाठ्य पर्चे लिखने की आवश्यकता बताई।

कम्युनिटी मेडिसिन विभाग के डा. आशुतोष मिश्रा ने चिकित्सा अनुसंधान में नैतिक पहलुओं जैसे मरीज की गोपनीयता और सूचित सहमति पर प्रकाश डाला। फोरेंसिक विभाग के डा. आशीष कुमार सिंह ने मेडिको-लीगल मामलों के प्रबंधन और दस्तावेजों के सुरक्षित रख-रखाव के महत्व को समझाया। कार्यक्रम में एंटी-रैगिंग नियमों और यूजीसी गाइडलाइंस की जानकारी भी दी गई। स्वामी राम कैंसर संस्थान के डा. नलिन गोयल ने मरीजों के साथ व्यवहार, संवाद शैली और पेशेवर आचरण पर सुझाव साझा किए। अस्थि रोग विभाग के प्रो. डा. गणेश सिंह ने शोध कार्य और प्रकाशन प्रक्रिया की जानकारी दी, जबकि माइक्रोबायोलॉजी विभाग की डा. सांभवी सिंह ने बायोमेडिकल वेस्ट प्रबंधन पर विस्तृत जानकारी दी। मानसिक स्वास्थ्य पर भी विशेष सत्र आयोजित हुआ, जिसमें डा. तनुश्री गौड़ ने तनाव प्रबंधन के उपाय बताए और साइकोलॉजिस्ट डा. युवराज पंत ने मानसिक संतुलन और वेलनेस के महत्व को रेखांकित किया। कार्यक्रम का संचालन प्रो. डा. रितु रखोलिया ने किया। इस अवसर पर संस्थान के कई वरिष्ठ चिकित्सक, संकाय सदस्य और बड़ी संख्या में एमडी/एमएस छात्र-छात्रा उपस्थित रहे।

# बच्चों ने मनाया सामूहिक जन्मदिवस

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**टनकपुर।** राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय छीनीगोठ,



चंपावत में अप्रैल माह के अंतिम कार्य दिवस पर एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मध्यांतर के पश्चात विद्यालय में अध्ययनरत बच्चों का सामूहिक जन्मदिवस बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर जन्मदिवस वाले बच्चों के लिए केक मंगवाकर सामूहिक रूप से काटा गया तथा सभी बच्चों को उपहार भेंट किए गए। इस बार अप्रैल माह में जन्मे कुल 6 बच्चों का जन्मदिन एक साथ मनाया गया, जिनमें कक्षा 6 की अंकिता, कक्षा 8 की काजल, कक्षा 9 के समीर कुमार तथा कक्षा 10 के दीपांशु गहतोड़ी, आदित्य बिष्ट और दिया नारियाल शामिल रहे। इससे विद्यालय का वातावरण उत्सवमय हो उठा। कार्यक्रम के दौरान शिक्षक पल्लव जोशी द्वारा शत-प्रतिशत उपस्थिति वाले बच्चों को प्रोत्साहन स्वरूप चॉकलेट वितरित की गई। कार्यक्रम का सफल संचालन शिक्षक पवन कुमार ने किया। कार्यक्रम के सूत्रधार शिक्षक त्रिलोचन जोशी ने बताया कि यह अभिनव पहल वर्ष 2019 से निरंतर संचालित हो रही है, जिसका उद्देश्य बच्चों में अपनापन, उत्साह और विद्यालय के प्रति लगाव बढ़ाना है। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षकों सहित भोजन माता रेखा देवी, पुष्पा देवी और कार्यालय प्रभारी अर्जुन कुमार उपस्थित रहे।

# बुजुर्गों का सम्मान सभ्य समाज की पहचान: धामी

## वरिष्ठ नागरिक सम्मान एवं खेल समारोह में बोले सीएम- सुरक्षा और सुविधाओं में किसी प्रकार की कोई कमी नहीं आने देंगे





शाह टाइम्स ब्यूरो

**हल्द्वानी।** समाज में बुजुर्गों का स्थान अत्यंत महत्वपूर्ण है और उनका सम्मान ही किसी भी सभ्य समाज की पहचान है। वरिष्ठजन समाज और राष्ट्र की अमूल्य धरोहर हैं, जिनके अनुभव और मार्गदर्शन से समाज को सही दिशा मिलती है। जिस परिवार और समाज में बुजुर्गों का सम्मान होता है, वहां सुख, शांति और समृद्धि का वास होता है। यह बात प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहीं। गुरूवार को रामपुर रोड स्थित सुशीला तिवारी राजकीय मेडिकल कॉलेज प्रेक्षागृह में आयोजित वरिष्ठ नागरिक सम्मान एवं खेल समारोह-2026 में प्रतिभाग करने पहुंचे प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस दौरान मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रदेश के विभिन्न जनपदों में अनेक क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले 13 वरिष्ठ नागरिकों को सम्मानित किया। साथ ही वरिष्ठ नागरिकों को आश्वस्त किया कि राज्य सरकार उनके सम्मान, सुरक्षा और सुविधाओं के प्रति पूर्णत: प्रतिबद्ध है तथा उनके गरिमामय जीवन के लिए निरंतर कार्य करती रहेगी। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने अपने संबोधन में वरिष्ठजनों को समाज की मजबूत जड़ों की संज्ञा देते हुए कहा कि उनका आशीर्वाद और मार्गदर्शन सामाजिक संरचना को सुदृढ़ बनाए रखता है। उन्होंने समारोह में वरिष्ठ नागरिकों द्वारा वॉलीबॉल, फुटबॉल और बैडमिंटन जैसी प्रतियोगिताओं में उत्साहपूर्वक भागीदारी की सराहना करते हुए कहा कि यह संदेश देता है कि उम्र केवल एक संख्या है और जीवन में ऊर्जा एवं उत्साह का कोई विकल्प नहीं है। श्री धामी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार द्वारा वरिष्ठ नागरिकों के सम्मान, सुरक्षा और कल्याण को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जा रही है। उन्होंने कहा राज्य में वृद्धाश्रमों की व्यवस्था को मजबूत किया जा रहा है। बागेश्वर, चमोली और उत्तरकाशी में राजकीय वृद्धाश्रम संचालित हैं, जबकि देहरादून, अल्मोड़ा और चम्पावत में नए भवनों का निर्माण कार्य प्रगति पर है। इसके अतिरिक्त, रुद्रपुर में एक आधुनिक मॉडल वृद्धाश्रम का निर्माण भी किया जा रहा है। उन्होंने कहा राष्ट्रीय वयोश्री योजना के अंतर्गत वरिष्ठजनों को सहायक उपकरण उपलब्ध कराए जा रहे हैं तथा निशुल्क मोतियाबिंद सर्जरी की सुविधा भी दी जा रही है। उन्होंने बताया कि इस वर्ष 1300 वरिष्ठ नागरिकों की निशुल्क सर्जरी का लक्ष्य रखा गया है। उन्होंने यह भी कहा कि माता-पिता एवं वरिष्ठ नागरिक भरण-पोषण अधिनियम को प्रभावी रूप से लागू किया गया है, जिसके तहत वरिष्ठ नागरिकों को अपने भरण-पोषण के लिए कानूनी अधिकार प्राप्त हैं।

### ये लोग हुए सम्मानित



प्रदेश के विभिन्न जनपदों में अनेक क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वालों में डा. ललित मोहन उप्रेती, रमेश मटेला, पं0 गोपाल कृष्ण बडोला, डा. भुवन चन्द्र जोशी, डा. त्रिभुवन दत्त शर्मा, आचार्य हरीश चन्द्र पंत, आशुतोष पंत, योगेश पांथरी, सुरेश आर्य, गणेशी देवी, अशोक कुमार पंत, गंभीर सिंह चौहान, अनन्त प्रसाद नौटियाल सहित वरिष्ठ लोगों के मध्य फुटबाल, बैटमिंटन प्रतियोगिता के विजेता प्रतिभागी मनोज जोशी, मनोज सनवाल, गुरमीत सिह, शंकर सिंह भण्डारी, हरिमोहन आर्य, राजश्री तिवारी, अरविन्द पाण्डे को मुख्यमंत्री द्वारा सम्मानित किया गया।

### कार्यक्रम में ये लोग रहे मौजूद

कैबिनेट मंत्री खजान दास, मंत्री शहरी विकास जलवायु परिवर्तन राम सिंह कैड़ा, विधायक सरिता आर्य, डा. मोहन सिंह बिष्ट, अध्यक्ष जिला पंचायत दीपा दरम्वाल, मेयर गजराज सिंह बिष्ट, वरिष्ठ नागरिक कल्याण परिषद के अध्यक्ष रामचंद्र गौड़, उपाध्यक्ष नवीन चन्द्र वर्मा, मंडी अध्यक्ष डा. अनिल कपूर डब्बू, दिनेश आर्य, सुरेश भट्ट, भावना मेहरा, शंकर कोरंगा, हरक सिंह नेगी, शांति मेहरा, फरजाना, एस नामधारी, भाजपा जिलाध्यक्ष प्रताप बिष्ट, साकेत अग्रवाल, राजेन्द्र सिह बिष्ट, मेजर जनरल सेनि. इन्द्रजीत सिंह, कर्नल सेनि. बीएस रौतेला, सहित आईजी रिद्धिम अग्रवाल, डीएम ललित मोहन रयाल, समाज कल्याण निदेशक डा. संदीप तिवारी, अपर सचिव समाज कल्याण प्रकाश चंद्र, एसएसपी डा. मंजुनाथ टीसी, सीडीओ अरविन्द कुमार पाण्डे के साथ ही वरिष्ठ नागरिक कल्याण परिषद के पदाधिकारी, पेंशनर वेलफेयर के सदस्य, विभिन्न जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में वरिष्ठ नागरिक मौजूद रहे।

### 'डबल इंजन' पर जनता को भरोसा

**हल्द्वानी।** सीएम ने मीडिया से बात. चीत में कहा कि देश की जनता अब डबल इंजन सरकार के विकास मॉडल पर भरोसा जता रही है। उन्होंने पश्चिम बंगाल और असम के एग्जिट पोल का जिक्र करते हुए कहा कि केंद्र और राज्य सरकार के बेहतर समन्वय से विकास कार्यो को नई गति मिली है, जिसका लाभ सीधे आम जनता तक पहुंच रहा है। मुख्यमंत्री ने नैनीताल जिले में बढ़ते मानव-वन्यजीव संघर्ष को गंभीर चिंता का विषय बताते हुए कहा कि इस मामले में जिम्मेदारी तय की जाएगी। सरकार जनता की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रही है। चार धाम यात्रा को लेकर मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार ने यात्रा के सफल संचालन के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की हैं। चार धाम यात्रा सनातन आस्था की कठिन लेकिन अत्यंत पवित्र यात्रा है। देवभूमि आने वाले सभी श्रद्धालुओं को उन्होंने यात्रा को सुरक्षित और सुगम बनाने का भरोसा दिलाया।

## 'गरीबों के मसीहा' डा. शर्मा के सम्मान पर कुसुमखेड़ा में खुशी की लहर

शाह टाइम्स ब्यूरो

**हल्द्वानी।** डा. त्रिभुवन दत्त शर्मा को मुख्यमंत्री द्वारा सम्मानित किए जाने के बाद क्षेत्र में खुशी का माहौल है। ग्रामीण क्षेत्र कुसुमखेड़ा में पिछले चार दशकों से बेहद कम शुल्क पर लोगों का उपचार कर रहे डा. शर्मा को गरीबों के मसीहा के रूप में जाना जाता है। 4 सितंबर 1954 को माता शारदा देवी और पिता हरिदत्त शर्मा के घर जन्मे डा. त्रिभुवन दत्त शर्मा बचपन से ही चिकित्सक बनकर लोगों की सेवा करना चाहते थे। उन्होंने कानपुर विश्वविद्यालय से बीएएमएस की शिक्षा प्राप्त करने के बाद वर्ष 1981 में कुसुमखेड़ा में क्लिनिक खोलकर चिकित्सा सेवा शुरू की। डा. शर्मा ने अपने पूरे चिकित्सकीय जीवन में सेवाभाव को सर्वोच्च प्राथमिकता दी। उन्होंने कभी भी उपचार के बदले धन को महत्व नहीं दिया। यही कारण है कि वे पिछले 40 वर्षों से मात्र 10 रुपये परामर्श शुल्क लेकर मरीजों का इलाज कर रहे हैं। खास बात यह है कि महंगाई के इस दौर में भी उन्होंने अपनी फीस नहीं बढ़ाई। जब मरीज उनसे शुल्क बढ़ाने की बात कहते है तो उनका जवाब होता है कि मेरे और मेरे स्टाफ के लिए 10 रुपये पर्याप्त है। कोरोना काल में भी डा. शर्मा ने पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ मरीजों की सेवा की। इस दौरान वे स्वयं भी कोरोना संक्रमित हो गए थे, लेकिन स्वस्थ होने के बाद फिर से लोगों की सेवा में जुट गए। क्षेत्र के लोग उनकी सेवा भावना और सरल व्यक्तित्व का विशेष सम्मान करते है। बीमारी की सटीक पहचान और सरल उपचार के लिए प्रसिद्ध डा. शर्मा मरीजों को दवा के साथ उचित सलाह भी देते है। यही वजह है कि आज उन्हें क्षेत्र में 10 रुपयेफीस वाले महान डॉक्टर और गरीबों के मसीहा के रूप में जाना जाता है।

## बाघ-तेंदुए के बढ़ते हमलों पर समाजसेवियों ने मुख्यमंत्री को सौंपा ज्ञापन

शाह टाइम्स ब्यूरो

**हल्द्वानी।** बाघ और तेंदुए के बढ़ते हमलों को लेकर चिंता गहराती जा रही है। इस मुद्दे पर समाजसेवी विशाल वर्मा और पूर्व पार्षद प्रत्याशी अंजलि वर्मा ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को ज्ञापन सौंपकर त्वरित कार्रवाई की मांग की है। विशाल वर्मा ने बताया कि हाल के दिनों में नैनीताल जिले के रानीबाग, कटघरिया, भीमताल, ओखलकांडा और धारी क्षेत्रों में



बाघ-तेंदुए का आतंक लगातार बढ़ रहा है। पिछले 10 दिनों के भीतर ही जंगली जानवरों के हमलों में पांच से अधिक लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि कई अन्य घायल हुए हैं। ज्ञापन के माध्यम से मांग की गई है कि हमलों में जान गंवाने वाले लोगों के परिजनों को उचित मुआवजा दिया जाए और परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी प्रदान की जाए। साथ ही, प्रभावित क्षेत्रों में तत्काल प्रभाव से सुरक्षा उपाय बढ़ाने की भी मांग की गई। अंजलि वर्मा ने कहा कि बाघ-तेंदुए के बढ़ते आतंक से हल्द्वानी और नैनीताल क्षेत्र में भय का माहौल बना हुआ है। उन्होंने आरोप लगाया कि संबंधित अधिकारी केवल आश्वासन दे रहे हैं, जबकि जंगली जानवरों को पकड़ने के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाए जा रहे हैं। समाजसेवी विशाल वर्मा ने जानकारी दी कि 29 अप्रैल 2026 को रानीबाग क्षेत्र में एक घर के अंदर गुलदार देखे जाने से स्थानीय लोगों में दहशत फैल गई। उन्होंने मुख्यमंत्री से लापरवाह अधिका. रियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने और जल्द से जल्द पिंजरे लगाकर बाघ-तेंदुओं को पकड़ने की मांग की है।

## जंगल में पेड़ से लटका मिला मजदूर का शव, आत्महत्या की आशंका

### 28 अप्रैल से लापता था शिवम, परिवार रहता है बदायूं में

शाह टाइम्स ब्यूरो

**हल्द्वानी।** शहर में मजदूरी कर जीवनयापन करने वाले एक युवक का शव गुरुवार को जज फार्म क्षेत्र के जंगल में पेड़ से लटका मिला। शव सबसे पहले उसके एक साथी ने देखा, जिसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को फंदे से उतारकर अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस इसे आत्महत्या मानकर घटना के कारणों की जांच कर रही है। जानकारी के अनुसार मूलरूप से दादागंज, बदायूं उत्तर प्रदेश निवासी 27 वर्षीय शिवम रामपुर रोड स्थित आईटीआई के पास अपने साथियों के साथ किराए के कमरे में रहता था और ओवरहेड निर्माण के दौरान मजदूरी करता था। जबकि उसकी पत्नी और बच्चे दादागंज में ही रहते हैं। बताया जाता है कि बीते 28 अप्रैल की शाम करीब तीन बजे से शिवम गायब था। वह देर शाम तक नही लौटा तो उसके साथियों ने उसकी तलाश शुरू की। लेकिन उसक कोई पता नहीं चला। आज सुबह फिर से शिवम की तलाश की गई तो एक साथी को शिवम का शव आईटीआई रोड के ठीक सामने जर्ज फर्म से लगे जंगल में पेड़ से लटका मिला। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। शिवम को फंदे से उतार कर अस्पताल पहुंचाया गया, जहां पर मौजूद चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस को घटना स्थल के आस पास कोई भी सुसाइड नोट नहीं मिला। कोतवाल विजय मेहता ने बताया कि प्राथमिक जांच में आत्महत्या की बात सामने आई है, लेकिन अभी तक वजह स्पष्ट नहीं हुई है। तहरीर मिलने पर मुकदमा दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जायेगी।

## हाथी के हमले में मारे गए दो में से एक की शिनाख्त

शाह टाइम्स ब्यूरो

**हल्द्वानी।** लालकुआं क्षेत्र में हाथी के हमले में जान गंवाने वाले बुजुर्ग बांधो प्रजापति का गुरुवार को पोस्टमार्टम के बाद शव उनके परिजन एंबुलेंस से झारखंड स्थित पैतृक गांव ले गए। वहीं, इस घटना में मारे गए दूसरे व्यक्ति की अब तक शिनाख्त नहीं हो सकी है, जिसके चलते उसका पोस्टमार्टम भी नहीं हो पाया है। जानकारी के अनुसार 75 वर्षीय बांधो प्रजापति, जो झारखंड के चतरा जिले के निवासी थे, लालकुआं में एक खेत की रखवाली का काम करते थे। मंगलवार रात वह एक अन्य करीब 60 वर्षीय बुजुर्ग के साथ गर्मी से राहत पाने के लिए पेड़ के नीचे सो रहे थे। इसी दौरान एक हाथी तारबाड़ तोड़कर खेत में घुसा और दोनों को कुचल कर मार डाला। बुधवार को दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए हल्द्वानी लाया गया, लेकिन पुलिस की अधूरी कागजी कार्रवाई के चलते परिजनों को करीब ढाई घंटे तक इधर-उधर भटकना पड़ा। पहले शवों को अस्पताल ले जाकर मृत घोषित कराया गया, फिर दोबारा मोर्चरी लाया गया। इसके कारण समय अधिक बीत गया और शव का पोस्टमार्टम नहीं हो सका। गुरुवार सुबह बांधो प्रजापति का पोस्टमार्टम किया गया, जिसके बाद परिजन उनका शव एंबुलेंस से झारखंड ले गए। मृतक के रिश्तेदार राजा ने बताया कि एंबुलेंस बुक करने में 26 हजार रुपये का खर्च आया। दूसरी ओर घटना में मारे गए दूसरे व्यक्ति की शिनाख्त नहीं हो सकी। इसके चलते गुरुवार को भी दूसरे शव का पोस्टमार्टम नहीं हो सका।

## खेत में गिरने से सेवानिवृत्त सैनिक की मौत

शाह टाइम्स ब्यूरो

**हल्द्वानी।** गढ़वाल क्षेत्र के एक सेवा. निवृत्त सैनिक की खेत में गिरने से गंभीर रूप से घायल हो गए। आनन फानन में उन्हें उपचार के लिए सुशीला तिवारी अस्पताल लाया गया जहां पर चिकित्सको ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। गुरूवार को पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराके के शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया। जानकारी के अनुसार पौड़ी जिले के धूमाकोट क्षेत्र के पिपली गांव निवासी 59 वर्षीय श्याम सिंह असम राइफल्स से सेवानिवृत्त थे। बताया गया है कि बीते 28 अप्रैल की शाम वह अपने खेत में काम के दौरान अचानक गिर गए, जिससे उन्हें गंभीर से घायल हो गए। परिजनों द्वारा आनन फानन में उन्हें पहले स्थानीय अस्पताल ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद हालत बिगड़ने पर कालाढूंगी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र रेफर किया गया। वहां चिकित्सकों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद परिजन शव को पोस्टमार्टम के लिए हल्द्वानी लेकर पहुंचे, और गुरुवार को पुलिस ने पोस्टमार्टम कराके शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया।

### नशा मुक्ति केंद्र में भर्ती किशोर की हालत बिगड़ी

शाह टाइम्स ब्यूरो

**हल्द्वानी।** मुखानी थाना क्षेत्र स्थित एक नशा मुक्ति केंद्र में भर्ती एक किशोर की अचानक तबीयत बिगड़ने से हड़कंप मच गया। गंभीर हालत में उसे सुशीला तिवारी चिकित्सालय में भर्ती कराया गया, जहां वह आईसीयू में रखा गया है। वहीं परिजनों ने केन्द्र पर आरोप लगाते हुए मुखानी थाने में तहरीर सौंपी है। जानकारी के अनुसार एक 17 वर्षीय किशोर को करीब दो महीने पहले परिजनों द्वारा नशे की लत को छुड़वाने के लिए नशा मुक्ति केंद्र में भर्ती कराया था। परि. जनों का आरोप है कि बीते 24 अप्रैल की रात केंद्र से फोन कर बताया गया कि किशोर की हालत गंभीर है और उसे तत्काल एसटीएच ले जाया गया है। परि. जनों ने कहा कि अस्पताल पहुंचने पर किशोर अकेले बेड पर मिला, जबकि नशा मुक्ति केंद्र के कर्मचारी वहां मौजूद नहीं थे। उनका आरोप है कि घटना के बाद से केंद्र की ओर से कोई स्पष्ट जानकारी नहीं दी गई और न ही संपर्क किया गया। किशोर के मामा ने आशंका जताई है कि या तो उसे दवाओं की ओवरडोज दी गई या फिर उपचार में गंभीर लापरवाही बरती गई है। इस मामले में परिजनों ने मुखानी थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

## 805 रुपये दैनिक वेतन की मांग

शाह टाइम्स ब्यूरो

**हल्द्वानी।** उत्तरकाशी और देहरादून की तर्ज पर हल्द्वानी में भी समान व्यवस्था लागू करने किए जाने की मांग को लेकर गुरूवार को देवभूमि उत्तराखंड सफाई कर्मचारी संघ के प्रदेश संगठन मंत्री अमित कुमार के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने नगर आयुक्त परितोष वर्मा से मिले और ज्ञापन सौंपकर शीघ्र ही आउटसोर्स कर्मियों और नगर निगम में कार्यरत अस्थायी कर्मचारियों के लिए न्यूनतम दैनिक वेतन 805 रुपये निर्धारित किए जाने की मांग की। नगर आयुक्त को सौंपे गए ज्ञापन में संघ ने कहा कि भारत सरकार के श्रम एवं रोजगार मंत्रालय के मुख्य श्रमायुक्त (केंद्रीय) कार्यालय द्वारा जारी अधिसूचना में कहा गया है कि आउटसोर्स कामगारों और अस्थायी कर्मचारियों को 805 रुपये प्रतिदिन वेतन दिया जाना चाहिए। संघ ने इस अधिसूचना को लागू करने की मांग की। संघ ने कहा कि इससे पहले 6 फरवरी 2026 को भी संघ की ओर से वेतन वृद्धि को लेकर अनुरोध पत्र दिया गया था।

उन्होंने बताया कि बीते 29 अप्रैल को नगर निगम देहरादून की बोर्ड बैठक में उक्त अधिसूचना के तहत प्रस्ताव पारित किया जा चुका है। संघ ने नगर पालिका परिषद उत्तरक. ाशी और नगर निगम देहरादून की तर्ज पर हल्द्वानी में भी समान व्यवस्था लागू करने की मांग दोहराई है। नगर आयुक्त परितोष वर्मा ने संघ के प्रतिनिधिमंडल को आश्वासन दिया कि इस संबंध में शीघ्र ही कार्रवाई की जायेगी। ज्ञापन देने वालो में विश्वास, राजेश, जयपाल, विजय, राजेश, विरेन्द्र, विजयपाल आदि मौजूद रहे।

## कोल्ट्स क्रिकेट ने जीता मुकाबला

शाह टाइम्स ब्यूरो

**हल्द्वानी।** जिला नैनीताल क्रिकेट एसोसिएशन के तत्वाधान में कराई जा रही अंडर-16 बालक वर्ग की जिला क्रिकेट लीग मैंच गुरूवार को दो मुकाबले खेले गए। पहला मुकाबला जीएनजी क्रिकेट एरैना में कॉर्बेट क्रिकेट अकादमी और जीएनजी के मध्य खेला गया। जीएनजी की टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए पूरी टीम 26वें ओवर में मात्र 101 रन बनाकर आल आउट हो गई। कॉर्बेट क्रिकेट अकादमी के गेंदबाज आदित्य ने 4, अरविन्द और देवांश ने 2-2 विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी कॉर्बेट क्रिकेट अकादमी की पूरी टीम भी 29वें ओवर में 101 रन बनाकर आलआउट हो गई, और मैच टाई हो गया और दोनों टीमों को बराबर अंक से संतोष करना पड़ा। मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार आदित्य रावत को दिया गया। जबकि दूसरा



मैच एमएस क्रिकेट ग्राउंड में काठगोदाम स्पोर्ट्स अकादमी और कोल्ट्स क्रिकेट अकादमी के बीच हुआ। काठगोदाम स्पोर्ट्स अकादमी ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 40 ओवरों में 6 विकेट के नुकसान पर 173 रन ही बनाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी कोल्ट्स क्रिकेट अकादमी की टीम ने 25वें ओवर में 3 विकेट के नुकसान पर 177 रन बनाकर 7 विकेट से मैच जीत लिया। मैन ऑफ-द मैच का पुरस्कार कोल्ट्स क्रिकेट के बल्लेबाज विवेक को दिया गया। अंपायर की भूमिका में ललित कुमार, भूपेश शाही, प्रिंस और विनोद पंतोला जबकि स्कोरर की भूमिका निकित जोशी और हरप्रीत सिँह ने निभाई। इस मौके पर जिला नैनीताल क्रिकेट एसोसिएशन के कोषाध्यक्ष कमल पपनै, किशन अनेरिया, नरेंद्र अधिकारी, दिग्विजय कनवाल, मनोज भट्ट, अभिषेक सिंह, करन बिष्ट मौजूद रहे।

## सिंथिया श्रमिकों का सम्मान

शाह टाइम्स ब्यूरो

**हल्द्वानी।** अंतरराष्ट्रीय श्रमिक दिवस के अवसर पर गुरूवार को सिंथिया विद्यालय में सहयोगी कर्मचारियों के सम्मान में एक विशेष कार्यक्रम का



आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के सभी सहयोगी कर्मचारी एवं कार्यकर्ता आमंत्रित किए गए। कार्यक्रम के दौरान कर्मचारियों के परिश्रम, समर्पण और विद्यालय के सुचारु संचालन में उनके महत्वपूर्ण योगदान की सराहना की गई। विद्यालय परिवार की ओर से सभी सहयोगी साथियों को सम्मानित करते हुए उपहार भेंट किए गए, जिससे उनके चेहरे पर खुशी और गर्व की झलक दिखाई दी। इस आयोजन के माध्यम से विद्यार्थियों को श्रम के महत्व और प्रत्येक कार्य के प्रति सम्मान की भावना का संदेश भी दिया गया। कार्यक्रम में एससी मिश्रा, बीबी जोशी, महेश जोशी, प्रदीप मित्र, केसी पंत, मंजू जोशी, नीमा पांडे, ललित मोहन तिवारी और ऋचा कर्नाटक सहित विद्यालय के शिक्षक उपस्थित रहे।

### दो मिनट में खंगाली दुकान

**हल्द्वानी।** बनभूलपुरा क्षेत्र में चोरी की एक घटना सामने आई है, जहां एक शातिर चोर ने महज दो मिनट के भीतर परचून की दुकान का ताला तोड़कर गल्ले से करीब 20 हजार रुपये की नकदी चोरी कर ली। पूरी वारदात दुकान के बाहर लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। जानकारी के अनुसार, जवाहर नगर जाम फैक्ट्री के पास टनकपुर रोड निवासी अकरम की किराये की परचून की दुकान है। गुरुवार सुबह जब वह दुकान खोलने पहुंचे तो शटर के दोनों ताले टूटे मिले। अंदर जांच करने पर गल्ले से नकदी गायब थी। सीसीटीवी फुटेज खंगाली तो पता चला कि रात दो बजेकर छह मिनट पर एक सफेद शर्ट पहने एक नकाबपोश युवक दुकान में घुसता दिखा और दो बजकर आठ मिनट पर बाहर निकल गया। आशंका है कि आरोपी ने वारदात से ठीक पहले ताले तोड़े थे। घटना की सूचना डायल 112 पर दी गई, जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची।

## 20 दिनों में 100 प्रतिशत परीक्षा परिणाम

### यूओयू ने रचा इतिहास: 39 परीक्षा दिवस, 76 केंद्र, 289 परीक्षक-समयबद्ध मूल्यांकन

शाह टाइम्स ब्यूरो

**हल्द्वानी।** उत्तराखंड मुक्त विश्वविद्यालय हल्द्वानी ने दिसंबर-2025 सत्र की परीक्षाओं के परिणाम रिकॉर्ड समय में घोषित कर एक नई मिसाल कायम की है। कुल. पति ने इस उपलब्धि का श्रेय विश्व. विद्यालय की पारदर्शी, डिजिटल और शिक्षार्थी-केंद्रित कार्यप्रणाली को दिया। यह बात कुलपति प्रो. नवीन चन्द्र लोहनी ने कहीं। गुरूवार को उत्तराखंड मुक्त विश्वविद्यालय सभागार में आयोजित पत्रकार वार्ता करते हुए कुलपति प्रो. नवीन चन्द्र लोहनी ने कहा कि परीक्षा समाप्त होने के मात्र 20 दिनों के भीतर और केवल 15 कार्यदिवस में 100 प्रतिशत परीक्षाफल जारी कर दिए गए हैं। उन्होंने बताया कि दिसंबर-2025 सत्र की परीक्षाएं 16 फरवरी से 11 अप्रैल



2026 तक प्रदेशभर के 76 परीक्षा केंद्रों पर आयोजित की गईं। कुल 39 परीक्षा दिवसों में सफलतापूर्वक परीक्षाएं संपन्न कराते हुए विश्वविद्यालय ने 323 परीक्षाफलों को समयबद्ध ढंग से घोषित किया, जो संस्थान के इतिहास में पहली बार हुआ है। प्रो. लोहनी ने कहा कि समयबद्ध मूल्यांकन, डिजिटल समन्वय और परीक्षकों की सतत निगरानी के कारण यह संभव हो पाया है, जिससे हजारों शिक्षार्थियों को प्रवेश, रोजगार और अन्य शैक्षणिक प्रक्रियाओं में समय पर लाभ मिलेगा। उन्होंने बताया नवप्रवेशित छात्रों के लिए आयोजित 'दीक्षारंभ' कार्यक्रमों को व्यापक सफलता मिली है। 17 अप्रैल को आयोजित कार्यक्रम में 175 शिक्षार्थियों ने भाग लिया, जबकि 26 अप्रैल के कार्यक्रम में लगभग 120 प्रतिभागी शामिल हुए। उन्होंने बताया कि राज्यभर के विभिन्न अध्ययन केंद्रों पर भी 'दीक्षारंभ' कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं, उन्होंने बताया विश्वविद्यालय द्वारा शिक्षार्थियों के लिए विशेष ऑफलाइन परामर्श सत्र भी संचालित किए जा रहे हैं, जो प्रत्येक शनिवार और रविवार को आयोजित होते हैं। जुलाई 2025 से प्रारंभ इन सत्रों में अब तक 1100 से अधिक शिक्षार्थी लाभान्वित हो चुके हैं। जनवरी 2026 सत्र के लिए ये कक्षाएं 18 अप्रैल से पुन: शुरू की गई हैं। इसके साथ ही उन्होंने बताया कि 9 प्रोफेसर, 2 एसोसिएट प्रोफेसर और 12 असिस्टेंट प्रोफेसर के स्थायी पदों पर भर्ती प्रक्रिया भी शुरू कर दी गई है, और भविष्य में भी गुणवत्तापूर्ण, नवाचारपूर्ण और शिक्षार्थी-अनुकूल कार्यक्रमों को निरंतर आगे बढ़ाया जाएगा।

## होली ग्राउंड के पास फल के ठेले लगाने की अनुमति मांगी

शाह टाइम्स ब्यूरो

**हल्द्वानी।** सिंधी चौराहा पर होली ग्राउंड के आसपास फलों का ठेला लगाने वाले लोगों के सामने रोजी-रोटी का संकट पैदा हो गया है। इस समस्या को लेकर गुरुवार को पार्षद रोहित कुमार के नेतृत्व में ठेले वालों ने नगर आयुक्त परितोष



वर्मा को ज्ञापन सौंप कर समाधान की गुहार लगाई है। ज्ञापन में कहा गया है कि होली ग्राउंड के पास लोग वर्षों से फल ठेला लगाकर अपनी आजीविका चलाते आए हैं, लेकिन कुछ समय पहले यहां से ठेले वालों को हटा दिया गया और उसके बाद से लेकर अब तक न तो वेंडिंग ज़ोन बनाया गया है न ही फल ठेले लगाने के लिए कोई उचित स्थान दिया गया है। पुलिस प्रशासन द्वारा आए दिन ठेले वालों को परेशान भी किया जा रहा है। ठेले वालों को नगर निगम ने वेंडर स्मार्ट कार्ड भी उपलब्ध कराए हैं लेकिन ठेले कहां पर लगाएं इसके लिए कोई स्थान निर्धारित नहीं किया गया है। पुलिस और प्रशासन आए दिन इनके ठेले जब्त कर लेता है। ज्ञापन में मांग की गयी है कि जब तक वेंडिंग ज़ोन नहीं बन जाता तब तक इनके ठेले होली ग्राउंड के पास लगने दिये जाएं। ज्ञापन में होली ग्राउंड के पास बाइकें खड़ी होने से उत्पन्न होने वाली जाम की समस्या का भी जिक्र किा गया है।

### संपर्क क्रांति का पीरुमादारा हाल्ट पर अतिरिक्त ठहराव

शाह टाइम्स ब्यूरो

**हल्द्वानी।** रेलवे प्रशासन ने यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए 25035/25036 रामनगर- दिल्ली-रामनगर उत्तराखंड संपर्क क्रांति एक्सप्रेस को पीरुमादारा हाल्ट पर अतिरिक्त ठहराव प्रदान किया है। इस निर्णय से क्षेत्रीय यात्रियों को बड़ी राहत मिलेगी। उक्त जानकारी देते हुए वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक संजीव शर्मा ने बताया कि निर्धारित समय के अनुसार 25036 रामनगर-दिल्ली संपर्क क्रांति एक्सप्रेस पीरुमादारा स्टेशन पर सुबह 9बजकर 58मिनट पर पहुंचेगी और 9 बजकर 59 मिनट में प्रस्थान करेगी। वहीं 25035 दिल्ली-रामनगर संपर्क क्रांति एक्सप्रेस रात्रि 8 बजकर 33 मिनट पर पहुंचकर 8 बजकर 34 मिनट पर रवाना होगी। अन्य सभी स्टेशनों पर गाड़ियों का संचालन पूर्व निर्धारित समय सारणी के अनुसार ही होगा।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं कृष्णा लोहा भण्डार, प्रथम तल काला ढुंगी रोड, हल्द्वानी (उत्तराखंड) से प्रकाशित।

**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎05946-250286
मुख्यालय:
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. UTTHIN/2003/10264
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# महिला आरक्षण बिल के प्रावधानों को लेकर भाजपा का विरोध प्रदर्शन




शाह टाइम्स संवाददाता

**खटीमा।** महिला आरक्षण बिल को लेकर चल रही राजनीतिकरण एवं गहमा गहमी के बीच भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता जिला पंचायत अध्यक्ष अजय मौर्य के नेतृत्व में ग्रामीण इलाकों की सड़कों पर उतारकर अपना विरोध दर्ज कराया। भाजपा कार्यकर्ताओं ने स्त्रहमील मुख्य चौराहे से लेकर खटीमा मुख मार्ग पर रैली निकाल. कर जमकर नारेबाजी की।

भाजपा नेताओं ने विपक्षी दलों पर इस मुद्दे का राजनी. तिकरण करने का आरोप लगाते हुए कहा कि वे केवल क्रेडिट की राजनीति कर रहे हैं। इस दौरान हाथों में तख्तियां और झंडे लिए सैकड़ों की संख्या में कार्यकर्ता इस मार्च में शामिल हुए। रैली के दौरान सुरक्षा के इंतजाम किए गए। इस दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष कहा हम महिलाओं को अधिकार देने के पक्षधर हैं, लेकिन हम चाहते हैं कि यह केवल कागजों तक सीमित ना रहे। सरकार को किस तत्काल प्रभाव लागू किया जाए। इस दौरान भाजपा नेता बलराज सिंह, मनोज शाही, सोमनाथ मौर्य, चंद्रपाल, गुरप्रीत सिंह खिंडा, कुल. विंदर कौर, महिला मोर्चा पदाधिकारी मौजूद रहे।

# स्पा सेंटर या काली कमाई का अड्डा

- कोहिनूर स्पा सेंटर में पुलिस का छापा
- तीन युवक दबोचे, तीन युवतियों को किया रेस्क्यू



शाह टाइम्स संवाददाता

**रुद्रपुर।** महानगर में जगह-जगह खुले स्पा सेंटर काली कमाई का अड्डा बन गए हैं। यहां स्पा के नाम पर युवतियों को झांसे में लेकर उनकी मजबूरी का फायदा उठाकर उनसे काला धंधा कराया जा रहा है। शासन-प्रशासन की कड़ी कार्रवाई के बादजूद यह काम नहीं रुक रहा है। पुलिस की लगातार कार्रवाई के बाद भी अवैध देह व्यापार लगातार बढ़ता ही जा रहा है। अब सोचने वाली बाद यह है कि कमी कहां पर है।

स्पा सेंटर की आड़ में अवैध देह व्यापार के धंधे के खिलाफ पुलिस द्वारा पिछले कई माह से लगातार अभियान चलाया जा रहा है। नगर के सिविल लाइन क्षेत्र में एक स्पा सेंटर की आड़ में चल रहे अवैध देह व्यापार के धंधे का पुलिस ने खुलासा किया है। एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट की टीम ने सिविल लाईन स्थित कोहिनूर स्पा सेंटर पर औचक छापेमारी कर इस पूरे नेटवर्क का पर्दाफाश किया। कार्रवाई के दौरान टीम द्वारा मौके से तीन युवकों को गिरफ्तार किया गया, जबकि तीन युवतियों को रेस्क्यू कर सुरक्षित बाहर निकाला गया। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार आरोपियों की पहचान हरीश साह, विकास कुमार और ओम विजय के रूप में हुई है। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि स्पा सेंटर की आड़ में युवतियों से जबरन देह व्यापार कराया जा रहा था। यह गतिविधि लंबे समय से संचालित हो रही थी, जिसकी सूचना मिलने पर एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट की टीम ने योजनाबद्ध तरीके से स्पा सेंटर पर औचक छापा मारा। रेस्क्यू की गई युवतियों को आवश्यक काउंसलिंग के बाद उनके परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया है। पुलिस के इस एक्शन के बाद हड़कंप मचा हुआ है। नगर के तमाम लोगों ने देह व्यापार के अवैध धंधे में लिप्त स्पा सेंटरों को पूर्ण रूप से बंद करा देने की मांग की है।

# किसानों के समर्थन में दो मई को सहकारी समिति पर सांकेतिक तालाबंदी का ऐलान

शाह टाइम्स संवाददाता

**शक्तिफार्म।** कृषि निदेशालय द्वारा 23 अप्रैल 2026 को जारी उर्वरक नियंत्रण एवं निगरानी आद. ेश के विरोध में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ने किसानों के समर्थन में 2 मई को किसान सेवा सहकारी समिति पर सांके. तिक तालाबंदी करने का निर्णय लिया है। इस कार्यक्रम में क्षेत्र के किसानों के साथ-साथ कांग्रेस कार्यकर्ता भी बड़ी संख्या में भाग लेंगे।



यह निर्णय गुरुवार को आयोजित ब्लॉक कांग्रेस कमेटी की बैठक में लिया गया। बैठक की अध्यक्षता ब्लॉक अध्यक्ष उत्तम आचार्य ने की। ब्लॉक अध्यक्ष उत्तम आचार्य ने प्रेस को जारी बयान में कहा कि कृषि निदेशालय का यह आदेश किसानों के हितों के विप. रीत है, जिससे उर्वरकों की उपलब्धता और वितरण प्रभावित हो सकता है। कांग्रेस पार्टी हमेशा किसानों के साथ खड़ी रही है और उनके अधिकारों की रक्षा के लिए संघर्ष करती रहेगी। दो मई की सां. केतिक तालाबंदी के माध्यम से हम सरकार तक किसानों की आवाज पहुंचाने का प्रयास करेंगे। उन्होंने क्षेत्र के सभी किसानों और कार्यकर्ताओं से इस आंदोलन में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर इसे सफल बनाने की अपील की है। बैठक में पूर्व दर्जा राज्य मंत्री बलवंत बोहरा, नगर अध्यक्ष विनय विश्वास, भगवान पांडेय, अमित सरकार, सुकुमार चक्रवर्ती, श्रीकांत, मनोज सुतार, सुमिंदर यादव, सपना मण्डल, गुड़िया अधिकारी, लक्ष्मी चौधरी सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# इंडो-नेपाल सीमा स्थित चौकियों का एसएसबी के आईजी ने किया निरीक्षण

- आईजी ने जवानों को दिए आवश्यक दिशा निर्देश



शाह टाइम्स संवाददाता

**खटीमा।** एसएसबी के महानि. रीक्षक ने इंडो-नेपाल सीमा स्थित चौकियों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने एसएसबी के जवानों को सीमा पर सुरक्षा को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

एसएसबी के महानिरीक्षक रानीखेत अमित कुमार अपने चार दिवसीय भारत नेपाल सीमा क्षेत्र के भ्रमण के दौरान मेलाघाट पहुंचे। उसके बाद उन्होंने सीमा चौकी सुन्दर नगर का भी निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान समवाय की कार्यप्रणाली, व्यवस्थाओं एवं संच. ालन के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रदान की । उन्होंने जवानों को सतर्कता एवं तत्परता के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने के निर्देश दिए तथा भविष्य में आधुनिक तकनीकी उपकरणों के उपयोग पर विशेष बल दिया।

उन्होंने जवानों को उत्साह एवं समर्पण भाव से कार्य करने हेतु प्रेरित किया तथा साइबर अपराधों से बचाव के संबंध में आवश्यक सुझाव भी दिए। वर्तमान ग्रीष्म ऋतु को ध्यान में रखते हुए उन्होंने जवानों को अपने स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए। इस अवसर पर महानिरीक्षक ने जवानों के साथ रात्रि भोजन भी किया तथा भोजन में मोटे अनाज के उपयोग को बढ़ावा देने पर जोर दिया।

इस दौरान अनिल कुमार शर्मा उप महानिरीक्षक, क्षेत्रक मुख्यालय पीलीभीत; गंगा सिंह उदावत, कमांडेंट, 57वीं वाहिनी, जसोंबंता सेनापति, सहायक कमांडेंट; सौरभ राम चन्द्र पाटिल, सहायक कमांडेंट निरीक्षक सुशील कुमार सहित अन्य अधिकारी एवं कार्मिक उपस्थित रहे।

# 7वीं उत्तराखंड राज्य फेंसिंग चैम्पियनशिप तीन को

शाह टाइम्स संवाददाता

**रुद्रपुर।** फेंसिंग एसोसिएशन ऑफ उत्तराखंड द्वारा 7वीं उत्तराखंड राज्य फेंसिंग चैम्पियनशिप, 2026 का आयोजन तीन मई 2026 (रविवार) को दिल्ली पब्लिक स्कूल, रुद्रपुर में किया जा रहा है। प्रतियोगिता का शुभारंभ प्रातः 08:00 बजे से होगा।

इस राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में उत्तराखंड के विभिन्न जिलों से खिलाड़ी भाग लेंगे। प्रतियोगिता मिनी, सब-जूनियर, कैडेट, जूनियर एवं सीनियर (बालक एवं बालि. का) वर्गों में आयोजित की जाएगी। फेंसिंग एसोसिएशन ऑफ उत्तराखंड के अध्यक्ष सुरजीत सिंह ने यह जानकारी दी। उल्लेखनीय है कि यह प्रतियोगिता आगामी राष्ट्रीय फेंसिंग चैम्पियनशिप के लिए चयन ट्रायल के रूप में भी आयोजित की जा रही है, जिससे खिलाड़ियों को राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिभा प्रदर्शन का अवसर प्राप्त होगा। सुरजीत सिंह ने सभी संबद्ध जिला फेंसिंग संघों से अनुरोध किया गया है कि वे अपने पात्र खिलाड़ियों की प्रविष्टियां समय पर सुनिश्चित करें तथा प्रतियोगिता के सफल आयोजन हेतु आवश्यक समन्वय करें।

# अंतर्राष्ट्रीय श्रम दिवस पर हुआ कार्यक्रम

शाह टाइम्स संवाददाता

**खटीमा।** सेंट जेवियर सेकेंडरी स्कूल में अंतर्राष्ट्रीय श्रम दिवस के अवसर पर विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम का उद्देश्य श्रमिकों के अथक परिश्रम, समर्पण एवं समाज निर्माण में उनके अमूल्य योगदान को सम्मान देना था। विद्यालय प्रबंधक फादर पीटर मलिथारा ने प्रार्थना सभा के बाद श्रमिकों के सम्मान में प्रेरणादायक भाषण एवं बच्चों ने कविताएं एवं संस्कृतिक प्रस्तुतियां दी।

प्रधानाचार्य सिस्टर थेरेसा एंटनी ने कड़ी मेहनत, लगन से श्रमिकों द्वारा तैयार ढांचे पर चर्चा की।

# सीएसडी कैंटीन में वाहन और प्रतीक्षालय शेड की मांग

शाह टाइम्स संवाददाता

**खटीमा।** पूर्व सैनिक संगठन के अध्यक्ष ने सांसद अजय भट्ट को ज्ञापन भेजकर सीएसडी केंटीन मे वहनों के लिए पार्किंग शेड और कैंटीन आने वाले पूर्व सैनिकों, आश्रितों, जवानो के लिए बैठने के लिए प्रतीक्षालय शेड बनाने की मांग की। इसके लिए बीस लाख रुपये सांसद निधि से स्वीकृत कराने को कहा।

सांसद भट्ट को भेजे ज्ञापन में पूर्व सैनिकों ने कहा कि खटीमा में पूर्व सैनिकों एवं सेवारत सैनिकों के परिवारों की सुविधा के लिए सीएसडी कैंटीन का संचालन किया जा रहा है। प्रतिदिन सैकड़ों पूर्व सैनिक, वीर नारियां एवं उनके आश्रित कैंटीन में सामान लेने आते हैं, लेकिन कैंटीन परिसर में वाहनों के लिए पार्किंग शेड और प्रतीक्षालय शेड नहीं होने के कारण लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने सांसद निधि से पूर्व सैनिकों के लिए धनराशि जारी करने की मांग की। ज्ञापन में पूर्व सैनिक संगठन के अध्यक्ष गंभीर सिंह धामी के हस्ताक्षर थे।

# शिवनगर में सजेगा बाबा श्याम का भव्य दरबार

- दो मई को होगा संकीर्तन महोत्सव
- एक मई को फुटबॉल ग्राउंड से निकलेगी भव्य निशान यात्रा



शाह टाइम्स संवाददाता

**रुद्रपुर।** श्री खाटू श्याम सेवा समिति शिवनगर के तत्वावधान में आगामी दो मई को इंडियन पब्लिक स्कूल शिवनगर के प्रांगण में तृतीय भव्य 'श्री श्याम संकीर्तन महोत्सव' का आयोजन किया जाएगा। महोत्सव की तैयारियों को लेकर पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल एवं समिति के पदाधिकारियों ने सिटी क्लब में आयोजित पत्रकार वार्ता के दौरान कार्यक्रम की विस्तृत रूपरेखा साझा की।

पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल ने जानकारी देते हुए बताया कि मुख्य महोत्सव के आगाज से पूर्व एक मई शुक्रवार को भव्य निशान यात्रा निकाली जाएगी। इस यात्रा का शुभारंभ फुटबॉल ग्राउंड ट्रांजिट कैंप से होगा, जो खाटू मंदिर गल्ला मंडी से होते हुए इंडियन पब्लिक स्कूल ट्रांजिट कैंप पहुंचकर संपन्न होगी। यात्रा के दौरान श्याम भक्त हाथों में पवित्र निशान और बाबा के जयकारों के साथ नगर भ्रमण करेंगे, जिससे पूरा क्षेत्र श्याममयी हो जाएगा। महोत्सव के दूसरे दिन आयोजित होने वाले संकीर्तन में ख्याति प्राप्त भजन गायक अपनी मधुर प्रस्तुतियों से भक्तों को भावविभोर करेंगे। मुख्य रूप से सुप्रसिद्ध गायक संजू पागल, खुशबू राधा, नरेश सैनी और हिमांशु मारवाड़ी बाबा श्याम के चरणों में भजनों की पुष्प वर्षा करेंगे। आयोज. कों ने समस्त धर्मप्रेमी जनता से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर बाबा का आशीर्वाद प्राप्त करें। पत्रकार वार्ता के दौरान संजीव गुप्ता, सुरेंद्र गुप्ता और विकास बंसल, राजेश रस्तोगी, अनुज गंगवार, यीशु पाठक, सुनील जालिम, सोनू, सुनील चुग,राकेश शर्मा, शिवांग पाठक सहित समिति के अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

# एचपीवी टीकाकरण शिविर आयोजित

शाह टाइम्स संवाददाता

खटीमा। नगर के राणा प्रताप इंटर कॉलेज में गुरुवार को स्वास्थ्य विभाग की टीम के समन्वय से एक विशेष टीकाकरण एवं जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान 14 वर्ष तक की बालिकाओं के अभिभावकों को एच.पी.वी. (ह्यूमन पैपिलोमा वायरस) वैक्सीन के फायदों के बारे में विस्तार से बताया गया।

स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने जानकारी दी कि यह टीका बालिकाओं को भविष्य में होने वाले जानलेवा रोगों से बचाने में अत्यंत सहायक है। जागरूकता सत्र के बाद उपस्थित अभिभावकों ने अपनी सहमति प्रदान की, जिसके बाद टीकाकरण की शुरुआत हुई। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधानाचार्य रविंद्र प्रकाश पंत ने की तथा संचालन विमल कुमार द्वारा किया गया। मोटिवेशन सत्र में डॉक्टर सोनाक्षी, एच.वी. गंगा जोशी और नमिता बोहरा ने स्वास्थ्य संबंधी महत्वपूर्ण जानका. रियां साझा कीं।

इस अवसर पर एएनएम पूजा, पी. एल.वी. विमल कुमार और मीरा देवी ने टीकाकरण कार्य में सहयोग किया। कार्यक्रम में विद्यालय के अध्यापक देवकीनंदन भट्ट, हरिश्चंद्र मठपाल, रश्मि सिंह और दीपक सहित कई शिक्षक व कर्मचारी उपस्थित रहे।

# प्राधिकरण की टीम ने अवैध निर्माणाधीन भवन किया सील




शाह टाइम्स संवाददाता

**रामनगर।** रामनगर के ग्राम ढिकुली क्षेत्र में बरसाती नाले पर कब्जा कर अवैध निर्माण करने पर जिला विकास प्राधिकरण की टीम ने कड़ी कार्रवाई करते हुए प्राधिकरण ने निर्माणाधीन भवन को पुलिस की मौजूदगी में सील करने की कार्रवाई की है।

इस संबंध जानकारी देते हुए एसडीएम गोपाल सिंह चौहान ने बताया कि ग्राम ढिकुली क्षेत्र में बरसाती नाले पर अवैध निर्माण को लेकर बुधवार को मौके पर प्राधिकरण की टीम ने निरीक्षण करते हुए निर्माण कार्य रोकने के आदेश देते हुए चालान करने की कार्रवाई की थी उन्होंने बताया कि इसके बाद बुधवार की देर रात यहां पर गुपचुप तरीके से निर्माण कार्य किया जा रहा था जिसकी सूचना डायल 112 के साथ ही उनको भी मिली थी जिसके बाद उन्होंने मौके पर पहुंच कर देखा तो निर्माण कार्य तेज गति से जारी था जिसको उन्होंने तत्काल पुलिस को मौके पर बुलाकर इसे रोकने की कार्रवाई की थी।एसडीएम ने बताया कि गुरुवार को जिला विकास प्राधिकरण की टीम ने मौके पर पहुंचकर निर्माणाधीन भवन को सील करने की कार्रवाई की है तो वही भवन स्वामी असलम सिद्दीकी ने बताया कि यह जमीन उनकी पत्नी के नाम है। जमीन की रजिस्ट्री एवं दाखिल खारिज होने के साथ ही जिला पंचायत से नक्शा भी पास कराया गया है। उन्होंने कहा कि प्राधिकरण द्वारा बिना किसी सूचना के आज उनके भवन को गलत तरीके से सील करने की कार्रवाई की है उन्होंने बताया कि विभाग द्वारा इस मामलों को लेकर उनके लंबे समय से उत्पन्न किया जा रहा है तो वही शिकायतकर्ता शिल्पेंद्र बंसल ने बताया कि उक्त इलाके में उनका भी एक प्लाट है और वहां पर एक व्यक्ति द्वारा अवैध निर्माण नाले के ऊपर किया जा रहा है जिसको लेकर उनका एक मामला न्यायालय में भी विचाराधीन है उन्होंने आज प्राधिकरण द्वारा की गई कार्रवाई को सही ठहराते हुए कार्रवाई करने की मांग की है।

# शास्त्रीय ,लोक संगीत और भजन गायन प्रतियोगिता का आयोजन

शाह टाइम्स संवाददाता

**रामनगर।** राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय रामनगर में संगीत की मधुर ध्वनियों ने एक अनोखा वातावरण रच दिया, जब शास्त्रीय ,लोक संगीत और भजन गायन प्रतियोगिता का भव्य आयोजन संगीत विभागीय परिषद द्वारा किया गया।

इस कार्यक्रम में न केवल छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया, बल्कि कॉलेज के सभी संकायों ने भी अपनी सहभागिता से आयोजन को और गरिमामय बना दिया।कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती वंदना से हुई, जिसके बाद प्रतिभागियों ने शास्त्रीय रागों, लोकगीतों और भक्तिमय भजनों की शानदार प्रस्तुतियां दीं। हर प्रस्तुति ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया और संगीत कक्ष तालियों की गूंज से भर उठा।निर्णायक मंडल में डॉव सुमन कुमार , डॉव लोतिका अमित, डॉ शिप्रा पंत एवं डॉ इंदु आर्या ने सुर, ताल और भाव की कसौटी पर प्रतिभागियों का मूल्यांकन किया। विजेताओं को सम्मानित करते हुए प्राचार्य प्रोफेसर एमसी पांडे ने कहा कि ऐसे आयोजन न केवल प्रतिभा को मंच देते हैं, बल्कि सांस्कृतिक मूल्यों को भी सशक्त बनाते हैं।यह प्रतियोगिता न केवल एक प्रतिस्पर्धा रही, बल्कि संगीत के माध्यम से एकता, सहयोग और सांस्कृतिक समृद्धि का उत्सव भी बन गई। इस दौरान गो. विंद सिंह मेवाड़ी, डा. डी.एन. जोशी, सांस्कृतिक सचिव कृतिका मंडोलिया,करण जोशी का आदि मौजूद रहे।

# ग्राम वनाधिकार समिति पूछड़ी नई बस्ती कालूसिद्ध ने पेश किया दावा

शाह टाइम्स संवाददाता

**रामनगर।** ग्राम वनाधिकार समिति पूछड़ी नई बस्ती कालूसिद्ध ने 'वनाधिकार कानून 2006' के तहत राजस्व ग्राम घोषित करने के लिए अपना संयुक्त दावा उपखंड स्तरीय समिति के समक्ष प्रस्तुत कर दिया है। समिति के प्रतिनिधियों ने सहायक समाज कल्याण अधिकारी (सचिव, उपखंड समिति) को ऐतिहासिक साक्ष्यों के साथ विस्तृत पत्रावली सौंपी। ग्राम स्तरीय वनाधिकार समिति की अध्यक्ष धना तिवारी ने बताया कि अधिनियम की धारा 3(1)(एच)के अनुसार 13 दिसंबर 2005 से पूर्व वन भूमि पर बसे समुदायों को राजस्व ग्राम का मालिकाना हक प्राप्त करने का संवैधानिक अधिकार है। उन्होंने बताया कि प्रशासन के निर्देशन में दिसंबर 2024 पूछड़ी और मार्च 2025 कालूसिद्ध में समितियों का विधिवत गठन किया गया था। विगत 22 मार्च को आयोजित खुली बैठक में सैकड़ों ग्रामीणों ने सामूहिक रूप से इस दावे का पुरजोर समर्थन किया।कालूसिद्ध समिति के सचिव सत्या पटवाल ने बताया कि ग्रामीण यहां 4-5 पीढ़ियों से निवास कर रहे हैं।जिसके साक्ष्य रामनगर और तराई पश्चिमी वन प्रभाग के पुराने वर्किंग प्लान्स (कार्य योजनाओं) में दर्ज हैं। उन्होंने जोर देकर कहा कि इसी कानून के तहत हाल ही में रामपुर लेटी व चौपड़ा जैसे वन ग्रामों को भी राजस्व ग्राम का दर्जा दिया गया है, जिससे क्षेत्रवासियों की उम्मीदें जगी हैं।मनोनीत ग्राम प्रधान अंजलि रावत ने कहा कि 1983 से मतदाता सूची में नाम, 1999 से संचालित प्राथमिक विद्यालय, आंगनबाड़ी केंद्र और अन्य सरकारी सुविधाओं का मौजूद होना यह सिद्ध करता है कि यह एक स्थापित बस्ती है। वनाधिकार कानून 2006 ही वह एकमात्र मार्ग है जिससे वन क्षेत्र में बसे इन लोगों के साथ हुए ऐतिहासिक अन्याय को दूर कर उन्हें मुख्यधारा से जोड़ा जा सकता है।ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि वन विभाग के पास 1966 के रिकॉर्ड न होने की स्थिति में ग्रामीणों के ऐतिहासिक साक्ष्यों को प्राथमिकता देते हुए जल्द से जल्द राजस्व ग्राम की घोषणा की जाए।

## एक नजर

### लंबे समय से फरार चल रहे वारंटी को हरिद्वार क्षेत्र से पकड़ा

शाह टाइम्स संवाददाता

**जसपुर।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक उधमसिंहनगर द्वारा वारंटियों की गिरफ्तारी हेतु जारी आदेश-निर्देशों के अनुपालन में, पुलिस अधीक्षक काशीपुर एवं क्षेत्राधिकारी बाजपुर के निर्देशन में प्रभारी निरीक्षक कोतवाली जसपुर के नेतृत्व में जसपुर पुलिस टीम द्वारा 29.04.2026 को कार्यवाही करते हुए न्यायालय में केस संख्या 315/2019, धारा 323, 498ए, मुक. दमा अपराध संख्या 167/2019 में लंबे समय से फरार चल रहे एक वारंटी अनित कुमार पुत्र सुखबीर सिंह निवासी ग्राम भीक्कमपुर जीतपुर, थाना लक्सर,जनपद हरिद्वार को थाना लक्सर, जनपद हरिद्वार क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया, जिसे नियमानुसार न्यायालय के समक्ष समय से प्रस्तुत किया गया। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में उ.नि. विजय सिंह, चौकी प्रभारी धरमपुर ,का.अब्दुल मलिक शामिल रहे।



### स्मैक के साथ नशा तस्कर दबोचा

शाह टाइम्स संवाददाता

**जसपुर।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ऊधमसिंहनगर, अजय गणपति द्वारा नशा तस्करों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान 'ऑपरेशन प्रहार' के क्रम में, पुलिस अधीक्षक काशीपुर एवं क्षेत्राधिकारी बाजपुर के निर्देशन में चौकी इंचार्ज नादेही उ. नि. संतोष देवरानी द्वारा मय पुलिस टीम के गस्त के दौरान चांस रिकवरी में जसपुर क्षेत्र से अभियुक्त गुलशेर पुत्र जमशेद निवासी फैज ए आम स्कूल के पीछे थाना जसपुर को 03.50 ग्राम स्मैक के साथ मोटरसाइकल पर परिवहन करते गिरफ्तार कर कोतवाली हाजा पर मुकदमा पंजीकृत किया गया है। अभियुक्त को न्यायालय के समक्ष पेश कर अग्रिम वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।



पकड़ने वाली पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक राजेंद्र सिंह डांगी, एसएसआई जावेद मलिक, एसआई संतोष देवरानी चौकी इंचार्ज नादेही, का. अरुण कुमार, दीपक जलाल आदि पुलिसकर्मी शामिल रहे।

### श्रीपुर विचुवा में हुआ श्रीमद्भागवत कथा का भव्य आयोजन


शाह टाइम्स संवाददाता

**खटीमा।** सीमांत क्षेत्र के श्रीपुर विचुवा स्थित श्री बजरंगबली मंदिर में समस्त ग्रामवासियों एवं धर्मप्रेमी श्रद्धालुओं के सहयोग से भव्य श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन किया गया। इस पावन अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में नगर पालिका परिषद खटीमा के अध्यक्ष रमेश चंद्र जोशी उपस्थित रहे। उन्होंने व्यास पीठ के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर आशीर्वाद लिया और समस्त क्षेत्र वासियों की सुख-समृद्धि व खुशहाली की कामना की।

कथा के दौरान श्रद्धेय आचार्य सुरेश भट्ट ने श्रीमद्भागवत महापुराण का भावपूर्ण वर्णन करते हुए श्रद्धालुओं को भक्ति रस से सराबोर कर दिया। उन्होंने कहा कि भागवत कथा के श्रवण मात्र से ही मनुष्य का कल्याण संभव है। कार्यक्रम में गणेश चंद, लीलाधर सहित दर्जनों की संख्या में श्रद्धालु और क्षेत्रीय लोग उपस्थित रहे। आरती के पश्चात सभी भक्तों को प्रसाद वितरित किया गया।

### चरस के साथ तस्कर पकड़ा

शाह टाइम्स संवाददाता



**खटीमा।** उधम सिंह नगर पुलिस द्वारा नशे के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत चकरपुर चौकी पुलिस ने एक युवक को भारी मात्रा में चरस के साथ दबोचा है। पुलिस टीम ने पंथागोठ मार्ग पर चेकिंग के दौरान सूरज सिंह, निवासी ग्राम टुकड़ी, नानकमत्ता को रोका। तलाशी लेने पर उसके कब्जे से 515 ग्राम अवैध चरस बरामद हुई।

चकरपुर चौकी प्रभारी विकास कुमार ने बताया कि आरोपी के खिलाफ खटीमा थाने में एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर उसे जेल भेज दिया गया है। पुलिस टीम में एएसआई नाथ सिंह, कांस्टेबल पूरन सिंह और सुभाष पाण्डेय शामिल रहे।

### बॉर्डर सुरक्षा में युवाओं की भागीदारी से सुरक्षित सीमाएं और समर्थ समाज निर्माण संभव

शाह टाइम्स संवाददाता

**खटीमा।** बग्गा 54 स्थित राजकीय इंटर कॉलेज में सीमा विमर्श एवं सीमा दर्शन संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बॉर्डर क्षेत्र के खंडों के छात्र-छात्राओं के साथ संवाद में राष्ट्र जागरण, की दृष्टि बदलती डेमोग्राफी, नशा अवैध घुसपैठ, बॉर्डर क्षेत्र में रिवर्स पलायन व आत्मनिर्भरता जैसे विषयों पर विचार-विमर्श हुआ। सीमा जागरण मंच के प्रदेश संगठन मंत्री आशीष वाजपेयी ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा आने वाला समय सीमाओं का है। जिन देशों की सीमाएं सशक्त होती हैं, वहां अवैध घुसपैठ, नशा और देश विरोधी तत्वों पर स्वत: लगाम लग जाती है। युवाओं से आह्वान किया कि वे अपने क्षेत्र में आत्मनिर्भरता व राष्ट्र जागरण में योगदान दें। बॉर्डर क्षेत्र में समाज को जागरूक करने हेतु युवा पीढ़ी को आगे आकर सीमा दर्शन एवं सीमा विमर्श पर स्थानीय लोगों के साथ संवाद करना चाहिए उत्तराखंड राज्य की बदलती डेमोग्राफी नशा और युवाओं के भविष्य के अस्तित्व पर आ रहे खतरों पर चिंता व्यक्त की।कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधानाचार्य प्रमोद कुमार शर्मा ने की इस दौरान वरिष्ठ कार्यकर्ता कैलाश पांडे , चामू सिंह महेंद्र साहनी शिक्षक गण व छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

### विद्या मंदिर इंटर कॉलेज के देवेश व कशिश को जिलाधिकारी ने किया सम्मानित

शाह टाइम्स संवाददाता

**खटीमा।** राम कुमारी अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज के विद्यार्थियों को जिलाधिकारी नितिन भदोरिया ने उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया। जिसमें छात्र देवेश ने 94.8 तथा छात्रा कशिश पांडे ने 93.2 प्रतिशत अंक हासिल कर उत्तराखंड की मेरिट सूची में 14वां एवं 18वां स्थान प्राप्त किया था। जिलाधिकारी भदोरिया एवं मुख्य विकास अधिकारी देवेश शाशनी ने मेधावी छात्र-छात्राओं का हौसला बढ़ाते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की और अधिकारी द्वय ने शिक्षा के क्षेत्र में उन्हें हर संभव सहायता का आश्वासन दिया। इस अवसर पर देवेश के पिता गोविंद सिंह पुजारी, कशिश के पिता चंद्रशेखर पांडे, विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ भगत सिंह बोरा तथा आचार्य प्रकाश चन्द उपस्थित थे।



### दो वारंटी गिरफ्तार , पुलिस ने कोर्ट में किया पेश

शाह टाइम्स संवाददाता

**बाजपुर।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, जनपद उधम सिंह नगर के निर्देशानुसार वांछित/वारंटियों की गिरफ्तारी के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत चौकी सुल्तानपुर पट्टी पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस अधीक्षक काशीपुर व क्षेत्राधिकारी बाजपुर के निर्देशन तथा प्रभारी निरीक्षक बाजपुर के नेतृत्व में गठित टीम ने गुरुवार को दो वारंटियों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार आरोपियों में सचिन पुत्र राकेश एवं विपिन पुत्र राकेश, निवासी वार्ड नंबर 3 टांडा बंजारा, सुल्तानपुर पट्टी, थाना बाजपुर है। दोनों के खिलाफ वाद संख्या 732/2024, एफआईआर नंबर 45/2024, धारा 147/148/149/323/506 भादवि के तहत मामला दर्ज है। पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश कर दिया है। पुलिस टीम में शामिल रहे। प्रभारी निरीक्षक नरेश चौहान, उपनिरीक्षक मनीष खत्री, उपनिरीक्षक दीपक बिष्ट, कांस्टेबल जरनैल सिंह एवं कांस्टेबल अमित जोशी।

# पुनरीक्षण में लापरवाही पर होगी कार्रवाईः डीएम

**विशेष गहन पुनरीक्षण को लेकर जिलाधिकारी ने दिए सख्त निर्देश**



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिथौरागढ़।** जनपद पिथौरागढ़ में विशेष गहन पुनरीक्षण (SIR) के सफल एवं पारदर्शी क्रियान्वयन को लेकर जिलाधिकारी आशीष भटगाईं की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई।

बैठक में जिलाधिकारी ने उपजिलाधिकारियों, तहसीलदारों एवं संबंधित अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य को पूरी गंभीरता, पारदर्शिता और समयबद्धता के साथ संपन्न कराया जाए। उन्होंने कहा कि यह कार्य अत्यंत संवेदनशील है, अतः इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही या शिथिलता कतई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि पुनरीक्षण के दौरान प्रत्येक प्रविष्टि का सूक्ष्म परीक्षण किया जाए तथा अपात्र नामों को हटाते हुए पात्र व्यक्तियों को सूची में शामिल किया जाए।

उन्होंने फील्ड स्तर पर अधिकारियों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने के निर्देश देते हुए कहा कि सभी अधिकारी नियमित रूप से निरीक्षण करें और कार्य की प्रगति की दैनिक समीक्षा करें। उन्होंने यह भी कहा कि आमजन को जागरूक करने हेतु व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए, ताकि कोई भी पात्र व्यक्ति सूची से वंचित न रह जाए। शिकायतों के त्वरित एवं निष्पक्ष निस्तारण के लिए प्रभावी व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए गए।

जिलाधिकारी ने दो टूक शब्दों में कहा कि कार्य में लापरवाही पाए जाने पर संबंधित अधिकारी/कर्मचारी के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। बैठक में अपर जिलाधिकारी योगेंद्र सिंह, उपजिलाधिकारी सदर जीतेन्द्र वर्मा सहित सभी उपजिलाधिकारी (VC के माध्यम से) तथा संबंधित विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# खाद्य संरक्षा विभाग ने मंडी में छापेमारी कर फल और सब्जियों के नमूने लिए

**बिना लाइसेंस कारोबार करने वाले तीन विक्रेताओं को विभाग ने थमाया नोटिस**



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** आयुक्त खाद्य संरक्षा एवं औषधि प्रशासन सचिन कुर्वे के निर्देशों पर कुमाऊं मंडल के उपायुक्त डा. राजेन्द्र सिंह कठायत के नेतृत्व में बगवाड़ा थोक मंडी में विशेष अभियान चलाया गया। इस कार्यवाही का मुख्य उद्देश्य फलों और सब्जियों में अप्राकृतिक रंगों के प्रयोग तथा कृत्रिम रूप से पकाने वाले रसायनों की जांच व रोकथाम करना था।

जांच अभियान के दौरान वरिष्ठ खाद्य सुरक्षा अधिकारी अर्पणा साह और खाद्य सुरक्षा अधिकारी आशा आर्या ने मंडी स्थित आढ़तियों से आम, पपीते और बैंगन के कुल तीन सर्विलांस नमूने लिए। इन नमूनों को परीक्षण के लिए राजकीय प्रयोगशाला भेजा गया है। विभाग का कहना है कि प्रयोगशाला से रिपोर्ट प्राप्त होने के बाद संबंधितों के विरुद्ध अग्रिम कार्यवाही की जाएगी। निरीक्षण के दौरान एफएसएसएआई लाइसेंस और पंजीकरण के बिना व्यापार कर रहे तीन फल व सब्जी विक्रेताओं को नोटिस भी जारी किए गए।अधिकारियों ने समस्त आढ़तियों और कारोबारियों को सख्त हिदायत दी कि वे फलों को पकाने के लिए किसी भी स्थिति में प्रतिबंधित कैल्सियम कार्बाइड का प्रयोग न करें। उन्हें केवल अनुमोदित एथिलीन राइपनर को ही इस्तेमाल करने के निर्देश दिए गए। साथ ही सब्जियों में अप्राकृतिक रंगों के उपयोग को लेकर भी चेतावनी दी गई। विभाग ने स्पष्ट किया कि जनहित में इन नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम के अंतर्गत कठोर कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।इस अभियान दल में उपायुक्त डॉ- राजेन्द्र सिंह कठायत, वरिष्ठ खाद्य सुरक्षा अधिकारी अर्पणा साह, खाद्य सुरक्षा अधिकारी आशा आर्या और पंकज कुमार शामिल रहे। विभाग ने संकेत दिए हैं कि उपभोक्ताओं को सुरक्षित खाद्य सामग्री उपलब्ध कराने के लिए यह विशेष अभियान आगे भी निरंतर जारी रहेगा।

## एक नजर

# आदि कैलाश यात्रा 2026 की तैयारियां पूरी, आज से होगी प्रारंभ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिथौरागढ़।** जनपद पिथौरागढ़ में आदि कैलाश यात्रा 2026 के सफल संचालन हेतु सभी आवश्यक तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। जिलाधिकारी आशीष भटगांई ने अवगत कराया कि 28 अप्रैल से यात्रा हेतु इनर लाइन परमिट (ILP) जारी किए जा चुके हैं।



आज शुक्रवार से यात्रा विधिवत प्रारंभ होगी, जिसके तहत पंजीकृत यात्री निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार यात्रा पर प्रस्थान करेंगे। जिलाधिकारी ने यात्रियों से अपील की है कि वे यात्रा से पूर्व मौसम की अद्यतन जानकारी अवश्य प्राप्त करें। उच्च हिमालयी क्षेत्र (हाई एल्टीट्यूड) को ध्यान में रखते हुए उन्होंने यात्रियों को यथासंभव 4×4 वाहनों का उपयोग करने की सलाह दी है। प्रशासन के अनुसार यात्रा मार्ग पूर्ण रूप से सुचारू है तथा सड़क मार्ग खोल दिया गया है। Border Roads Organization (BRO) को मार्गों के रख-रखाव एवं सुचारू संचालन हेतु सक्रिय कर दिया गया है। यात्रियों की सुरक्षा एवं सुविधा के दृष्टिगत विभिन्न स्थानों पर प्रशासनिक अधिकारियों एवं सुरक्षा बलों की तैनाती सुनिश्चित की गई है। सभी संबंधित विभाग एवं एजेंसियाँ अलर्ट मोड में कार्य कर रही हैं तथा यात्रा मार्ग पर आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित कर ली गई हैं। प्रशासन ने यात्रियों से अपील की है कि वे यात्रा पर प्रस्थान से पूर्व अपना ILP परमिट, स्वास्थ्य संबंधी सावधानियों एवं मौसम से जुड़े दिशा-निर्देशों का अनिवार्य रूप से पालन करें। जनपद प्रशासन ने विश्वास व्यक्त किया है कि सभी के सहयोग से यह यात्रा सुरक्षित, सुचारू एवं सफलतापूर्वक संपन्न होगी।

# पुलिस परिवार ने अनुभवी साथियों को दी सम्मानपूर्ण विदाई




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिथौरागढ़।** जनपद पिथौरागढ़ पुलिस परिवार के लिए आज का दिन भावुक एवं गौरवपूर्ण रहा, जब वर्षों तक कर्तव्यनिष्ठा, अनुशासन एवं समर्पण भाव से सेवा देने वाले पुलिस कर्मियों को सम्मानपूर्वक विदाई दी गई।

अपर उपनिरीक्षक हरीश चन्द्र काण्डपाल अधिवर्षता सेवानिवृत्ति पर 40 वर्ष 01 माह 29 दिन की नियमित एवं सराहनीय सेवा पूर्ण कर सेवानिवृत्त हुए। आरक्षी प्रकाश चन्द्र अधिवर्षता सेवानिवृत्ति पर 18 वर्ष 05 माह 03 दिन की सेवा पूर्ण कर सेवानिवृत्त हुए। महिला कांस्टेबल किरन बिष्ट स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति पर 24 वर्ष 09 दिन की सेवा के उपरांत पुलिस विभाग से सेवानिवृत्त हुईं। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक अक्षय प्रहलाद कोंडे द्वारा सभी सेवानिवृत्त कर्मियों को स्मृति चिन्ह एवं शुभकामनाएं प्रदान कर उनके उज्ज्वल, स्वस्थ एवं सुखद भविष्य की कामना की गई। एसपी ने कहा कि पुलिस विभाग में उनकी सेवाएं सदैव प्रेरणास्रोत रहेंगी तथा उनके योगदान को हमेशा सम्मानपूर्वक याद किया जाएगा। कार्यक्रम के दौरान पुलिस उपाधीक्षक गोविन्द बल्लभ जोशी, प्रतिसार निरीक्षक नरेश चन्द्र जखमोला सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे तथा सभी ने सेवानिवृत्त कर्मियों को भावभीनी विदाई दी।

# पुलिस ने रबर ट्यूब में भरी 60 लीटर कच्ची शराब के साथ तस्कर दबोचा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सितारगंज से आने वाले ग्राहक को शराब की डिलिवरी देने के इंतजार में खड़ा था तस्कर**

**नानकमत्ता।** मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने रबड़ की ट्यूब में भारी कच्ची शराब के साथ नशा तस्कर को गिरफ्तार किया है।

गुरुवार को पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार जनपद के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय गणपति के निर्देशन में नशे के विरुद्ध चला जा रहे अभियान के तहत मुखबिर की सूचना पर प्रतापपुर चौकी पुलिस ग्राम पक्की खमरिया के प्राइमरी स्कूल से कुछ दूरी पर रोड के किनारे खडे एक व्यक्ति के कब्जे से रबर ट्रयूब में भरी 60 लीटर कच्ची शराब बरामद की है। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम गुरमीत सिंह उर्फ मित्तू पुत्र सबेग सिंह निवसी पक्की खमरिया नानकमत्ता बताया है। पुलिस पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह कच्ची शराब घर से लेकर आया था जिसे वह सितारगंज से आने वाले ग्राहक को देने के इंतजार लेकर खडा था । गिरफ्तार आरोपी के विरुद्ध पुलिस में आबकारी अधिनियम के तहत मुकदमा पंजीकृत किया है। पकड़ने वाली पुलिस टीम में चौकी प्रभारी प्रतापपुर उप निरीक्षक राजेन्द्र पन्त, सिपाही दिनेश चन्द्र, गिरीश चन्द्र शामिल हैं।

# जेसीज स्कूल में श्रमिक दिवस एवं बुद्ध पूर्णिमा पर हुआ कार्यक्रम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** जेसीज पब्लिक स्कूल, रुद्रपुर में श्रमिक दिवस एवं बुद्ध पूर्णिमा के पावन अवसर पर एक विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को महात्मा बुद्ध के जीवन दर्शन एवं श्रमिकों के महत्व से अवगत कराना था।



सभा का शुभारंभ प्रार्थना से हुआ, जिसके पश्चात छात्र-छात्राओं ने महात्मा बुद्ध के जीवन, उनके उपदेशों और अहिंसा-करुणा के सिद्धांतों पर आधारित कविता पाठ, प्रश्नोत्तरी एवं भाषण प्रस्तुत किए। विद्यार्थियों ने बुद्ध पूर्णिमा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि कैसे गौतम बुद्ध का जीवन आज भी सत्य, शांति और मध्यम मार्ग का प्रतीक है। श्रमिक दिवस के उपलक्ष्य में विद्यार्थियों को श्रमिक वर्ग के संघर्ष, त्याग और कठिन परिश्रम से परिचित कराया गया। इस दौरान बच्चों को श्रमिकों के प्रति सम्मान, न्यायप्रिय व्यवहार और कृतज्ञता का भाव रखने की प्रेरणा दी गई। विद्यालय के प्रधानाचार्य आरडी शर्मा ने अपने संबोधन में महात्मा बुद्ध के व्यक्तित्व और उनके संदेशों पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने विद्यार्थियों को बुद्ध के आदर्शों को अपने जीवन में अपनाने का आह्वान किया। शिक्षिका पंकजा तिवारी ने महात्मा बुद्ध द्वारा बताए गए अष्टांग मार्ग के सिद्धांतों पर चर्चा की और बच्चों को इन सिद्धांतों को जीवन में उतारने के लिए प्रेरित किया।

विद्यालय प्रबंधन समिति के महासचिव सुरजीत सिंह ग्रोवर तथा निदेशक सुधांशु पन्त ने विद्यार्थियों को बुद्ध पूर्णिमा की शुभकामनाएँ दीं तथा महात्मा बुद्ध के जीवन से प्रेरणा लेकर जीवन पथ को आलोकित कर आगे बढ़ने का संदेश दिया।

# सभी पक्षकारों ने संयुक्त जांच समिति के समक्ष रखा अपना-अपना पक्ष

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बाजपुर।** बुक्सा जनजाति भूमि प्रकरण को लेकर एडीएम कौस्तुभ मिश्रा की अध्यक्षता में गठित जांच कमेटी ने बाजपुर एसडीएम कार्यालय में पक्षकारों के बयान दर्ज किए।



**बुक्सा जनजाति भूमि प्रकरण**

शिकायतकर्ता नन्नी देवी पत्नी स्व. तुला सिंह, संजू कुमार, मुगल सिंह पुत्रगण स्व. तुला सिंह निवासी ग्राम सेमलपुरी बाजपुर एवं पक्षकार गदरपुर विधायक अरविन्द पाण्डेय के पुत्र अतुल पाण्डेय व मौके के कब्जेदार मक्खन सिंह ने जाँच कमेटी के समक्ष उपस्थित होकर अपना-अपना पक्ष रखा। मीडिया से रूबरू होते हुए एडीएम कौस्तुभ मिश्रा ने कहा कि कमेटी द्वारा पक्षकारों के बयान दर्ज कर हर पहलू पर विस्तृत जांच की जा रही है। सभी पहलुओं की निष्पक्ष जांच कर कमेटी अपने मंतव्य से सक्षम फोरम पर अवगत कराएगी। मीडिया के समक्ष किसी भी प्रकार की टिप्पणी नहीं करेगी। यहां बता दें कि ग्राम सेमलपुरी बाजपुर निवासी नन्नी देवी पत्नी स्व. तुला सिंह, संजू कुमार, मुगल सिंह पुत्रगण स्व. तुला सिंह ने गदरपुर विधायक अरविन्द पाण्डेय के सुपुत्र अतुल पाण्डेय पर कूटरचित साक्ष्यों के आधार पर राजस्व वाद सं. 22/03 वर्ष 2010-11 धारा 229 बीज.वि. एवं भू.सु.अधि. के तहत ग्राम सेमलपुरी तहसील बाजपुर के खसरा नं. 25/1 रकबा 1.154 है. व खसरा नं. 26 मि. रकवा 1.1120 है. कुल रकवा 1.274 है. भूमि को अपने नाम दर्ज कराने का आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग की है।

मामले में डीएम नितिन भदौरिया ने एडीएम की अध्यक्षता में एसडीएम, बंदोबस्त चकबंदी अधिकारी, अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी की संयुक्त जांच समिति गठित की है। संयुक्त जांच समिति द्वारा मामले की गहनता से जांच की जा रही है।

# हरेन्द्र प्रसाद बने उत्तराखंड क्रांति दल के जिलाध्यक्ष

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** उत्तराखंड क्रांति दल के केंद्रीय कैंप कार्यालय पर आयोजित बैठक में उक्रांद के केन्द्रीय उपाध्यक्ष एवं कुमाऊं प्रभारी बहादुर सिंह रावत ने कहा कि उत्तराखंड क्रांति दल आगामी चुनाव में राज्य की सभी विधानसभा सीटों पर चुनाव लड़ेगा। इसके लिए उक्रांद द्वारा पूरी तैयारी कर रहा है।




उक्रांद नेता ने कहा कि अब समय आ चुका है जबकि भारतीय जनता पार्टी एवं कांग्रेस पार्टी की सरकारों के कुशासन से आम प्रदेशवासी को निजात दिलाई जा सकें। प्रदेश की जनता तिसरे विकल्प के रूप में उत्तराखंड क्रांति दल को मौका देना चाहती है। उत्तराखंड ही एक ऐसी पार्टी है जो जन सरोकारों से जुड़े मुद्दों के आधार पर राज्य का सर्वांगीण विकास कर सकती है। कुमाऊं प्रभारी रावत ने कहा कि जल, जमीन, जंगल के मुद्दों से प्रदेश व यहां के युवाओं का भविष्य सुधारा जा सकता है। इसदौरान कुमाऊं प्रभारी रावत ने आम जनता व उक्रांद कार्यकर्ताओं की सहमति से हरेन्द्र प्रसाद को उक्रांद जिलाध्यक्ष खटीमा मनोनीत किया। केन्द्रीय कैंप कार्यालय पर आयोजित कार्यकर्ता बैठक में नवनियुक्त जिलाध्यक्ष हरेन्द्र प्रसाद ने कहा कि वह आम जनता, पार्टी कार्यकर्ताओं सहित केन्द्रीय नेतृत्व के इच्छानुसार कार्यकर आगामी चुनाव में पार्टी प्रत्याशी को विजय श्री दिलाकर पार्टी को मजबूत करेंगे। कार्यक्रम में धन बहादुर चंद, शिव शंकर भाटिया, श्याम सिंह नेगी, गोविंद सिंह बिष्ट, संतोष महरोत्री, शिवलाल रस्तोगी, शहाबुद्दीन अंसारी, तेज सिंह सामंत, ओमकार कार्की, अंकेश भंडारी, प्रताप सिंह चौहान, कैलाश भट्ट, रमेश सिंह मनोला, जोत सिंह मनोला, खड़क सिंह मुड़ेला, जगत सिंह मेहरा, चामू सिंह, नारायण सिंह मेहता आदि मौजूद थे।

# झूलते बिजली के तार और टेढ़े पोल बन रहे खतरा, ग्रामीणों ने की शिकायत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** क्षेत्र के अंतर्गत मुंडली, चारुबेटा और शिव कॉलोनी जैसे इलाकों में बिजली की चरमराती व्यवस्था से आम जनता परेशान है। स्थानीय निवासियों ने बिजली विभाग के उपखंड अधिकारी को पत्र लिखकर क्षेत्र में लगे जर्जर बिजली के पोलों और नीचे तक झूल रहे तारों को दुरुस्त करने की मांग की है।

क्षेत्रवासियों का कहना है कि विद्युत खंभों की स्थिति अत्यंत दयनीय है। कई खंभे असंतुलित होकर झुक गए हैं, तो वहीं हाई-वोल्टेज तार काफी नीचे तक लटके हुए हैं। इससे विशेषकर बरसात और तेज हवाओं के मौसम में किसी भी बड़े हादसे की आशंका बनी रहती है। झूलते तारों के कारण न केवल आम जनता और बच्चों के लिए खतरा पैदा हो गया है, बल्कि आए दिन बिजली की आपूर्ति भी बाधित होती रहती है। ग्रामीणों ने विभाग से मांग की है कि जल्द से जल्द विद्युत पोलों की जांच कराकर उन्हें व्यवस्थित किया जाए और लटकती हुई तारों को सही ऊंचाई पर कसा जाए। इस दौरान शिकायत पत्र सौंपने वालों में मंडल अध्यक्ष महेश राणा, मंडल महामंत्री प्रकाश शर्मा, भुवन जोशी, गोकुल ओली, सूरज धामी, विक्की अंसारी और अमित जोशी सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# महाविद्यालय में सिविल सर्विसेज कोचिंग का सफलतापूर्वक समापन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** पीएनजी राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में अनुसूचित जाति के अभ्यर्थियों के लिए उत्तराखंड समाज कल्याण विभाग द्वारा प्रायोजित भारतीय प्रशासनिक सेवा (सिविल सर्विसेज) प्रारंभिक परीक्षा के त्रैमासिक पाठ्यक्रम का समापन हो गया। केन्द्र प्रभारी डॉ. नरेश कुमार ने बताया कि महाविद्यालय में कोचिंग कक्षाओं का संचालन 1 जनवरी 2026 से किया जा रहा था।

कोचिंग कक्षा के लिए पंजीकृत 50 छात्र छात्राओं को कुल 240 व्याख्यानों में बाह्य एवं आंतरिक रिसोर्स पर्सन के द्वारा प्रशिक्षित किया गया। प्रशिक्षण अवधि में प्रारंभिक परीक्षा से संबंधित सभी विषयों की विभिन्न इकाइयों को गंभीरता से तैयार कराया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर एम.सी. पाण्डे के किया गया।अतिथि रिसोर्स पर्सन के रूप में कविता अग्रवाल रही। कार्यक्रम का संचालन एवं रूपरेखा कोचिंग के समन्वयक डॉ. नरेश कुमार ने प्रस्तुत की।इस दौरान अध्ययनकाल में परीक्षा की तैयारी के साथ-साथ विद्यार्थियों के मूल्यांकन व प्रोत्साहन के लिए समय-समय पर तैयारी के दौरान लिए गए मॉक टेस्ट में प्रथम, द्वितीय तथा तृतीय स्थान पर रहे छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत किया गया।

इस अवसर पर कोचिंग कक्षाओं के दौरान उपस्थिति में टॉप रहे 10 छात्र-छात्राओं को सम्मानित भी किया गया। कोचिंग के लिए दिल्ली के विभिन्न प्रतिष्ठित कोचिंग संस्थाओं के विषय विशेषज्ञों को आमंत्रित कर व्याख्यान आयोजित किए गए। इसके अतिरिक्त राज्य के विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालय के अनुभवी विषय विशेषज्ञ प्राध्यापकों द्वारा कक्षाओं के संचालन के लिए आमंत्रित किया गया था। समापन समारोह के दौरान महाविद्यालय के कोचिंग स्टडी सेंटर द्वारा छात्र-छात्राओं को स्टडी मैटेरियल का भी निशुल्क वितरण किया गया। इस अवसर पर कोचिंग संचालन में सहयोगी की भूमिका में आनंद बल्लभ रिखाड़ी, डॉ.सुमन कुमार, डॉ.पी सी पालीवाल, मोहन सिंह नेगी सहित छात्र छात्राएं मौजूद रहे। समापन समारोह में महाविद्यालय के प्राचार्य एवं कोचिंग संस्थान के समन्वयक द्वारा छात्र-छात्राओं को आगामी यूपीएससी परीक्षा के लिए बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई।

# कोतवाली में पेट्रोल लेकर पहुंची महिला

**पुलिस की सतर्कता से टला बड़ा हादसा**



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बाजपुर।** स्थानीय कोतवाली में उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब एक महिला पेट्रोल लेकर आत्महत्या करने की नीयत से पहुंच गई। महिला ने एक युवक पर शादी का झांसा देकर शारीरिक उत्पीड़न करने का आरोप लगाया। मौके पर मौजूद पुलिसकर्मियों ने तत्परता दिखाते हुए महिला को समय रहते काबू में कर लिया, जिससे बड़ा हादसा टल गया। इसके बाद पुलिस ने महिला को सुरक्षित स्थान पर ले जाकर पूछताछ शुरू कर दी। पीड़िता ने कोतवाली में ही संबंधित युवक को बुलाने की मांग की है। साथ ही उसने पुलिस से युवक के खिलाफ फिलहाल कोई कार्रवाई न करने की बात कही है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है और दोनों पक्षों से पूछताछ के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# एसडीएम कोर्ट में धरना, पुश्तैनी जमीन दर्ज कराने की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बाजपुर।** एसडीएम कोर्ट परिसर में बुधवार को एडीएम की गाड़ी के आगे धरना देकर कुछ लोगों ने अपनी पुश्तैनी जमीन दर्ज कराने की मांग उठाई। गदरपुर विधानसभा क्षेत्र के ग्राम चकरपुर निवासी विशाल नारंग, हरलालपुर के मतलूब और रवि कुमार धरने पर बैठ गए और प्रशासन से जमीन दिलाने की मांग की। धरने पर बैठे लोगों ने बताया कि संजय बंसल, तिलक राज शर्मा, पदम बंसल आदि के माध्यम से उनकी भूमि का समाधान कराने की मांग की जा रही है। विशाल नारंग ने आरोप लगाया कि बाजपुर के ग्राम चकरपुर क्षेत्र के माजरा प्रभु रामलीला ग्राउंड सहित आसपास की करीब 10 सेकंड भूमि उनके दादा के नाम सरकार द्वारा पूर्व में अलॉट की गई थी, लेकिन अब तक वह भूमि उनके नाम दर्ज नहीं हो पाई है। धरनारत लोगों ने प्रशासन से मांग की कि उक्त भूमि का राजस्व अभिलेखों में उनके नाम दर्ज कराया जाए। वहीं, मौके पर मौजूद प्रशासनिक अधिकारियों ने मामले की जांच कर उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया।



# जल संरक्षण, आधुनिक समय की सबसे बड़ी सामाजिक जिम्मेदारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**चंपावत।** आज जब दुनिया तकनीक, उद्योग और शहरीकरण की ओर तेजी से बढ़ रही है, वहीं पानी का संकट भी उतनी ही तेजी से गहराता जा रहा है। कभी जीवन का स्वाभाविक अंग समझा जाने वाला जल, अब संसाधनों की सूची में सबसे अधिक संकटग्रस्त स्थान पर आ पहुँचा है। विडंबना यह है कि जिस पृथ्वी को नीला ग्रह कहा जाता है, उसी पर पीने योग्य स्वच्छ जल की उपलब्धता लगातार घटती जा रही है। ऐसे दौर में जल संरक्षण केवल एक पर्यावरणीय मुद्दा नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के अस्तित्व से जुड़ा प्रश्न बन चुका है। स्कूली छात्र-छात्राओं एवं आम जनमानस को सदैव जागरूक करते आ रहे शिक्षक प्रकाश चन्द्र उपाध्याय ने कहा कि आज का युवा, आज का किसान, आज का शहरी नागरिक, हर किसी को समझना होगा कि पानी सिर्फ नदी, झरने और नलों से मिलने वाली सुविधा नहीं, बल्कि धरती का सबसे मूल्यवान स्रोत है। उन्होंने जब बचेगा जल, तभी रहेगा कल स्लोगन जैसे माध्यमों से लोगों को जागरूक करने पर जोर दिया। बदलती जलवायु (क्लाइमेट चेंज) ने वर्षा के पैटर्न बिगाड़ दिए हैं, ग्लेशियर तेजी से पिघल रहे हैं और भूजल ऐसे समाप्त हो रहा है मानो हम इसकी अंतिम परतें खींच रहे हों। हालिया रिपोर्टें बताती हैं कि देश के कई शहर श्डे-जीरोश की तरफ बढ़ रहे हैं। वह दिन दूर नहीं, जब घरों, अस्पतालों और उद्योगों तक पानी की आपूर्ति ठप हो सकती है। श्री उपाध्याय ने बताया कि इस चुनौती का समाधान हमारे ही हाथों में है। जल संरक्षण कोई भारी-भरकम परियोजना नहीं, बल्कि छोटे-छोटे दैनिक प्रयासों का विज्ञान है। वर्षा जल संचयन, पारंपरिक जल स्रोतों का पुनर्जीवन, घरों में लीकेज रोकना, वाटर-रिचार्ज पिट बनाना है।

## कार्यालय नगर पालिका परिषद टनकपुर जिला चम्पावत

पत्रांक-89/नामान्तरण सूचना/2026-27 दिनांक-29-4-2026

**गृहकर अभिलेखों में नाम दर्ज हेतु सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पालिका परिषद टनकपुर के गृहकर अभिलेखों में निम्न विवरण के अनुसार पूर्व में अंकित नाम खारिज कर उनके नाम के सम्मुख अंकित व्यक्तियों के नाम दर्ज कराने हेतु निम्नलिखित अभिलेखों के आधार पर नामान्तरण/संसोधन किया जाना प्रस्तावित है।

| क्र. सं. | आवेदक का नाम | भवन संख्या | वर्तमान में जिस व्यक्ति दर्ज किया जाना है | जिसके नाम दर्ज है का नाम | संलग्न दस्तावेज |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | श्री नन्हे सिंह पुत्र श्री श्री किशनपाल सिंह | भवन सं. 494 वार्ड नं. 3 टनकपुर | श्री दीपक पुत्र श्री रामदास | श्री नन्हे सिंह पुत्र श्री किशनपाल सिंह | आवेदन मय वय इकरारनामा, आधार कार्ड , श्री दीपक पुत्र श्री रामदास का अनापत्ति शपथ पत्र, श्री रामदास पुत्र श्री द्वारिका प्रसाद का अनापत्ति शपथ पत्र, श्री विक्रम एवं बन्टी पुत्र श्री रामदास का अनापत्ति शपथ पत्र, गृहकर रसीद |

उपरोक्त नामान्तरण/संसोधन के सम्बन्ध में यदि किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो यह सूचना प्रकाशन के एक माह के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति मय साक्ष्य पालिका कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समय अवधि के पश्चात प्राप्त आपत्तियों पर विचार किया जाना सम्भव नहीं होगा एवं पालिका के गृहकर अभिलेखों में पूर्व अंकित व्यक्ति/व्यक्तियों के नाम खारिज कर वर्तमान में कालम नं. 5 में अंकित व्यक्तियों के नाम दर्ज कर दिया जायेगा।

**अधिशासी अधिकारी**

# आबकारी विभाग ने चलाया चेकिंग अभियान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** विशेष सघन प्रवर्तन अभियान के तहत आबकारी आयुक्त के आदेश पर अवैध मादक द्रव्यों के निर्माण व बिक्री भंडारण को रोकने के क्रम में अपराध निरोध क्षेत्र 4 बाजपुर के महेशपुरा चेक पोस्ट में रोड चेकिंग की गई। चेकिंग जनपदीय प्रवर्तन दल और क्षेत्र 04 बाजपुर की संयुक्त टीम द्वारा की गई। टीम में आबकारी निरीक्षक महेंद्र सिंह बिष्ट, उप आबकारी निरीक्षक देवेन्द्र कुमार, प्रधान आबकारी सिपाही पवन कुमार कम्बोज, आबकारी सिपाही राखी , रेनुका बोरा , वंदना घिल्डियाल, अर्चना यादव मौजूद रहे।



# शेरवुड के शौर्यवीर ने 10वीं बोर्ड परीक्षा में किया नैनीताल टॉप

## सरोवर नगरी के मेधावियों का जलवा: आईसीएसई बोर्ड से संबद्ध सभी 4 स्कूलों का परीक्षाफल रहा शत प्रतिशत

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** भारतीय माध्यमिक शिक्षा परिषद (आईसीएसई) की 10वीं की बोर्ड परीक्षा में शेरवुड कालेज के छात्र शौरवीर गुप्ता ने सर्वाधिक 98.8 प्रतिशत अंकों के साथ नैनीताल नगर टॉप किया जबकि सेंट मैरी कांवेंट की छात्रा मैत्रीयी बिष्ट ने दूसरा और शेरवुड कालेज के ही छात्र दिव्यम अग्रवाल ने तीसरा स्थान हासिल किया। नगर के सभी विद्यालयों का परीक्षाफल शत प्रतिशत रहा। शेरवुड कालेज यथार्थ सिंह ने 93.8 प्रतिशत अंकों के साथ विद्यालय में तीसरा स्थान हासिल किया। परीक्षा में 70 विद्यार्थी शामिल हुए थे सभी उत्तीर्ण हुए। सेंट मैरी कांवेंट कालेज की छात्रा स्निग्धा शर्मा ने 97.40 फीसदी के साथ विद्यालय में दूसरा जबकि प्रियांशी बिष्ट ने 95 फीसदी अंकों के साथ विद्यालय में तीसरा स्थान हासिल किया। परीक्षा में आल सेंट्स कालेज की छात्रा मान्या आशी ने 97.4 प्रतिशत अंकों के साथ विद्यालय टॉप किया जबकि आकांक्षा अग्रवाल 96.4 फीसदी अंक लेकर द्वितीय और आर्या अग्रवाल ने 95 प्रतिशत अंकों के साथ विद्यालय में तीसरा स्थान बनाया। परीक्षा में 61 छात्राएं परीक्षा में शामिल हुई थी सभी छात्राएं उत्तीर्ण हुई। सेंट जोजफ कालेज में अरुणव गंगोला व मयंक रैक्वाल ने 94.8 प्रतिशत अंकों के साथ संयुक्त रूप से विद्यालय में पहला स्थान बनाया जबकि सार्थक सिंह रावत ने 94.2 फीसदी अंकों के साथ दूसरा और अंशदीप सिंह ने 93.4 प्रतिशत अंकों के साथ विद्यालय में तीसरा स्थान प्राप्त किया। प्रतीक्षा में 9 छात्र शामिल हुए थे।






### अंतरिक्ष विज्ञानी बनना चाहता है टॉपर शौर्यवीर



**नैनीताल।** 10वीं की बोर्ड परीक्षा परीक्षा में फीसद अंकों के साथ नगर टॉप करने वाले शेरवुड कालेज का छात्र शौर्यवीर गुप्ता अंतरिक्ष विज्ञान के क्षेत्र में भविष्य संवारना चाहता हैं। कक्षा चौथी से शेरवुड कालेज का छात्र हैं और इस उपलब्धि का श्रेय गुरुजनों के अलावा अपने माता पिता को देता है। शौरवीर का कहना है ब्रह्मांड की दुनिया अद्भुत है जिसे समझना आसान नहीं है। आगे चलकर वह भारतीय स्पेस एजेंसी इसरो में जाना चाहते हैं और अंतरिक्ष की गहराइयों को स्पर्श करना चाहता है। हरदोई निवासी शौर्यवीर के पिता धरमवीर गुप्ता व्यवसाई हैं और माता पूजन गुप्ता गृहिणी है।



## 12वीं में आल सेंट्स की छात्रा स्येदा आमना कामरान ने किया टॉप



**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** इंडियन स्कूल सार्टिफिकेट (आईएससी) 12 वीं बोर्ड परीक्षा में आल सेंट्स कालेज की छात्रा स्येदा आमना कामरान ने 99.5 फीसदी अंकों के साथ नगर टॉप किया जबकि इसी विद्यालय की शांभवी शाह ने 99 फीसदी के साथ दूसरा व सेंट मैरी कांवेंट कालेज की छात्रा असलीला साह ने 98.75 प्रतिशत अंकों के साथ नगर में तीसरा स्थान प्राप्त किया। नगर के सभी स्कूलों का परीक्षाफल शत प्रतिशत रहा। आल सेंट्स कालेज में अनाया गुप्ता ने 97 प्रतिशत अंकों के साथ विद्यालय में तीसरा स्थान प्राप्त किया। परीक्षा में 58 छात्राएं शामिल हुई थी। सभी उत्तीर्ण हुई। सेंट मैरी कांवेंट कालेज में युगांतिका ने 98 फीसद अंकों के साथ विद्यालय में दूसरा स्थान प्राप्त किया जबकि भूमिका गंगोला ने 97.75 फीसद अंकों के साथ विद्यालय में तीसरा स्थान प्राप्त किया। परीक्षा में 64 छात्राएं शामिल हुई थी सभी छात्राएं उत्तीर्ण हुई। सेंट जोजफ कालेज आशुतोष तिवारी ने 98.25 फीसद अंकों के साथ विद्यालय टॉप किया जबकि धनंजय प्रताप सिंह बिष्ट ने 97.75 प्रतिशत के साथ विद्यालय में दूसरा स्थान हासिल किया। मो. सूफयान सिद्दीकी व गर्वित कुमार टम्टा ने 95.75 प्रतिशत अंकों के साथ संयुक्त रूप से विद्यालय में तीसरा स्थान हासिल किया। परीक्षा में 74 छात्र शामिल हुए थे सभी विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए। शेरवुड कालेज के सजल गंगवार ने 97 प्रतिशत अंकों के साथ विद्यालय में पहला स्थान बनाया जबकि सचकिरत अग्रवाल व रुद्र नारायण गुप्ता ने 96.25 फीसद अंकों के साथ विद्यालय में संयुक्त रूप से दूसरा स्थान प्राप्त कियाए जबकि इशिता सिंह ने 95 प्रतिशत अंकों के साथ विद्यालय में तीसरा स्थान हासिल किया। परीक्षा में 64 विद्यार्थी शामिल हुए थे सभी विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए।

### लेखक और पब्लिशर बनना चाहती हैं सैयदा

**नैनीताल।** 12वीं की परीक्षा में नगर में 99.5 प्रतिशत अंकों के साथ नगर टॉप करने वाली आल सेंट्स कालेज की मेधावी छात्रा सैयदा आमना कामरान की तमन्ना साहित्य के क्षेत्र में जाना चाहती हैं। वह आथर और पब्लिशर के क्षेत्र में कैरियर बनाना चाहती हैं। सैयदा इस उपलबधि का श्रेय विद्यालय के गुरुजनों के साथ नाना नईम सिद्दीकी और नानी शमा सिद्दीकी को देते हुए कहती हैं कि वह दिल्ली विश्वविद्यालय से आगे की पढ़ाई करेंगी। इस कामयाबी को हासिल करने में विद्यालय के शिक्षकों का बड़ा योगदान रहा है। सैयदा के पिता डा. सैय्यद कामरान हबीब अलीगढ़ मेडिकल कालेज में चिकित्सक हैं और माता लुबना सिद्दीकी गृहिणी हैं।



### आईसीएसई परीक्षा में अविरल साह का उत्कृष्ट प्रदर्शन

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**



**नैनीताल।** भारतीय माध्यमिक शिक्षा परिषद (आईसीएसई) की कक्षा 10वीं0 की परीक्षा में सेंट जोसेफ कालेज नैनीताल के छात्र अविरल साह ने 92.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर उत्कृष्ट सफलता हासिल की है। उनकी इस कामयाबी से परिवार, विद्यालय और शुभचिंतकों में हर्ष का वातावरण है। बता दें अविरल साह कुमाऊँ विश्वविद्यालय नैनीताल के प्राध्यापक प्रो. रीतेश साह एवं मल्लिका साह (शिक्षिका, ऑल सेंट्स कॉलेज नैनीताल) के सुपुत्र हैं। उनकी दादी चम्पा साह जो सेवानिवृत प्रधानाचार्य हैं ने भी इस सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। अविरल ने अपनी कामयाबी का श्रेय अपने माता-पिता, गुरुजनों और परिवारजनों के मार्गदर्शन एवं सहयोग को दिया है। उन्होंने भविष्य में इंजीनियरिंग के क्षेत्र में उत्कृष्ट कैरियर बनाने की इच्छा व्यक्त की है और इसके लिए निरंतर परिश्रम करने का संकल्प लिया है। विद्यालय परिवार तथा शुभचिंतकों ने अविरल की इस अहम कामयाबी पर बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। दूसरी ओर कुमाऊं विवि के सभी गुरुजनों, कर्मियों व छात्र-छात्राओं व ऑल सेंट्स कॉलेज परिवार ने भी अविरल के बेहतर उज्जवल भविष्य की कामना की है।

# अदालत को गुमराह करने के अभियुक्त की अपील निरस्त

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** जिला एवं सत्र न्यायाधीश प्रशान्त जोशी ने फर्जी दस्तावेजों के जरिए अदालत को गुमराह करने वाले अभियुक्त रविन्द्र कुमार की अपील को निरस्त कर दिया है। अभियुक्त ने अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट नैनीताल द्वारा 18 दिसंबर 2025 को सुनाई गई सजा के खिलाफ यह अपील दायर की थी। न्यायालय ने अपने फैसले में स्पष्ट किया कि धोखाधड़ी और न्यायिक प्रक्रिया का दुरुपयोग करने वाला व्यक्ति किसी भी प्रकार की राहत का पात्र नहीं है, और निचली अदालत का दोषसिद्धि का निर्णय पूरी तरह साक्ष्य पर आधारित है। मामले के अनुसार, रविन्द्र कुमार निवासी मेरठ ने एक अन्य अभियुक्त राहुल गर्ग (मेरठ) की जमानत के लिए स्वयं को शंकर राम बताते हुए प्रतिरूपण किया था। उसने न्यायालय के समक्ष फर्जी आधार कार्ड और खतौनी जैसे कूटरचित दस्तावेज प्रस्तुत किए, जिसके आधार पर अपराधी को रिहा कर दिया गया। शंकर राम के रिकॉर्ड की मेरठ में जांच के दौरान पाया गया कि असली बाबू राम और शंकर ने कभी जमानत नहीं ली थी और उनके दस्तावेजों का गलत इस्तेमाल किया गया था। इसके अलावा, बैंक मैनेजर और लेखपाल की गवाहियों ने भी इन दस्तावेजों के फर्जी होने की पुष्टि की। जिसके बाद रविन्द्र कुमारके खिलाफ तल्लीताल थाने में 2023 में मुकदमा दर्ज हुआ था। न्यायालय ने टिप्पणी की कि अभियुक्त का यह कृत्य केवल एक निजी अपराध नहीं, बल्कि पूरी न्याय व्यवस्था की शुृ. चता को चुनौती देने वाला गंभीर अपराध है। सुनवाई के दौरान यह भी सामने आया कि रविन्द्र कुमार के खिलाफ चमोली जिले के गोपेश्वर थाने में भी इसी तरह का एक अन्य धोखाधड़ी का मामला दर्ज है, जो उसके आपराधिक आचरण को दर्शाता है। वर्तमान में अभियुक्त जेल में है और अदालत ने निचली अदालत के आदेश को यथावत रखते हुए फाइल को दफ्तर दाखिल करने का निर्देश दिया है।

## हाईकोर्ट ने राज्य सरकार से 2 सप्ताह में आरा मशीनों की सूची पेश करने को कहा

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** उत्तराखंड हाईकोर्ट ने आरा मशीनों को रीलोकेट करने के मामले में दायर जनहित याचिका पर सुनवाई हुई। मामले की सुनवाई के बाद कोर्ट ने राज्य सरकार से 2 सप्ताह में ऐसी सभी आरा मशीनों की सूची पेश करने को कहा है जो प्रतिबंधित वन क्षेत्र से दस किमी की दूरी के अंदर मौजूद हैं। मामले की सुनवाई के लिए कोर्ट ने 2 सप्ताह बाद की तिथि नियत की है। आज मामले की सुनवाई मुख्य न्यायधीश मनोज कुमार गुप्ता और न्यायमूर्ति सुभाष उपाध्याय की खण्डपीठ में हुई। पूर्व में हुई सुनवाई के दौरान उच्च न्यायालय ने अधिवक्ता जितेंद्र चौधरी को न्यायमित्र नियुक्त कर नियम विरुद्ध वन क्षेत्र के 10 किलोमीटर में स्थापित की सभी आरा मशीनों की सूची तैयार करने को कहा था। लेकिन त्रुटि वस न्यायमित्र जितेंद्र चौधरी की जगह अन्य अधिवक्ता का नाम अंकित हो गया। आज हुई सुनवाई के दौरान कोर्ट ने त्रुटि को सुधार करते हुए जितेंद्र चौधरी को न्यायमित्र नियुक्त करने के साथ ही कार्य करने के निर्देश दिए हैं। आपको बता दे कि रामनगर निवासी रजनी शर्मा ने उच्च न्यायालय में जनहित याचिका दायर कर कहा है कि रिहायशी क्षेत्र होने के चलते उन्हें आरा मशीन के संचालन में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। इसलिए उन्हें आरा मशीन को री लोकेट करने की अनुमति दी जाए।

## बारिश से बदला मौसम का मिजाज

**बागेश्वर।** जिले में एक बार फिर मौसम ने करवट ले ली है। मौसम विभाग द्वारा जारी यलो अलर्ट के बीच गुरुवार दोपहर करीब तीन बजे से जिला मुख्यालय सहित सभी तहसील क्षेत्रों में झमाझम बारिश शुरू हो गई। अचानक हुई इस बारिश से जहां लोगों को उमस भरी गर्मी से राहत मिली, वहीं वन विभाग और किसानों के लिए यह बारिश राहतभरी साबित हुई है। बता दें कि मंगलवार को जिले में तेज आंधी-तूफान के साथ हल्की बारिश हुई थी, जबकि बुधवार को मौसम सामान्य बना रहा। गुरुवार सुबह चटक धूप खिली हुई थी, लेकिन दोपहर बाद मौसम ने अचानक करवट बदली और तेज बारिश शुरू हो गई। पिछले एक महीने से जंगलों में लगी आग से जूझ रहे वन विभाग ने इस बारिश के बाद राहत की सांस ली है।

## एक नजर

### डा. हिमानी ने पोस्टर में जीता पहला पुरस्कार

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** कुमाऊं विवि के डीएसबी परिसर नैनीताल की वनस्पति विज्ञान विभाग की डा. हिमानी कार्की ने टीएम यू मुरादाबाद में आयोजित सस्टेनेबल डेवलपमेंट गोल्स एज कैटलिस्ट फिर एचआईविंग थे नेशनल विजन ऑफ विकसित भारत 2047 पाथवे विषय पर आयोजित राष्ट्रीय सेमिनार में पोस्टर प्रेजेंटेशन में प्रथम पुरस्कार जीता। विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. ललित तिवारी के मुताबिक डा. हिमानी ने अपना पोस्टर इंपैक्ट ऑफ ट्री स्पीशीज ऑन सोयल नाइट्रोजन विषय पर प्रस्तुत किया। डा. हिमानी के पुरस्कार जीतने पर विभागाध्यक्ष प्रो. ललित तिवारी सहित सभी प्राध्यापकों ने उन्हें बधाई एवं शुभ कामनाएं दी।

### स्नातक प्रथम वर्ष में प्रवेश प्रक्रिया शुरु

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** राजकीय डिग्री कालेज बेतालघाट के प्रबंधन ने क्षेत्र के समस्त राजकीय इंटर कालेज के 12वीं परीक्षा उत्तीर्ण विद्यार्थियों से कहा है कि कालेज में सत्र 2026-27 में बीए प्रथम वर्ष प्रवेश हेतु समर्थ पोर्टल से प्रवेश प्रक्रिया संपन्न की जाएगी। उन्होंने कहा कि महाविद्यालय में संचालित राजनीति विज्ञान, हिंदी, अंग्रेजी, संस्कृत, अर्थशास्त्र व समाजशास्त्र तथा इसके अतिरिक्त योग विषय संचालित हैं इच्छुक प्रवेशार्थी समर्थ पोर्टल वेबसाइट पर आवेदन संबंधी सूचना प्राप्त कर प्रवेश तिथि निर्धारित होने के तत्पश्चात महाविद्यालय में प्रवेश ले सकते हैं। कहा कि अधिक जानकारी हेतु महाविद्यालय के प्रवेश संयोजक डा. इप्सिता सिंह तथा समर्थ नोडल डक्क दीपक एवं कार्यालय से संपर्क कर सकते हैं।

### रोटरी क्लब का स्वच्छता अभियान तीन को

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** रोटरी क्लब नैनीताल के तत्वावधान में विशाल स्वच्छता अभियान का आयोजन 3 मई रविवार की सुबह 8.30 बजे से नैनीताल जिले के चार तालाबों (सातताल, नवदमयंति ताल, भीमताल और नौकुचियाताल) और इन चारों तालों के निकटवर्ती इलाकों में किया जाएगा। इस स्वच्छता अभियान को नगर पालिका परिषद भीमताल के सहयोग से आयोजित किया जाएगा। अभियान में स्थानीय स्कूलों की भी भागीदारी रहेगी।

### योजनाओं का उठाएं लाभ: डा. भुवन आर्य

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** भाजपा के जिला कार्यकारिणी सदस्य डा. भुवन चंद्र आर्य ने बीरवार को नैनीताल विधान सभा के तहत बेतालघाट बलाक के ग्राम सभा बादरकोट तथा धनियाकोट में पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ बैठक करने के बाद भ्रमण किया। इस दौरान डा. आर्य ने केंद्र व राज्य सरकार की ओर से चलायी जा रही जन कल्याणकारी योजनाओं की विस्तार से जानकारी दी। डा.आर्य ने लोगों का आह्वान किया कि वह अधिक से अधिक योजनाओं का लाभ उठाएं। उन्होंने डबल इंजन सरकार की कई कामयाबी गिनाई। इस दौरान डा.आर्य के साथ नारायण सिंह जलाल, मोहन सिंह जलाल, अनूप सिंह, प्रीतम सिंह सकदानी, ललित राम, नंदन सिंह जलाल, पुष्कर सिंह सकदानी, किशन सिंह जलाल, गणेश राम, गोधन सिंह जलाल तथा दीपा जलाल आदि कई पार्टी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# जिला योजना समितियों का चुनाव कराने से बच रही सरकार: कांग्रेस

**शाह टाइम्स प्रमुख संवाददाता**

**देहरादून।** जिला योजना समितियों का चुनाव नही किये जाने को लेकर कांग्रेस मुखर हो गई है। कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष गणेष गोदियाल ने राज्य जिला योजना समितियों का गठन ना किये जाने को लेकर नाराजगी व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड की भाजपा सरकार लोकतंत्र की बुनियाद को कमजोर करने का काम कर रही है। राज्य में नगर निकायों के चुनाव हुए डेढ़ साल से अधिक समय बीत चुका है और पंचायत चुनाव भी नौ महीने पहले सम्पन्न हो चुके हैं, मगर आज तक भी सरकार की और से जिला योजना समितियों का चुनाव नहीं किया गया है। यह केवल प्रशासनिक लापरवाही नहीं, बल्कि संविधान की स्पष्ट अवहेलना है। भारतीय संविधान के अनुच्छेद 243 जेड.डी. के तहत हर राज्य में जिला योजना समितियों का गठन अनिवार्य है, ताकि पंचायतों और नगर निकायों की विकास योजनाओं को समेकित कर जिले का संतुलित विकास सुनिश्चित किया जा सके। सबसे गंभीर बात यह है कि बिना जिला योजना समितियों के विधिवत गठन और चुनाव संपन्न कराए बिना प्रदेश के सभी प्रभारी मंत्रियों की और से जिला योजना की बैठकें आयोजित कर ली गई हैं। यह पूरी प्रक्रिया न केवल नियम विरुद्ध है, बल्कि लो. कतांत्रिक व्यवस्था के साथ सीधा खिलवाड़ है। गोदियाल ने कहा कि सरकार बताये कि क्या कारण है कि चुने हुए जनप्रतिनिधियों को उनके अधिकारों से वंचित रखा जा रहा है? क्या वजह है कि बिना वैधानिक समिति के ही जिला योजना की बैठकों को अंजाम दिया गया? आज स्थिति यह है कि समिति का गठन ना होने से जिले में विकास योजनाएं न तो समन्वित हैं और न ही स्थानीय जरूरतों के अनुरूप बनी है। इससे न केवल विकास प्रभावित हो रहा है, बल्कि योजनाओं में जनता की भागीदारी भी सुनिश्चित नही की गई है।

# डीएसबी परिसर नैनीताल की वार्षिक एथलेटिक मीट का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** कुमाऊं विश्वविद्यालय के डीएसबी परिसर के वार्षिक एथलेटिक मीट का आयोजन वीरवार को जिमखाना एवं डीएसए के मैदान में हुआ। इससे पूर्व वार्षिक एथलेटिक मीट का शुभारंभ विवि के कुलपति प्रो.दीवान सिंह रावत ने करते हुए कहा कि खेल जीवन को सार्थक बनाते हैं, खेल बॉडी को फिट रखते हैं। डीएसडबलू प्रो. संजय पंत ने धन्यवाद देते हुए कहा कि खेल ऊर्जा संचालन का कार्य करते हैं जो बेहतर जीवन को सहज बनाते है। आयोजक सचिव व कुविवि के प्रभारी क्रीड़ाधिकारी डा. संतोष कुमार ने कहा कि खेल अनुशासन के साथ शरीर को चुस्त दुरुस्त रखते है। संच. ालन करते हुए विभागाध्यक्ष वनस्पति विज्ञान विभाग प्रो. ललित तिवारी ने कहा कि खेल जोड़ने का काम करते हैं तथा जीवन को उत्साही बनाते हैं। इस मौके पर कुलपति प्रो. रावत समेत अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी एनएस बिष्ट, डीएसए के महासचिव मनोज जोशी, सैनिक स्कूल के प्रधानाचार्य बीएस मेहता समेत प्रो. ललित तिवारी तथा प्रो. हरीश बिष्ट को शॉल ओढ़ाकर व प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। इस मौके पर विभिन्न खेल प्रतिस्पर्धाओं के विजेताओं को अतिथियों द्वारा मेडल पहनाकर सम्मानित किया गया।



# एनसीसी कमांडर ने संभाला चार्ज

## एनसीसी की गतिविधियों को और अधिक प्रभावी बनाना प्राथमिकता: ऋषि रंजन

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** एनसीसी ग्रुप मुखयालय नैनीताल में आयोजित समारोह में बीरवार को कमोडोर ऋषि रंजन ने ग्रुप कमांडर का पदभार विधिवत ग्रहण किया। इस अवसर पर 5 नवल यूनिट, यूके बटालियन एनसीसी तथा 79 यूके बटालियन एनसीसी के कैडेट्स द्वारा उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर प्रदान किया गया। इसके उपरांत मुख्यालय के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने उनका स्वागत किया। कार्यक्रम में मुख्य प्रशासनिक अधिकारी नवीन सिंह ढैला, प्रशास. निक अधिकारी कर्नल कुणाल, कमांडिंग ऑफिसर 5 नेवल यूनिट कैप्टन मृदुल शाह, कमांडिंग ऑफिसर 79 यूके बटालियन एनसीसी कर्नल अभिजीत मेहता, कमांडिंग ऑफिसर सैनिक स्कूल घोड़ाखाल लेफ्टिनेंट कर्नल अर्चना चौधरी, कमांडिंग ऑफिसर 24 बटालियन एनसीसी अल्मोड़ा कर्नल पी. कुलकर्णी, कमांडिंग ऑफिसर 77 एनसीसी बटालियन कर्नल जितेंद्र शर्मा तथा कमांडिंग ऑफिसर 80 बटालियन एनसीसी पिथौरागढ़ कर्नल देवेश सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

इस अवसर पर निवर्तमान ग्रुप कमांडर कमोडोर बीआर सिंह (बाल राजेश सिंह) को सेवानिवृति पर विदाई दी गई। मुख्य प्रशासनिक अधिकारी नवीन सिंह ढैला ने उनके दीर्घ एवं गौरवशाली सेवाक. ाल का विस्तार से उल्लेख किया। पदभार ग्रहण करने के उपरांत कमोडोर ऋषि रंजन ने सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि एनसीसी की गतिविधियों को और अधिक प्रभावी, आधुनिक एवं कैडेट केंद्रित बनाने के लिए निरंतर प्रयास किए जाएंगे। समारोह में एनसीसी ग्रुप मुख्यालय नैनीताल की जया कालाकोटी, इसरार बक्श, राजेंद्र सिंह रावत सहित अन्य अधिकारी तथा कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में कैडेट्स उपस्थित रहे।



## अप्रैल के सेवानिवृत्त कर्मियों का विदाई समारोह आयोजित

**देहरादून।** पुलिस लाइन देहरादून में गुरुवार को माह अप्रैल में अपनी गौरवशाली सेवा पूरी कर सेवानिवृत्त होने वाले पुलिस कर्मियों के लिए एक भव्य विदाई समारोह का आयोजन किया गया। पुलिस अधीक्षक ऋषिकेश की अध्यक्षता में आयोजित इस कार्यक्रम में सेवा. निवृत्त कर्मियों को भाव-भीनी विदाई दी गई।समारोह को संबोधित करते हुए पुलिस अधीक्षक ऋषिकेश ने कहा कि सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारी पुलिस विभाग की रीढ़ रहे हैं और वे हमेशा पुलिस परिवार का अभिन्न अंग बने रहेंगे। उन्होंने सेवानिवृत्त कर्मियों को विश्वास दिलाया कि भविष्य में भी विभाग उनकी हर संभव सहायता के लिए तत्पर रहेगा।

# टैक्सी कारोबारियों ने बैठक कर उठाई ज्वलंत समस्याएं

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** नैनीताल के समस्त टैक्सी कारोबारियों द्वारा वीरवार को बैठक का आयोजन किया गया जिसमें नैनीताल के तल्लीताल व मल्लीताल टैक्सी यूनियनों के पदा. धिकारी दीपक मटियाली अध्यक्ष, दीवान रौतेला सचिव, राहुल साह, पुनीत साह मल्लीताल टैक्सी यूनियन, प्रवीण बिष्ट संरक्षक, अध्यक्ष रमेश जोशी, सचिव गोविंद पवार, पूर्व अध्यक्ष पंकज तिवारी, ललित जोशी तल्लीताल टैक्सी यूनियन एवं संपूर्ण टैक्सी चालक एवं संचालकों के द्वारा परेशानियों का हवाला दिया गया। बैठक में टैक्सी कारोबारियों ने नगरपालिका द्वारा नैनीताल नगर की स्थाई कारोबारियों के लेक ब्रिज पास नहीं बनाए जाने के संबंध में विगत कई दिनों से माल रोड एवं नैनीताल के आसपास आरटी ओ और पुलिस द्वारा लगातार चालान किए जा रहे हैं जिससे सारे टैक्सी कारोबारी स्वेच्छा से गाड़ियों का संचालन बंद करने को मजबूर हो रहे हैं। बैठक में कहा कि हम सरकार से विनती करना चाहते हैं कि हम नैनीताल शहर में स्थाई निवासी रहते हैं और हम यहां पर टैक्सी कारोबार करके जो आजीविका का चला रहे है नहीं कर पा रहे हैं जिससे सरकार, शासन व प्रशासन द्वारा हमें अपने स्थाई निवासियों से पलायन होने को मजबूर किया जा रहा है जिससे सभी सदस्यों ने अपना अपना रोष जाहिर किया है। कहा कि हमारे द्वारा हाईकोर्ट में भी मामले को लेकर अपील की है कि नगरपालि. का के द्वारा हम स्थाई निवासी टैक्सी कारोबारियों की गाड़ियों के पास कयों नहीं बनाए जा रहे हैं एवं केवल नैनीताल टैक्सी गाड़ियों को नैनीताल में नहीं चलने दिया जा रहा है जबकि अन्य राज्यों की टैकसी गाड़ियां आसानी से आवाजाही कर रही है। यूनियनों द्वारा हाईकोर्ट में अपील लगाई गई है हम सरकार, प्रशासन, नगर पालिका से आग्रह करना चाहते हैं कि शहर में स्थाई निवासी टैक्सी कारोबारियों हेतु एक कुछ ऐसा सफल प्लान बना दिया जाए जिससे टैक्सी कारोबारी अपना भविष्य सुरक्षित रख सकें।

# बारिश और कोहरे के बीच भी सुरक्षित बाबा केदार की यात्रा

■ प्रशासन हर मोर्चे पर अलर्ट



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रूद्रप्रयाग।** प्रतिकूल मौसम के बावजूद केदारनाथ धाम की यात्रा पूरी तरह सुरक्षित और व्यवस्थित तरीके से संचालित हो रही है। बीते दिनों से रुक-रुक कर हो रही बारिश और ऊंचाई वाले क्षेत्रों में छाए कोहरे के बीच जिला प्रशासन ने सतर्कता को और बढ़ाते हुए यात्रा प्रबंधन को हाई-अलर्ट मोड पर रखा है।

जिलाधिकारी के निर्देशों के तहत यात्रा मार्ग के सभी प्रमुख पड़ावों पर तैनात सेक्टर अधिकारी लगातार अपने-अपने क्षेत्रों की स्थिति पर नजर बनाए हुए हैं। यात्रा कंट्रोल रूम के माध्यम से मौसम, सड़क और पैदल मार्ग की स्थिति, श्रद्धालुओं की आवाजाही और संभावित जोखिमों की रियल-टाइम मॉनिटरिंग की जा रही है, जिससे किसी भी आपात स्थिति में तत्काल कार्रवाई सुनिश्चित हो सके।

प्रशासन ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि सभी अधिकारी अपने क्षेत्रों में अनिवार्य रूप से मौजूद रहें और हर छोटी-बड़ी सूचना समय पर कंट्रोल रूम तक पहुंचाएं। खासकर बारिश, हिमपात और लो-विजिबिलिटी जैसी परिस्थितियों को देखते हुए अतिरिक्त सतर्कता बरती जा रही है। खराब मौसम के चलते हेली सेवाओं के संचालन पर भी कड़ी नजर रखी जा रही है। सुरक्षा मानकों से किसी प्रकार का समझौता न हो, इसके लिए उड़ानों का संचालन पूरी तरह मौसम की अनुकूलता पर निर्भर रखा गया है। वहीं, यात्रा मार्ग पर कोहरे और बारिश के बावजूद सुरक्षा बलों के जवान पूरी मुस्तैदी के साथ तैनात हैं। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए रेन शेल्टर, गर्म पानी, स्वास्थ्य सेवाएं और अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं लगातार संचालित की जा रही हैं, जिससे विपरीत परिस्थितियों में भी यात्रियों को किसी तरह की परेशानी का सामना न करना पड़े।

जिला प्रशासन के समन्वित और सतत प्रयासों का ही परिणाम है कि खराब मौसम के बावजूद बाबा केदार की यात्रा सुचारू रूप से जारी है। प्रशासन ने श्रद्धालुओं से अपील की है कि वे जारी दिशा-निर्देशों का पालन करें और सुरक्षित यात्रा में सहयोग दें।

## 412 ग्राम चरस के साथ पुलिस ने तीन युवकों को किया गिरफ्तार

**नई टिहरी।** थाना कैम्पटी पुलिस ने कार में चरस की तस्करी करते उत्तरप्रदेश, शामली के तीन युवकों को गिरफ्तार किया है। थाना पुलिस ने क्षेत्र में भ्रमण, यातायात व्यवस्था व संदिग्ध व्यक्ति-वाहन चेकिंग के दौरान मसूरी बैंड के पास एक हुंडई कार संख्या एचआर 04जे 1450 को रोककर चेक किया। तलाशी लेने पर वाहन सवार तीन युवकों के कब्जे से कुल 412 ग्राम चरस बरामद की गई। जिस पर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए तीनों युवकों को गिरफ्तार किया। जिनके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट में मुकदमा दर्ज किया गया है। जबकि तस्करी में प्रयुक्त कार को वाहन अधिनियम के तहत सीज किया गया है। आरोपितों की पहचान सागर, अमन कुमार और अनुज कुमार तीनों निवासी ग्राम पिन्डौरा, थाना झिंझाना, शामली, उत्तरप्रदेश के रूप में हुई है। टिहरी में जमके बरसे बदरा, ओलावृष्टि ने तापमान में घोल दी ठंडक।

# रुद्रप्रयाग में बाल विवाह पर बड़ी कार्रवाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रप्रयाग।** जनपद में बाल विवाह जैसी गंभीर कुप्रथा पर प्रशासन ने त्वरित और सख्त कार्रवाई करते हुए एक अहम हस्तक्षेप किया है। चाइल्ड हेल्पलाइन को मिली सूचना के आधार पर जखोली ब्लॉक के त्यूंखर गांव में दो नाबालिग बालिकाओं का विवाह कराए जाने की तैयारी को समय रहते रोक दिया गया।

सूचना मिलते ही जिला कार्यक्रम एवं प्रोबेशन अधिकारी डॉ. अखिलेश कुमार मिश्रा के निर्देशन में एक संयुक्त टीम का गठन किया गया। टीम में बाल विवाह प्रतिषेध अधिकारी जखोली गोल्डी सिंह, बाल कल्याण समिति सदस्य गीता मलासी, चाइल्ड हेल्पलाइन के केस वर्कर अखिलेश सिंह, काउंसलर पूजा भंडारी के साथ जखोली चौकी प्रभारी सोमवीर सिंह एवं पुलिस टीम के अन्य सदस्य शामिल रहे।



■ चाइल्ड हेल्पलाइन की तत्परता से दो नाबालिग बालिकाओं की शादी रुकी

टीम मौके पर पहुंची और परिजनों से बातचीत कर उन्हें बाल विवाह के कानूनी परिणामों के बारे में विस्तार से अवगत कराया। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि बाल विवाह कानूनन दंडनीय अपराध है, जिसमें दोषी पाए जाने पर 2 वर्ष तक की सजा और 1 लाख रुपये तक का जुर्माना हो सकता है। साथ ही यूनिफॉर्म सिविल कोड (यूसीसी) के तहत भी ऐसे मामलों में कड़े प्रावधान लागू हैं।

प्रशासन की सख्त चेतावनी और समझाइश के बाद परिजनों ने बाल विवाह न करने का आश्वासन दिया। इस कार्रवाई से एक बार फिर यह संदेश गया है कि जनपद में बाल अधिकारों के संरक्षण को लेकर प्रशासन पूरी तरह सतर्क और प्रतिबद्ध है। प्रशासन ने आमजन से अपील की है कि कहीं भी बाल विवाह जैसी गतिविधि की सूचना तुरंत चाइल्ड हेल्पलाइन या नजदीकी पुलिस को दें, ताकि समय रहते प्रभावी कार्रवाई की जा सके।

## सहसपुर विधायक ने 138.45 लाख से डोभरी नहर जीर्णोद्धार कार्य का किया शुभारंभ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सहसपुरस।** विधानसभा क्षेत्र सेहसपुर के डोभरी गांव में आज सहसपुर विधायक सहदेव सिंह पुण्डीर द्वारा 138.45 लाख की लागत से डोभरी नहर के जीर्णोद्धार कार्य का विधिवत शुभारंभ किया गया।

इस अवसर पर जनसभा को संबोधित करते हुए विधायक सहदेव सिंह पुण्डीर ने कहा कि डोभरी की यह नहर क्षेत्र के किसानों के लिए वरदान सिद्ध होगी। इससे सिंचाई व्यवस्था सुदृढ़ होगी, कृषि उत्पादन में वृद्धि होगी और किसानों के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन आएगा।

उन्होंने यह भी कहा कि क्षेत्र के विकास के लिए सड़क, बिजली और पानी जैसी मूलभूत समस्याओं के समाधान के लिए वे पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रहे हैं। कार्यक्रम के दौरान उन्होंने स्थानीय लोगों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और उनके शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया।

इस अवसर पर सिंचाई विभाग के अधिकारीगण एवं सैकड़ों की संख्या में स्थानीय ग्रामीण उपस्थित रहे।

# माया देवी यूनिवर्सिटी में वार्षिक फेस्ट जेनरागा का आगाज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सेलाकुई।** माया देवी यूनिवर्सिटी में तीन दिवसीय वार्षिक सांस्कृतिक महोत्सव जेनरगा 2026 का शुभारंभ हर्षो उल्लास के साथ हुआ।

कार्यक्रम का उद्घाटन विश्वविद्यालय वाइस प्रेसिडेंट प्रो. डॉ. तृप्ति जुयाल सेमवाल, वाइस चांसलर प्रो डॉ आशीष सेमवाल,प्रो वाइस चांसलर प्रो. डॉ संदीप विजय , रजिस्ट्रार अंबिका जुयाल द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर संबोधित करते हुए प्वाइस प्रेसिडेंट प्रो डॉ तृप्ति जुयाल सेमवाल ने कहा



कि इस प्रकार के कार्यक्रमों से छात्राओं में पढ़ाई के साथ-साथ अपने व्यक्तित्व विकास में अहम भूमिका निभाते हैं यह मंच केवल प्रतिभाओं को पहचान ही नहीं देता बल्कि युवाओं में अंदर विश्वास और नेतृत्व क्षमता भी विकसित करता है।

वाइस चांसलर प्रो.डॉ आशीष सेमवाल ने कहा कि शिक्षा के साथ-साथ सांस्कृतिक गतिविधियों में भागीदारी छात्रों को एक बेहतर नागरिक बनने की दिशा में प्रेरित करती है। तीन दिनों तक चलने वाले इस फेस्ट में कई कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है जिसमें पहले दिन डांस, गायन, रंगोली, पोस्टर मेकिंग ,नाटक आयोजित किए गए ,,जबकि दूसरे दिन ग्रुप डांस, सोलो डांस नुक्कड़ नाटक सहित कई सांस्कृतिक कार्यक्रम आकर्षण का केंद्र रहेगे। 'अंतिम दिन 2 मई को स्टार नाइट में इस बार इंडियन आइडल से निकले मशहूर बॉलीवुड सिंगर सलमान अली अपनी प्रस्तुति देंगे'।

इस अवसर पर प्रो वाइस चांसलर प्रो. डॉ. संदीप विजय, रजिस्ट्रार श्रीमती अंबिका जुयाल, सीता जुयाल, डीन एकेडमिक्स प्रोफेसर डॉक्टर आर बी सिंह,डॉ विकास कुमार सहित सभी स्कूल के डीन,शिक्षक एवं छात्र उपस्थित थे

## एक नजर .......

### बांध प्रभावितों और विस्थापितों का क्रमिक अनशन जारी

**नई टिहरी।** टिहरी बांध प्रभावितों और विस्थापितों का गुरुवार को तीसरे दिन भी बौराड़ी के गणेश चौक पर क्रमिक अनशन जारी रहा। आंदोलनकारियों ने स्पष्ट कहा कि जब तक उनकी मांगों पर ठोस कार्रवाई नहीं होती, तब तक उनका संघर्ष जारी रहेगा। आंदोलनकारियों ने शासन-प्रशासन पर उपेक्षा का आरोप लगाते हुए कहा कि वह पिछले दो माह से शांतिपूर्ण धरना दे रहे हैं, लेकिन उनकी आवाज को लगातार अनसुना किया जा रहा है। इसी के चलते उन्हें अनशन का रास्ता अपनाना पड़ा। गुरुवार को बबली रावत और प्रतिमा रावत तीसरे दिन भी क्रमिक अनशन पर डटी रहीं। प्रदर्शनकारियों का कहना है कि लंबे समय से धरना देने के बावजूद प्रशासन ने उनकी कोई सुध नहीं ली। उन्होंने इसे अपने हक की लड़ाई बताते हुए कहा कि यह आंदोलन तब तक जारी रहेगा, जब तक उनकी मांगों को पूरा नहीं किया जाता। आंदोलनकारियों ने चेतावनी दी कि यदि जल्द ही सकारात्मक निर्णय नहीं लिया गया, तो आंदोलन को और उग्र रूप दिया जाएगा। उनकी प्रमुख मांगों में टिहरी बांध से मिलने वाली 12 प्रतिशत रायल्टी को जिले के विकास कार्यों में खर्च करना, प्रभावित परिवारों को मुफ्त बिजली और पानी उपलब्ध कराना शामिल है। आंदोलनकारियों ने शासन-प्रशासन से जनभावनाओं का सम्मान करते हुए शीघ्र समाधान निकालने की मांग की है। धरना स्थल पर सागर भंडारी, मानवेंद्र रावत, देवांक चमोली, अजय पंवार, सुरेंद्र सूरी, रविराज, अशरफी देवी, रेखा नेगी आदि मौजूद रहे।

### विधायक ने भूमि पूजन कर किया ट्यूबवेल निर्माण का शुभारंभ

**नई टिहरी।** प्रतापनगर क्षेत्र में पेयजल की समस्या से जूझ रहे भदूरा पट्टी के आबकी गांव मे जिला योजना के तहत स्वीकृत ट्यूबवैल का विधायक बिक्रम सिह नेगी ने विधिवत भूमि पूजन कर निर्माण कार्य का शुभारंभ किया इस अवसर पर विधायक नेगी ने कहा कि ट्यूबवेल के निर्माण के बाद गांव के लोगों को पेयजल की समस्या से काफी हद तक राहत मिलेगी और उन्हें घर के नजदीक ही पानी उपलब्ध हो सकेगा ग्राम पंचायत आबकी मे सभी प्राकृतिक जल स्रोत पूर्ण रूप से सूख जाने के कारण लंबे समय से गंभीर पेयजल संकट बना हुआ था जिसके कारण ग्रामीण दूर-दराज के क्षेत्रों से पीठ पर पानी ढोने को मजबूर थे गांव मे पेयजल की समस्या को देखते हुए। विधायक नेगी द्वारा बीते वर्ष जिला योजना के तहत आबकी गांव के लिए ट्यूबवेल स्वीकृत करवाई गई थी जिसका गुरूवार को विधायक बिक्रम सिह नेगी ने ग्रामीणों की मौजूदगी मे विधिवत भूमि पूजन कर निर्माण कार्य का शुभारंभ किया। इस अवसर पर पूर्व प्रधान खुशहाल सिह नेगी, बीर सिह नेगी, प्यार सिह नेगी, धृपाल सिह नेगी, नत्था सिह ,बलबीर सिह, जबर सिह, गिरीश सिह ,मालचंद सिह, बलबीर सिह, मोहन सिह, सुरेश सिह ,मातबर सिह, अब्बल सिह ,भगवान सिह, मैताब सिह, बीरेंद्र सिह ,मालचंद सिह, सुमति देवी, सुंदर लाल आदि मौजूद थे।

### नीट-यूजी 2026 की परीक्षा के सफल, निष्पक्ष व सुरक्षित संचालन के दिए निर्देश

**नई टिहरी।** नीट-यूजी 2026 की परीक्षा के सफल, निष्पक्ष व सुरक्षित संचालन को लेकर अपर जिलाधिकारी शैलेंद्र सिंह नेगी ने संबंधित विभागों के साथ बैठक कर आवश्यक व्यवस्थाओं की समीक्षा की। उन्होंने 3 मई, रविवार को आयोजित होने वाली परीक्षा के संबंधितों को महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश दिए। गुरूवार को बैठक में एडीएम ने निर्देशित किया कि कंट्रोल रूम में पूर्ण साफ-सफाई सुनिश्चित की जाए और वहां किसी भी प्रकार की फोटोस्टेट मशीन, फोन याा अन्य इलेक्ट्रानिक डिवाइस न रखे जाएं। उन्होंने सीसीटीवी कैमरों व वीडियो सेटअप की नियमित जांच करने के भी निर्देश दिए। साथ ही ड्यूटी पर तैनात कार्मिकों की पृष्ठभूमि का सत्यापन सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने निर्देश दिए कि कंट्रोल रूम में जैमर की व्यवस्था, पर्याप्त रोशनी, साफ खिड़कियां व अग्निशमन यंत्र सहित सभी आवश्यक व्यवस्थाएं दुरुस्त रखी जाएं। परीक्षार्थियों के लिए स्वच्छ पेयजल व डस्टबिन की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा गया। विभाग को निर्देशित किया कि परीक्षा केंद्रों पर मेडिकल किट व एम्बुलेंस की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए।

# शिवालिक अकेडमी में श्रमिक दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन

**शाह टाइम्स संवादाता**

**सेलाकुई।** शिवालिक एकेडमी में श्रमिक दिवस के अवसर पर विद्यालय के समस्त कर्मचारियों के प्रति आभार व्यक्त करने हेतु एक कार्यक्रम का आयोजन बड़े ही सम्मान और उत्साह के साथ किया गया।

कार्यक्रम का संचालन विद्यालय की शिक्षिका मीनू सिंह द्वारा किया गया। कक्षा नवीं की यशस्वी ने श्रमिक दिवस के महत्व पर सुंदर कविता एवं श्रद्धा सुमन दास ने प्रेरणादायक भाषण प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। ललित द्वारा सहायक कर्मचारियों के अथक परिश्रम, निष्ठा और समर्पण की सराहना करते हुए उनके प्रति हृदय से कृतज्ञता प्रकट की गई।




साथ ही, विद्यालय की कर्मचारी सुशीला ने भी स्कूल प्रबंधन, शिक्षकों के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया।

इस अवसर पर विद्यालय के सहायक कर्मचारियों को छोटे-छोटे बच्चों द्वारा सुंदर एवं आकर्षक धन्यवाद कार्ड भेंट कर उन्हें सम्मानित किया गयास प्रधानाचार्या ने कहा कि श्रमिक दिवस केवल एक दिन तक सीमित नहीं है, बल्कि हमें प्रतिदिन उनके योगदान का सम्मान करना चाहिए।

उन्होंने विद्यार्थियों को प्रेरित किया कि वे सहायक कर्मचारियों का आदर करेंस

## उड़ान फेस्ट 2026 का भव्य समापन प्रतिभागियों को किया गया सम्मानित

**शाह टाइम्स संवादाता**

**सहसपुर।** अचीवर्स इंस्टिट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड साइंस द्वारा आयोजित उड़ान फेस्ट 2026 का समापन बड़े ही धूमधाम और उत्साह के साथ किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में (प्रख्यात अकादमिक एवं वक्ता) डॉ. परिक्षित काला उपस्थित रहे। देर शाम तक चले इस कार्यक्रम के दौरान विभिन्न सांस्कृतिक, शैक्षणिक एवं खेल प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

पूरे आयोजन में छात्रों ने अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन कियास संस्थान के चेयरमैन पुष्पेंद्र त्यागी एवं मैनेजिंग डायरेक्टर कृष्णानंद शाह ने कहा कि इस प्रकार के आयोजन विद्यार्थियों को अपनी प्रतिभा निखारने का एक सशक्त मंच प्रदान करते हैं।

मुख्य अतिथियों ने भी छात्रों के प्रदर्शन की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम युवाओं को आगे बढ़ने और अपने सपनों को साकार करने की प्रेरणा देते हैं। इस अवसर पर बिर्जेश कुमार, बुशरा परवीन, संजय फिलिप, मौ. जावेद, कृष्ण कुमार, मौ. आदिल, आफताब आलम आदि मौजूद रहे।

## पुलिस ने आरोपी पति और ससुर को किया गिरफ्तार

**नई टिहरी।** थाना घनसाली क्षेत्र के सांकरी गांव में बीते 25 अप्रैल को एक नवविवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई थी। मामले में मृतका के पिता ने थाने में तहरीर देकर दहेज उत्पीड़न और हत्या का मुकदमा दर्ज कराया था। जिसमें पुलिस टीम ने आरोपित पति और ससुर को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। बीते 25 अप्रैल की मध्य रात्रि को थाना घनसाली पुलिस को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, पिलखी से सूचना मिली कि एक 22 वर्षीय महिला को उसका पति व ससुर मृत अवस्था में अस्पताल लेकर आए हैं। सूचना प्राप्त होते ही थाना घनसाली पुलिस ने तत्काल आवश्यक कार्रवाई शुरू की। मृतका का विवाह एक वर्ष पूर्व होने के कारण नियमानुसार तहसीलदार घनसाली की ओर से पंचायतनामा की कार्रवाई की गई। इसके बाद पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम जिला चिकित्सालय टिहरी में कराया। वहीं, फील्ड यूनिट की ओर से घटनास्थल का सूक्ष्म निरीक्षण कर साक्ष्य संकलित किए गए और घटनास्थल को सुरक्षित किया गया। मामले में मृतका पूनम के पिता शिव सिंह निवासी बनौली गांव ने दहेज उत्पीड़न और हत्या का आरोप लगाते हुए थाना घनसाली में लिखित तहरीर दर्ज कराई थी। जिसके आधार पर पुलिस ने मृतका के पति गौरव सिंह, ससुर कुंवर सिंह और सास अनीता देवी पर संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया था। मामले की जांच के दौरान पुलिस ने साक्ष्यों के आधार पर मृतका के पति और ससुर को उनके घर से गिरफ्तार कर लिया है। थानाध्यक्ष अजय कुमार जाटव ने बताया कि आरोपितों को न्यायालय के आदेश पर न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया है। वहीं, मामले मे सास की भूमिका की भी जांच की जा रही है। जांच के आधार पर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

# केदारनाथ धाम में गूंजा भक्ति का स्वर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रप्रयाग।** विश्व प्रसिद्ध केदारनाथ धाम में गुरुवार को आध्यात्मिकता और संगीत का अद्भुत संगम देखने को मिला, जब प्रसिद्ध गायक कैलाश खेर बाबा केदार के दर्शन हेतु पहुंचे। उन्होंने विधिवत पूजा-अर्चना कर देश-प्रदेश की सुख-समृद्धि की कामना की और धाम की व्यवस्थाओं की खुलकर सराहना की।

मंदिर परिसर में उनके आगमन पर जिला प्रशासन, मंदिर समिति और केदार सभा के सदस्यों ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। इस दौरान श्रद्धालुओं में भी खासा उत्साह देखने को मिला। माहौल उस समय और अधिक भक्तिमय हो उठा, जब कैलाश खेर ने अपना लोकप्रिय भक्ति गीत 'जय जय केदारा' प्रस्तुत किया। उनके सुरों पर पूरा परिसर "हर-हर महादेव" के जयकारों से गूंज उठा और श्रद्धालु भावविभोर होकर इस दिव्य क्षण के साक्षी बने।



कैलाश खेर ने यात्रा व्यवस्थाओं की सराहना करते हुए कहा कि भारी संख्या में श्रद्धालुओं के बावजूद यात्रा पूरी तरह सुव्यवस्थित, सुरक्षित और सुचारू ढंग से संचालित हो रही है। उन्होंने कहा कि नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी विजन और पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में केदारनाथ धाम की व्यवस्थाओं में उल्लेखनीय सुधार हुआ है।

उन्होंने जिला प्रशासन, पुलिस, तीर्थ पुरोहितों और मंदिर समिति की समन्वित कार्यप्रणाली की सराहना करते हुए कहा कि कठिन भौगोलिक परिस्थितियों के बावजूद श्रद्धालुओं की सुरक्षा और सुविधा सुनिश्चित करना एक बड़ी उपलब्धि है। इस दौरान उन्होंने जिलाधिकारी विशाल मिश्रा सहित पूरी प्रशासनिक टीम के प्रयासों को भी सराहा। कैलाश खेर ने कहा कि बाबा केदार की इस पवित्र नगरी में पहुंचकर उन्हें अद्भुत शांति, ऊर्जा और आध्यात्मिक अनुभूति प्राप्त हुई। उन्होंने सभी श्रद्धालुओं से अपील की कि वे इस दिव्य यात्रा का हिस्सा बनें और प्रशासन द्वारा बनाए गए नियमों का पालन कर यात्रा को और भी सफल बनाएं।

# महिला आरक्षण, सुरक्षा और परिसीमन के मुद्दों को लेकर कांग्रेस हमलावर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई टिहरी।** उत्तराखंड की राजनीति में महिला आरक्षण, महिला सुरक्षा और परिसीमन के मुद्दों को लेकर सियासी बयानबाजी तेज हो गई है। कांग्रेस ने राज्य सरकार पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि एक दिन का विशेष सत्र बुलाकर जनता के धन की बर्बादी की गई, जबकि अहम मुद्दों पर सरकार पूरी तरह मौन रही।


कांग्रेस कमेटी टिहरी के जिलाध्यक्ष मुरारीलाल खंडवाल ने कहा कि यदि वर्ष 2027 के विधानसभा चुनाव और 2029 के लोकसभा चुनाव में 33 प्रतिशत महिला आरक्षण लागू नहीं किया गया, तो कांग्रेस सड़कों पर उतरकर आंदोलन करेगी। उन्होंने कहा कि राज्य में महिला सुरक्षा एक गंभीर और ज्वलंत मुद्दा बन चुका है, लेकिन सरकार इस दिशा में ठोस कदम उठाने में विफल रही है। कांग्रेस ने अंकिता भंडारी प्रकरण सहित चमोली, हरिद्वार और चंपावत के विभिन्न मामलों का जिक्र करते हुए आरोप लगाया कि कई घटनाओं में सत्तारूढ़ दल से जुड़े लोगों के नाम सामने आए, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। साथ ही जंगलों में जंगली जानवरों के हमलों में महिलाओं की बढ़ती घटनाओं को लेकर भी सरकार पर लापरवाही बरतने का आरोप लगाया गया। परिसीमन के मुद्दे पर कांग्रेस ने कहा कि यदि यह प्रक्रिया केवल जनसंख्या के आधार पर की जाती है, तो उत्तराखंड जैसे छोटे राज्यों की हिस्सेदारी प्रभावित हो सकती है। कांग्रेस नेताओं ने चेतावनी दी कि यदि इन प्रस्तावित विधेयकों और जनहित से जुड़े मुद्दों पर सरकार ने जल्द ठोस कदम नहीं उठाए, तो पार्टी व्यापक स्तर पर आंदोलन करेगी।

# हाईटेक ट्रैफिक मैनेजमेंट से केदारनाथ यात्रा बनी और सुगम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रप्रयाग।** इस वर्ष केदारनाथ यात्रा आधुनिक तकनीक और सुदृढ़ प्रबंधन के दम पर सुव्यवस्थित संचालन का नया उदाहरण बनती नजर आ रही है। पुलिस अधीक्षक रुद्रप्रयाग नीहारिका तोमर के नेतृत्व में तैयार की गई व्यापक ट्रैफिक योजना ने यात्रा मार्ग को पहले से कहीं अधिक सुगम और नियंत्रित बना दिया है।

यात्रा के दौरान वाहनों के दबाव को नियंत्रित करने के लिए जनपद में 7 स्थायी और 11 अस्थायी पार्किंग स्थल विकसित किए गए हैं, जिससे सड़कों पर अनावश्यक जाम की स्थिति नहीं बन रही। वहीं, 16 बॉटलनेक पॉइंट्स और 12 सक्रिय भूस्खलन जोन पर पुलिस बल की तैनाती कर यातायात को निर्बाध रूप से संचालित किया जा रहा है।



■ कंट्रोल रूम से एसपी ने लिया व्यवस्थाओं का जायजा

ट्रैफिक नियंत्रण को और मजबूत करने के लिए 7 बैरियर और 13 हॉक जोन स्थापित किए गए हैं, जहां से लगातार निगरानी और संचालन किया जा रहा है। श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए पैदल मार्ग के 11 और सड़क मार्ग के 10 स्थानों पर पब्लिक एड्रेस सिस्टम लगाए गए हैं, जिनके माध्यम से आवश्यक दिशा-निर्देश लगातार प्रसारित किए जा रहे हैं। इसके अलावा, 7 टूरिस्ट पुलिस सहायता केंद्र यात्रियों को मार्गदर्शन और त्वरित सहायता उपलब्ध करा रहे हैं। इस बार हाईटेक तकनीक ट्रैफिक प्रबंधन की सबसे बड़ी ताकत बनकर उभरी है। पूरे यात्रा मार्ग पर 10 एएनपीआर कैमरे, 200 फिक्स एवं पीटीजेड कैमरे और 4 ड्रोन सर्विलांस जोन के माध्यम से रियल-टाइम निगरानी की जा रही है।

21 महत्वपूर्ण स्थानों को सीधे पुलिस कंट्रोल रूम से जोड़ा गया है, जिससे किसी भी आपात स्थिति में तत्काल निर्णय और कार्रवाई संभव हो पा रही है। 30 अप्रैल को जनपद में हो रही बारिश के बीच भी यात्रा सुचारु रूप से जारी रही। इसी क्रम में एसपी नीहारिका तोमर ने पुलिस कंट्रोल रूम से पूरे यात्रा मार्ग की व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया और अधिकारियों को अलर्ट मोड में रहने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी कोतवाली और चौकी प्रभारियों को सतर्कता के उच्च स्तर को बनाए रखते हुए अपने दायित्वों का निर्वहन करने को कहा। एसपी ने बताया कि तकनीकी संसाधनों और ग्राउंड फीडबैक के आधार पर प्रतिदिन अगले दिन की रणनीति तैयार की जा रही है। ट्रैफिक पूरी तरह नियंत्रण में है और पार्किंग व्यवस्था को व्यवस्थित तरीके से संचालित किया जा रहा है। एंट्री और एग्जिट को तेज और सुचारु बनाए रखने के लिए विशेष निर्देश दिए गए हैं।

## ऑपरेशन प्रहार के तहत मंगलौर पुलिस व सीआईईयू को मिली बड़ी कामयाबी

# दो शातिर वाहन चोर हरियाणा से दबोचे, दो कार बरामद

## आरोपी कबड्डी व ताइक्वांडो के खिलाड़ी व नशे के आदी हैं, झूठी शान शौकत के लिए करते हैं चोरी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंगलौर।** कोतवाली पुलिस ने सीआईईयू की मदद से बड़ी कामयाबी हासिल की है हरियाणा से दो शातिर वाहन चोरों को दबोच कर चोरी की गई उनसे दो कार्य बरामद की हैं इन शातिर चोरों को दबोचने में पुलिस को मंगलौर से हरियाणा तक करीब 500 सीसी टीवी कैमरे खंगालने पड़े । बताया गया है कि दोनों वाहन चोर ताइक्वांडो खिलाड़ी हैं और शौक पूरा करने के लिए वाहन चोरी की वारदातों को अंजाम देते थे।

जानकारी के अनुसार बंटी पुत्र चन्द्रमोहन निवासी डबल स्टोरी, विशाल, नई दिल्ली द्वारा कोतवाली मंगलौर में सूचना दी गई कि अज्ञात व्यक्तियों द्वारा गुंड मंडी मंगलौर के पास उनकी ईको कार चोरी कर



ली गई। घटना की गंभीरता को देखते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक हरिद्वार के निर्देश पर प्रभारी निरीक्षक मंगलौर द्वारा एक विशेष टीम गठित की गई। पुलिस टीम द्वारा

> ❖ मंगलौर क्षेत्र से चोरी कर टोल व बैरियर तोड़ते हुए भागे थे आरोपी
>
> ❖ पुलिस ने मंगलौर से लेकर हरियाणा तक छाने लगभग 500 सीसीटीवी कैमरे

हरिद्वार से लेकर हरियाणा तक विभिन्न स्थानों गुंड मंडी, मंडावली, पुरकाजी, छपार, मुजफ्फरनगर, शामली, शाहपुर, बागपत, कांधला, पानीपत आदि में लगभग 419 सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली गई। जांच के दौरान आरोपियों की काली स्विफ्ट कार अस्थायी नंबर प्लेट के साथ कई टोल प्लाजाओं के बैरियर तोड़ते हुए दिखाई दी। चोरी के बाद भी आरोपियों ने हरिद्वार से हरियाणा तक कई टोल बैरियर तोड़कर फरार होने का प्रयास किया। दिनांक 29. 04.2026 को पुलिस टीम द्वारा गोहाना रोड, पानीपत (हरियाणा) से दो आरोपियों को हिरासत में लिया गया तथा चोरी की गई ईको कार और प्रयुक्त स्विफ्ट डिजायर कार बरामद की गई। आरोपी कबड्डी/ताइक्वांडो के खिलाड़ी हैं और कोचिंग ले रहे थे, नशे की लत और शौक पूरे करने के लिए चोरी की घटनाओं को अंजाम देते थे। योजना के तहत पहले वाहन बुक कर हरिद्वार पहुंचे, गुंड मंडी क्षेत्र में ईको कार को चोरी कर फरार हो गए। इस सफल कार्रवाई से न केवल अंतरराज्यीय वाहन चोर गिरोह का खुलासा हुआ, बल्कि दिल्ली से आए पर्यटक को उसका वाहन वापस दिलाकर पुलिस ने आमजन का विश्वास भी मजबूत किया है। नाम पता आरोपित-शाहिल पुत्र अनिल, निवासी राजनगर गली नं. 02, पानीपत (हरियाणा) व संदीप रोड पुत्र बलवीर सिंह, निवासी राजनगर गली नं. 02, पानीपत (हरियाणा) हैं। पुलिस टीम में व0उ0नि0 सुखपाल सिंह मान, उ0नि0 नितिन विष्ट, का0 रणवीर सिंह, का0 सुधीर, का0 अजय काला, का0 महिपाल आदि शामिल रहे।

## घर में घुसकर अलमारी का ताला तोड़कर नकदी व जेवरात चोरी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिरान कलियर।** क्षेत्र के मेंहवड कला गांव में दिन में ही घर में घुसकर अलमारी का ताला तोड़कर उसमें रखी नगदी ओर सोने चांदी के जेवर चोरी कर लिए। मौके पर पहुंची पुलिस ने घटना की जानकारी की। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

पिरान कलियर थाना क्षेत्र के मेंहवड कला निवासी अनिरुद्ध सैनी ने पुलिस कोदी तहरीर में बताया कि बुधवार को उसके परिजन किसी काम से कहीं गए हुए थे तो दिन में ही चोरों ने घर में घुसकर अलमारी का ताला तोड़कर उसमें रखे सोने चांदी के के जेवर हजारों रुपए की नगदी लेकर फरार हो गए। जैसे ही परिजन वापस आए तो उन्होंने देखा कि घर की अलमारी का ताला टूटा हुआ है ओर उसका सामान बिखरा पड़ा है। अलमारी में रखी नगदी ओर जेवर गायब है। यह घटना आसपास लगे सीसी टीवीकैमरे में कैद हो गई। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने घटना की जानकारी कर सीसी टीवी कैमरों को खंगाला। पीड़ित ने पुलिस से कार्रवाई की मांग की है।कोतवाली प्रभारी कमल मोहन भंडारी ने बताया हे कि तहरीर के आधार पर घटना की जांच की जा रही है। ओर आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों को खंगाला जा रहा है।जल्द ही चोरों को पकड़ लिया जाएगा।

## विधानसभा सत्र में आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों का वेतन वृद्धि का मुद्दा उठाने पर

# कार्यकत्रियों ने जताया लक्सर विधायक शहजाद का धन्यवाद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** उत्तराखंड के लक्सर ब्लॉक सभागार में अपनी मांगों को लेकर मुखर हुई आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों का ध रना प्रदर्शन एक माह का समय बीत जाने के बाद भी बदस्तूर जारी है। कार्यकत्रियों ने दो टूक शब्दों में चेतावनी दी है कि जब तक सरकार उनके वेतन में सम्मानजनक वृद्धि नहीं करती, तब तक वे काम पर वापस नहीं लौटेंगी और आंदोलन जारी रहेगा 9000 रुपये में घर चलाना मुश्किल-धरना स्थल पर बैठी आंगनबाड़ी कार्यकत्री दीपमाला, रूमा रानी और रेखा ने सरकार के प्रति कड़ा रोष व्यक्त करते हुए कहा कि वर्तमान में उन्हें मात्र 9000 रुपये प्रतिमाह मानदेय दिया जा रहा है उन्होंने बढ़ती महंगाई का हवाला देते हुए कहा9000 रुपये में बिजली का बिल, गैस सिलेंडर, स्कूल में पढ़ने वाले बच्चों की फीस और घरेलू राशन का खर्च उठाना नामुमकिन हो गया है सरकार हमसे काम तो जरूरत से ज्यादा लेती है लेकिन मानदेय के नाम पर हमें ना के बराबर राशि दी



जा रही है। सरकार की चुप्पी और विपक्ष का समर्थन कार्यकत्रियों का आरोप है कि उत्तराखंड सरकार ने अब तक उनकी मांगों की सुध नहीं ली है और न ही प्रशासन की ओर से कोई वार्ता की पहल की गई है। उन्होंने स्थानीय विधायक मोहम्मद शहजाद का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि केवल उन्होंने ही विधानसभा में उनकी आवाज को प्रमुखता से उठाया है विपक्ष में होने के बावजूद वे आंगनबाड़ी बहनों की जायज मांग को सरकार के सामने रख रहे हैं जबकि सत्ता पक्ष इस मुद्दे पर चुप्पी साधे हुए है। प्रमुख मांग 24,000 रुपये मानदेय आंदोलनकारी महिलाओं ने स्पष्ट किया है कि उनकी मांग 24,000 रुपये प्रतिमाह वेतन करने की है उन्होंने चेतावनी दी है किजब तक लिखित आश्वासन और वेतन वृद्धि नहीं होती, तब तक सभी विभागीय कार्य पूरी तरह ठप रहेंगेसरकारी योजनाओं और स्थानीय स्तर पर किए जाने वाले किसी भी सर्वे या कार्य में आंगनबाड़ी कार्यकत्रियां सहयोग नहीं करेंगीलक्सर ब्लॉक में चल रहे इस धरने के कारण क्षेत्र में आंगनबाड़ी से जुड़ी सेवाएं प्रभावित हो रही हैं, जिससे आने वाले समय में सरकार के लिए मुश्किलें खड़ी हो सकती हैं।

## स्वास्थ्य शिविर में 310 लोगों की हुई जांच



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लंढौरा।** गाधारोणा में गुरुवार को स्वास्थ्य विभाग की ओर से शिविर लगा कर 310 लोगों के स्वास्थ्य जांच की गई। शिविर में गर्भवती महिलाओं और नवजात शिशुओं के स्वास्थ्य देखरेख के लिए विस्तार से समझाया गया।

गुरुवार को स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग की ओर से गाध ारोणा गांव में शिविर का आयोजन किया गया। नारसन सीएचसी प्रभारी डॉक्टर अचिंतन गर्ग ने बताया कि शिविर में सौ से अधिक गर्भवती महिलाओं की स्वास्थ्य की जांच की गई। इसके अलावा 50 लोगों की खून की जांच तथा 32 लोगों के बलगम के सैंपल लिए गए साथ ही 30 लोगों के एक्सरे किए जाने के साथ साथ 50 से अधि क लोगों स्वास्थ्य की जांच की गई। एसीएमओ डॉ. रमेश कुंवर ने बताया कि शिविर का उद्देश्य गर्भवती महिलाओं के लिए सुरक्षित मातृत्व, शिशु स्वास्थ्य सुदृढ बनाना है। सीएमओ डॉ. आरके सिंह ने भी शिविर का निरीक्षण किया। इस दौरान सीएमओ ने ग्रामीणों से कहा सभी गर्भवती का प्रसव आसपास के सरकारी अस्पतालों में कराया जाए। सीएमओ ने कहा कि कोई भी प्रसव दाई ना कराया जाए। सीएमओ ने कहा जिन ग्राम पंचायतो में एएनएम नहीं है शीघ्र ही उन स्थानों पर एएनएम की तैनाती की जाएगी। शिवर में नारसन सीएचसी के डॉक्टरों की टीम ने स्वास्थ्य की। इस मौके पर भाजपा नेता प्रेम गिरी, ग्राम प्रधान प्रतिनिधि लाला गिरी समेत कई मौजिज लोग मौजूद रहे।

## मंगलौर में आर.आर.आर. केंद्र का उद्घाटन जरूरतमंदों को मिलेगा निःशुल्क सामान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंगलौर।** स्वच्छ भारत अभियान के तहत नगर पालिका परिषद मंगलौर ने गुरुवार को नगर पालिका कार्यालय के सामने घटाओ, पुनः उपयोग करो, पुनः चक्रित करो (आर.आर.आर.) केंद्र का शुभारंभ किया। केंद्र का उद्घाटन पालिका ध्यक्ष मोहिउद्दीन अंसारी ने किया।

पालिकाध्यक्ष मोहिउद्दीन अंसारी ने नागरिकों से इस नेक कार्य में सहयोग की अपील करते हुए कहा कि कोई भी व्यक्ति अपने पुराने कपड़े, जूते, किताबें व अन्य घरेलू सामान केंद्र में जमा करा सकता है। जमा सामग्री जरूरतमंद लोगों को निःशुल्क उपलब्ध कराई जाएगी। अधि शासी अधिकारी उत्तम सिंह नेगी ने बताया कि केंद्र प्रत्येक कार्यदिवस में सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक खुला रहेगा। सामान देने वाले व्यक्ति की प्रविष्टि के बाद सामग्री स्वीकार की जाएगी। उन्होंने नगरवासियों से अपील की कि अधिक से अधिक लोग इस पहल से जुड़ें। उद्घाटन अवसर पर पालिकाध्यक्ष मोहिउद्दीन अंसारी, अधिशासी अधिकारी उत्तम सिंह नेगी, सफाई निरीक्षक जसवीर सिंह, वरिष्ठ सहायक दीपक शर्मा, और वसीम अब्बासी सहित पालिका कर्मचारियों ने केंद्र में सामग्री दान की। इस दौरान स्थानीय नागरिक भी मौजूद रहे। क्या जमा कर सकते हैं पुराने कपड़े, जूते, किताबें, खिलौने, घरेलू सामान समय सुबह 10 से शाम 5 बजे,



कार्यदिवस में स्थान नगर पालिका कार्यालय मंगलौर के सामने उद्देश्य पुनः उपयोग को बढ़ावा जरूरतमंदों की मदद की जायेगी।

## जायरीनों ने दरगाहों पर मांगी खुशहाली की दुआएं

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिरान कलियर।** जुमेरात पर दरगाह साबिर पाक, दरगाह इमाम साहब, किलकिली साहब, पीर गैब अली साहब और अब्दाल साहब पर अकीदतमंदों की भीड़ उमड़ पड़ी। सुबह से ही दरगाहों पर जायरीनों का पहुंचना शुरू हो गया जो देर शाम तक जारी रहा। दूर-दराज के जिलों और राज्यों से आए जायरीनों ने दरगाहों पर चादर चढ़ाई और देश में अमन-चैन की दुआएं मांगी। बरेली, रामपुर, मुरादाबाद, बिजनौर, सहारनपुर, दिल्ली, हरियाणा और पंजाब समेत विभिन्न जगहों से बड़ी संख्या में जायरीन कलियर पहुंचे। इस दौरान दरगाह साबिर पाक में जायरीनों की कतारें लगी रहीं। दरगाह परिसर, पीपल चौक और मुख्य बाजारों में दिनभर भीड़ का दबाव बना रहा। वहीं सोहलपुर मार्ग पर अतिक्रमण के चलते यातायात व्यवस्था प्रभावित रही। सड़क पर लगे लंबे जाम के कारण जायरीनों और राहगीरों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा व सुबह से लेकर देर शाम तक जाम में फंसे रहे। इंस्पेक्टर कमल मोहन भंडारी ने बताया कि भीड़ को देखते हुए दरगाह परिसर और प्रमुख स्थानों पर पुलिस बल तैनात किया गया था। भीड़ के चलते कुछ समय के लिए जाम की स्थिति बनी रही। सूचना पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर यातायात व्यवस्था दुरुस्त कराई।

## युवक को घर में घुसकर पीटा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** घर के बाहर गाली गलौज करने का विरोध करने पर तीन युवकों ने एक युवक की घर में घुसकर पिटाई कर दी। पुलिस ने दो सगे भाइयों सहित तीनों आरोपियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर ली है। पुलिस के अनुसार, लक्सर कोतवाली के भुरना गांव निवासी शशी कुमार ने तहरीर में बताया कि 23 अप्रैल की देर शाम को वह अपने घर में मौजूद था। इस बीच आरोपी अमन व आशीष निवासीगण ग्राम भुरना और अर्जुन निवासी बेरी भलस्बा जनपद सहारनपुर उसके घर के बाहर खड़े होकर गाली गलौज करने लगे। उसने इसका विरोध किया तो आरोपी उसके घर में घुस आए और उसकी पिटाई कर दी। शोर सुनकर आसपास के लोग मौके पर आ गए। इस पर आरोपी जान से मारने की धमकी देकर चले गए। कोतवाली प्रभारी प्रवीण सिंह कोश्यारी ने बताया कि आरोपियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर ली है।

**संबंध विच्छेद-सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा पुत्र अजमत अल्वी उसकी पत्नी आईशा व पुत्र मो. अली अब्बास का आचरण मेरे व मेरे परिवार के प्रति ठीक ना होने के कारण मैंने अजमत, आईशा व मौ. अली अब्बास को अपनी तमाम चल-अचल संपत्ति से बेदखल कर संबंध-विच्छेद कर लिया है आज के बाद तीनो के किसी भी अनैतिक कृत्य व लेन-देन की मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। तहसीना पत्नी स्व. चौधरी अफजल अल्वी नि. ज्वालापुर, थाना ज्वालापुर, हरिद्वार।

**संबंध विच्छेद-सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पुत्र नौशाद उसकी पत्नी नसरीन व उनके बच्चों का आचरण मेरे व मेरे परिवार के प्रति ठीक ना होने के कारण मैंने नौशाद, नसरीन व इनके बच्चों को अपनी तमाम चल-अचल संपत्ति से बेदखल कर संबंध-विच्छेद कर लिया है आज के बाद उक्त सभी के किसी भी अनैतिक कृत्य व लेन-देन की मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। रिहाना पत्नी स्व. कररूददीन नि. मौहल्ला कैतवाड़ा ज्वालापुर, थाना ज्वालापुर, हरिद्वार।

## 100 किलो गोमांस सहित एक आरोपी पकड़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** कोतवाली पुलिस ने गोकशी कर रहे एक आरोपी को दबोच कर उसके कब्जे से करीब 100 किलो गौमांस व उपकरण बरामद किए हैं तो उसका एक दूसरा साथी मोके से फरार होने में कामयाब हो गया जिसकी पुलिस तलाश में जुटी है।

जानकारी के अनुसार जनपद में अपराध एवं अवैध गतिविधियों पर प्रभावी अंकुश लगाने हेतु वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक हरिद्वार द्वारा दिये गये निर्देशों के क्रम में कोतवाली लक्सर पुलिस लगातार सक्रिय है। इसी क्रम में प्रभारी निरीक्षक लक्सर के नेतृत्व में पुलिस टीमों को क्षेत्र में पतारसी-सुरागरसी एवं सघन चेकिंग हेतु लगाया गया। दिनांक 30.04.2026 को प्राप्त सूचना के आधार पर ग्राम रणसूरा क्षेत्र में पुलिस द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए दबिश दी गई। कार्रवाई के दौरान गौकशी कर रहे 01 आरोपी को मौके से पकड़ा गया, जबकि अन्य आरोपी अंधेरे का लाभ उठाकर फरार हो गए। पुलिस टीम द्वारा मौके से करीब 100 किलो गौमांस एवं गौकशी में प्रयुक्त उपकरण बरामद किए गए। पुलिस की सतर्कता एवं त्वरित कार्रवाई से एक आरोपी को हिरासत में लिया जा सका, फरार आरोपियों की तलाश जारी है। कोतवाली लक्सर में उत्तराखण्ड गोवंश संरक्षण अधि नियम में अभियोग पंजीकृत किया। नाम पता आरोपित-इस्लाम पुत्र असगर निवासी ग्राम रणसूरा, कोतवाली लक्सर है।

## कलियर नगर पंचायत प्रतिनिधि ने किया सड़कों का शिलान्यास

# कस्बे का विकास ही प्राथमिकता : सलीम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिरान कलियर।** नगर पंचायत कलियर के वार्ड संख्या नो में लाखों रुपये की लागत से बनने वाली विभिन्न आंतरिक सड़कों का शिलान्यास किया गया। नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि सलीम अहमद, वार्ड सभासद मेहरुबा जावेद साबरी ने फीता काटकर शुभारंभ किया।

इस अवसर पर अध्यक्ष प्रतिनिधि सलीम अहमद ने कहा कि सभासदों के सहयोग से कस्बे में विकास कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर तेजी से आगे बढ़ाया जा रहा है, जिससे आमजन को बेहतर बुनियादी सुविधाएं मिल सकें। उन्होंने बताया कि जर्जर सड़कों का भी जल्द निर्माण कराया जाएगा। सभासद जावेद साबरी ने कहा कि क्षेत्र में सड़को नालों और नालियों के निर्माण पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है तथा जो विकास कार्य अभी



लंबित हैं, उन्हें शीघ्र पूरा कराया जाएगा।इस मोके पर राव अफसर, तुफेल अहमद, उस्मान अली, अंजार अली, सलीम, सुलेमान, सलमान ,यूनुसआदि मौजूद रहें।

## पंजाब से घर लौट रहे दो युवकों की संदिग्ध मौत

## रेलवे ट्रैक पर मिले शव, परिवार में कोहराम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** लक्सर क्षेत्र के ग्राम मोहम्मदपुर कुन्हारी में उस वक्त मातम और आक्रोश फैल गया, जब काम के सिलसिले में पंजाब गए दो युवकों के शव रेलवे ट्रैक पर बरामद हुए। परिजनों ने इसे महज एक दुर्घटना मानने से इनकार करते हुए पंजाब के एक ठेकेदार पर हत्या का गंभीर आरोप लगाया हैशादी की खुशियां मातम में बदलींपरिजनों ने बताया कि गांव के दो युवक करीब 15 दिन पहले पंजाब के खन्ना में रियासत अली (निवासी गढ़मीरपुर, हाल निवासी नगर पंचायत सुल्तानपुर) नामक ठेकेदार के पास मजदूरी करने गए थे। परिवार में 27 अप्रैल को शादी का कार्यक्रम तय था, जिसकी खुशियों में शामिल होने के लिए दोनों युवक 25 अप्रैल को खन्ना से घरकेलिएरवानाहुएथेपुलिस की सूचना से मचा कोहरामपरिजनों के अनुसार, उन्हें पुलिस के माध्यम से सूचना मिली किदोयुवकों के शव रेलवे ट्रैक पर क्षत-विक्षत हालत में पड़े हैं। सूचना पाकर परिजन 26 अप्रैल को मौके पर पहुंचे, लेकिन तब तक पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया थाठेकेदार पर सीधा आरोप और धमकी की



बातपूर्व प्रधान ताहिर हसन, मेहरबान अली, कल्लू हसन और मृतक महताब के पिता ने आरोप लगाया कि उक्त ठेकेदार ने पहले भी युवकों के साथ गाली-गलौज और दुर्व्यवहार किया था परिजनों का कहना हैहमें पूरा यकीन है कि हमारे बच्चों की हत्या की गई है। इस दुखद घटना के बाद भी ठेकेदार ने मदद करना तो दूर, परिजनों से संपर्क करना भी मुनासिब नहीं समझा। उल्टा यह सुनने में आ रहा है कि ठेकेदार धमकी दे रहा है कि श्मैं किसी से नहीं डरता, जिसे जो करना है कर लेन्याय के लिए पंजाब कूच करेंगे परिजनमृतकों के परिवार में इस घटना के बाद से गहरा रोष है। परिजनों ने स्पष्ट किया है कि वे कल खन्ना (पंजाब) के लिए रवाना होंगे और संबंधित थाने में आरोपी ठेकेदार के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कराएंगे। उन्होंने प्रशासन से मामले की निष्पक्ष जांच और दोषियों को कड़ी सजा दिलाने की मांग की है

**भगवानपुर में समाचार व विज्ञापन के लिए संपर्क करें।**

**आशू मलिक** (संवाददाता भगवानपुर)
**कार्यालय :** जिला पंचायत मार्किट भगवानपुर,
मोबाइल नं0 9761496669

# ट्रम्प की धमकी

होर्मुज को लेकर अमेरिका किस हद तक जा सकता है, इसका ताजा उदाहरण अमेरिका के राष्ट्रपति द्वारा ईरान को दी गई वह धमकी है जिसमें उन्होंने कहा है कि ऐसा तूफान आने जा रहा है, जिसे कोई रोक नहीं सकता। अब इसके पीछे उसका मकसद क्या है, यह तो वही जानें, क्योंकि ऐसा पहली बार नहीं है जो उन्होंने इस तरह की धमकी ईरान को दी है। वह तो ईरान को पाषाण युग तक में भेजने की बात कर चुके हैं, लेकिन ताजा धमकी ने तनाव को फिर चरम पर पहुंचा दिया है और माना जा रहा है कि आने वाले दस-पंद्रह घंटे बेहद महत्वपूर्ण हो सकते हैं। यह ट्रम्प की धमकी का ही परिणाम है कि कच्चे तेल के दाम भी एकाएक बढ़ गए हैं और 116 डॉलर प्रति बैरल तक पहुंच गए हैं। बाजार के जानकार दामों के और बढ़ने की बात कर रहे हैं। जाहिर है अगर यह स्थिति यूं ही चलती रही, जहां दुनिया में बेचैनी तो फैलेगी ही, साथ ही विश्व की अर्थव्यवस्था पर भी बेहद बुरा असर पड़ेगा। विशेषकर विकासशील देशों पर, जिनमें भारत भी एक है। अब तक जो वार्ता के माध्यम से समस्या का समाधान ढूंढने के प्रयास हुए हैं, वे परवान नहीं चढ़ सके हैं। पाकिस्तान की मध्यस्थता में भी केवल एक बार ही सीधी वार्ता हुई है। दूसरी वार्ता के प्रयास किए जा रहे हैं, लेकिन बात बनती दिखाई नहीं दे रही है। उसका कारण यही है कि दोनों ही पक्ष अपनी-अपनी शर्तों पर अड़े हैं और अपने हितों के अनुसार ही आगे बढ़ना चाहते हैं। होर्मुज पर ईरानी नियंत्रण के जवाब में अमेरिका ने भी ईरान के बंदरगाहों की नाकेबंदी कर दी है, जिसके चलते अब ईरान से आयात-निर्यात रुक गया है। ईरान की संसद के स्पीकर गालिबाप ने सीधे धमकी भी दी है और कहा है कि यदि अमे. रिका लंबे समय तक ईरान के नाकेबंदी करेगा, तो ईरान का धैर्य जवाब दे सकता है। जाहिर है वह यही कहना चाह रहे हैं कि वह कभी भी नाकेबंदी को तोड़ने के लिए सैनिक कार्रवाई कर सकते हैं। इस बीच खबर यह भी आई है कि चीन भी अब होर्मुज को लेकर काफी गंभीर दिखाई दे रहा है। उसने ईरान के नाकेबंदी की भी आलोचना की है। जोकि स्वाभाविक भी है, क्योंकि चीन का 90 प्रतिशत तेल ईरान से ही आता है। ऐसे में अगर यह नाकेबंदी लंबे समय तक चलती है, तो चीन के हितों को सीधे चोट पहुंचेगी। रूस पहले ही ईरान के साथ खड़ा होने की बात कह चुका है और ईरान के होर्मुज पर नियंत्रण को सही ठहरा चुका है। जाहिर है अभी दोनों ही ओर से युद्ध की भाषा ही अधिक बोली जा रही है। कोई भी समझ सकता है कि इस तरह के वातावरण में वार्ता का माहौल नहीं बन सकता। वार्ता का माहौल बनाने के लिए दोनों पक्षों को पहले कुछ इस तरह के कदम उठाने होंगे, जिससे अविश्वास की गहरी खाई को किसी तरह पाटा जा सके।

# एग्जिट पोल की सच्चाई : लोकतंत्र का आईना





**प्रो. आर.के. जैन**

जब आंकड़ों की चकाचौंध सच का मुखौटा पहनने लगे, तभी सवाल उठाना जरूरी हो जाता है 29 अप्रैल 2026 की वह शाम ठीक ऐसी ही थी। मतदान खत्म होते ही टीवी स्क्रीन पर एग्जिट पोल का सैलाब उमड़ पड़ा, मानो जनादेश पहले ही लिख दिया गया हो। पश्चिम बंगाल में सत्ता परिवर्तन के दावे, असम में प्रचंड बहुमत की भविष्यवाणी, दक्षिण भारत में कड़े मुकाबले के संकेतकृहर चौनल अपनी कहानी गढ़ रहा था। इन आंकड़ों की चमक ने माहौल को रोमांचक जरूर बनाया, लेकिन भीतर ही भीतर एक संशय भी जन्म लेने लगा। क्या यह अनुमान सचमुच जनता के मन की गहराइयों को छू रहे हैं, या फिर यह केवल एक ऐसा परदा है जो सच्चाई को ढककर भ्रम का नया संसार रच रहा है?

जब पूर्वानुमान ही परिणाम बनने लगें, तब लोकतंत्र की दिशा पर सवाल उठना स्वाभाविक है एग्जिट पोल अब केवल प्रक्रिया नहीं, बल्कि प्रभावशाली शक्ति हैं। यह आंकड़े दलों के आत्मविश्वास को बढ़ा-घटा सकते हैं, बाजार की दिशा तय कर सकते हैं और मतदाता की सोच प्रभावित कर सकते हैं। 2024 के लोकसभा चुनाव में बड़े अनुमान वास्तविक नतीजों से अलग रहे, जिससे केवल समीकरण ही नहीं, जनता का भरोसा भी डगमगाया। 2026 में भी वही तस्वीर है, जहां हर चैनल अपनी गणना से विजेता तय कर रहा है। ऐसे में चिंता बढ़ती है कि क्या हम इन अनुमानों से लोकतंत्र की सच्चाई समझ रहे हैं, या अनजाने में उसके मूल स्वरूप को कमजोर कर रहे हैं।

जब मतदाता का मन ही रहस्य बन जाए, तब उसे आंकड़ों में बांधना कठिन हो जाता है भारत जैसे विविध देश में यह पहेली और गहरी है। यहां निर्णय केवल विचारधारा पर नहीं, बल्कि जाति, क्षेत्र, स्थानीय मुद्दों, व्यक्तिगत अनुभवों और भावनात्मक प्रतिक्रियाओं के मिश्रण पर आधारित होता है। कई बार मतदाता अपनी वास्तविक राय छिपा लेते हैं, जिससे एग्जिट पोल की सटीकता पर सवाल उठते हैं। 2021 और 2024 के चुनावों में 'साइलेंट वोटर' ने सभी अनुमानों को ध्वस्त कर दिया। 2026 में भी यह अनदेखी ताकत सक्रिय हो सकती है, जो किसी भी सर्वेक्षण को चुनौती दे सकती है। यही वह बिंदु है जहां एग्जिट पोल की सीमाएं स्पष्ट होती हैंकृवे आंकड़े दिखाते हैं, मन की गहराइयों को नहीं पढ़ पाते।

हर शोर में भ्रम नहीं होता कुछ आवाजें सच भी कहती हैं और एग्जिट पोल उसी सच की झलक बन सकते हैं। फिर भी यह कहना गलत होगा कि इनका कोई महत्व नहीं है। जब यह ईमानदारी और वैज्ञानिक पद्धति से किए जाते हैं, तो यह समाज के उन वर्गों की आवाज बनते हैं जो अक्सर मुख्यधारा से दूर रहते हैं। गांवों, कस्बों और हाशिए के समुदायों की राय सामने लाते हैं। यह लोकतंत्र की सकारात्मक झलक भी देते हैं, जहां हर आवाज मायने रखती है। चुनाव आयोग के नियम (सेक्शन 126A) इनके दुरुपयोग को रोकने का प्रयास करते हैं, लेकिन टीआरपी की दौड़, राजनीतिक दबाव और व्यावसायिक हित अक्सर इन आदर्शों को कमजोर कर देते हैं, जिससे निष्पक्षता पर सवाल उठने लगते हैं। जब सच का आईना टेढ़ा दिखने लगे, तब खतरा गहराना तय है एग्जिट पोल यदि वास्तविकता नहीं, उसका विकृत प्रतिबिंब बन जाएं तो असर दूर तक जाता है। जब यह अनुमान गलत साबित होते हैं, तो प्रभाव केवल राजनीतिक दलों तक सीमित नहीं रहता, बल्कि जनता के विश्वास पर भी पड़ता है। 2024 में दिखी आर्थिक और मानसिक अस्थिरता इस बात का प्रमाण है कि गलत अनुमान बड़ी कीमत वसूलते हैं। यदि 2026 के परिणाम भी इन पूर्वानुमानों से अलग निकलते हैं, तो यह केवल तकनीकी त्रुटि नहीं, बल्कि लोकतंत्र की विश्वसनीयता पर सवाल होगा। तब यह पूछना लाजमी होगा कि क्या हम डेटा के नाम पर भ्रम को बढ़ावा दे रहे हैं? जब अनुमान की सीमाएं खुद स्वीकार हों, तब सटीकता पर सवाल स्वाभाविक है। भारत जैसे विशाल देश में भविष्यवाणी करना बेहद कठिन है।


सैंपलिंग की सीमाएं, जमीनी डेटा जुटाने की चुनौतियां और अंतिम क्षणों में मतदाता के मन में बदलाव यह सभी एग्जिट पोल की विश्वसनीयता को प्रभावित करते हैं। फिर भी यह पूरी तरह निरर्थक नहीं हैं। यह रुझान समझने का माध्यम देते हैं, दलों को रणनीति पर पुनर्विचार के लिए प्रेरित करते हैं और जनता को चर्चा का आधार देते हैं, लेकिन समस्या तब होती है जब इन्हें अंतिम सत्य मान लिया जाता है, जिससे भ्रम और अपेक्षाओं का टकराव पैदा होता है। जब मतदाता का फैसला हर बार अनुमान को चौंका दे, तब उसकी अप्रत्याशितता ही उसकी असली पहचान बन जाती है भारतीय मतदाता यही साबित करता आया है। इतिहास गवाह है कि यहां अंतिम क्षण का निर्णय कई बार सभी अनुमानों को धता बता देता है।

2004 और 2024 के चुनाव इसके स्पष्ट उदाहरण हैं। यह दिखाता है कि लोकतंत्र की असली ताकत किसी सर्वेक्षण में नहीं, बल्कि जनता की स्वतंत्र सोच और निर्णय क्षमता में है। एग्जिट पोल इस जटिलता को पूरी तरह नहीं समझ पाते, क्योंकि वे केवल सतह को छूते हैं, गहराई को नहीं। जब नजर संतुलित हो, तभी सच साफ दिखता है एग्जिट पोल को लेकर यही सबसे बड़ा समाधान है। यह न पूरी तरह गलत हैं, न पूरी तरह सही इनका मूल्य इस बात पर निर्भर करता है कि हम इन्हें कैसे देखते हैं। यदि इन्हें संकेतक माना जाए, तो यह उपयोगी हैं।

लेकिन यदि अंतिम निर्णय मान लिया जाए, तो भ्रम पैदा करते हैं। 2026 के इन महत्वपूर्ण चुनावों में जरूरी है कि हम आंकड़ों की चमक से प्रभावित होने के बजाय वास्तविकता की प्रतीक्षा करें, क्योंकि लोकतंत्र की सच्ची तस्वीर वही होती है जो मतपेटियों से निकलती है, न कि वह जो स्क्रीन पर दिखाई जाती है।

## श्रीमुख से...

### मानवता के मूल्यों की रक्षा की लड़ाई



ऑपरेशन सिंदूर ने दुनिया को स्पष्ट संदेश दिया है कि भारत अपने भूभाग पर आतंकवादी हमलों के बाद अब केवल कूटनीतिक बयान जारी करने की पुरानी मानसिकता तक सीमित नहीं है, बल्कि आगे बढ़कर निर्णायक कार्रवाई के लिए प्रतिबद्ध है, सरकार ने स्पष्ट रुख अपनाया है कि किसी भी परिस्थिति में आतंकवाद का कोई भी कृत्य सहन नहीं किया जाएगा, आतंकवाद एक विकृत और विक्षिप्त मानसि. कता से उत्पन्न होता है, यह मानवता पर एक काला धब्बा है, आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई केवल राष्ट्रीय सुरक्षा का मामला नहीं है, यह मूल रूप से मानवता के मूल्यों की रक्षा की लड़ाई है, यह एक बर्बर विचारधारा के खिलाफ संघर्ष है जो हर मानवीय मूल्य के सीधे विरोध में खड़ी है, हमने इस भारतीय दृष्टिकोण को देश के भीतर और विदेशों में स्पष्ट रूप से प्रस्तुत किया है।

**-राजनाथ सिंह, रक्षा मंत्री**

## अपने विचार रखें...

**शाह टाइम्स अपने पाठकों के साथ ही वरिष्ठ स्तंभकारों, लेखकों को सम्पादकीय पेज हेतु आलेख अथवा जनमानस से जुड़े मुद्दों पर अपनी राय भेजने के लिए आमंत्रित करता है, सम्पादकीय पेज पर प्रकाशित किसी भी लेख से सम्पादक अथवा संस्थान का सहमत होना आवश्यक नहीं है, यह लेखक के अपने निजी विचार होते हैं।**

**फीचर डेस्क, शाह टाइम्स**

**पत्राचार: सुजड़ू चुंगी, मेरठ रोड मुजफ्फरनगर-251003**

**E-mail: Dainikshahtimes@gmail.com**

# इन गर्मियों में जानें सन टेन के घरेलू उपाय



**शहनाज हुसैन**

गर्मियों का मौसम हो और चेहरे पर धूप का असर ना दिखे ऐसा कम ही होता है, गर्मियों में सबसे ज्यादा लोग टैनिंग को लेकर परेशान रहते हैं हालांकि कुछ लोग चेहरे पर कपड़ा बांध कर निकलते हैं, लेकिन कड़कती धूप से बचने के लाख जतन करके भी इससे पूरी तरह बचना मुश्किल हो जाता है। गर्मियों में घर से बाहर निकलने पर या गर्मियों की छुट्टियों में समुद्र तट घूमते हैं तो आपकी त्वचा सूर्य की अल्ट्रा वायलेट किरणों के सम्पर्क में आने, प्रदूषण और गन्दगी के सम्पर्क में आने से सांवली पड़ जाती है। चेहरे पर सन टेन की वजह से चेहरे का सही रंग चला जाता है और चेहरे का आकर्षण भी खत्म हो जाता है जिससे चेहरा डल दिखाई देने लगता है।

इस मौसम में सन टेन से छुटकारा प्राप्त करने के लिए कई बार लोग बड़ी कम्पनियों के महंगे उत्पादों का उपयोग करते हैं लेकिन यह उत्पाद कई बार त्वचा के अनुकूल नहीं होते जिसकी बजह से त्वचा की अनेक समस्याएं खड़ी हो जाती हैं। ऐसे में धूप से बचने के लिए आप कुछ होम मेड फेस पैक का इस्तेमाल कर सकती हैं जोकि आपकी त्वचा को मुलायम और कोमल बनाए रखेंगे।

**पपीता फेस पैक**

यदि आपका चेहरा धूप में अधिक समय तक रहने से काला पड़ गया है तो पपीते का फेस पैक काफी मददगार साबित हो सकता है इसके लिए आप पका हुआ पपीता और निम्बू ले लें पपीते का छिलका उतार कर उसे छोटे छोटे टुकड़ों में काट कर मैश कर लें और इसमें नीम्बू की कुछ बूंदे मिला लें। इस मिश्रण को चेहरे पर लगा कर प्राकृतिक तरीके से सूखने के बाद ताजे पानी से चेहरा धो डालें। इसे आप रोजाना नियमित रूप से लगा सकतीं हैं।

सन टेन हटाने के लिए शहद और पपीते का फेस पैक भी काफी सहायक होता है। आप थोड़ा सा पपीता मैश करके इसमें कुछ बुंदे शहद की मिलाकर फेस पैक तैयार कर लें। इस मिश्रण को अपने चेहरे पर लगा कर सूखने दें और बाद में साफ ताजे पानी से धो डालें। यह पैक सन टेन को हटाने के साथ ही त्वचा को पौषण भी देता है जिससे आपकी त्वचा कोमल बन जाती है।

**नींबू का फेस पैक**

नींबू का फेस पैक बनाने के लिए एक चम्मच नींबू का रस, एक चम्मच शहद और एक चम्मच दूध को कटोरी में मिला कर मिश्रण बना लें। इस मिश्रण को चेहरे पर आधा घण्टा लगा रहने दें और बाद में साफ ताजे पानी से धो डालें। यह त्वचा की रंगत निखारने का प्रकृतिक तरीका है।

दूध में विद्यमान प्राकृतिक वसा और खनिज त्वचा को टोन करते हैं और मैग्निसियम, कैल्शियम आदि त्वचा को पौषण प्रदान करते हैं। एक चम्मच चीनी और एक चमच्च नींबू जूस को मिलाकर पेस्ट बना लें। इस पेस्ट को अपने चेहरे पर लगा कर आहिस्ता से स्क्रब कर लें और कुछ समय बाद साफ पानी से धो डालें। इस मिश्रण को आप हफ्ते में एक बार लगा सकती हैं।

**खीरा**

गर्मियों में त्वचा के लिए बहुत सारे घरेलू नुस्खों में खीरा सबसे जरूरी सामग्री है। इसका एक शांत और ठंडा प्रभाव है। एक अच्छा खीरे का फेस पैक या आपकी आंखों पर कट-अप स्लाइस आपको आराम देगा। यह आपकी त्वचा को हाइड्रेट करता है क्योंकि इसमें ब्लीचिंग गुण होते हैं। यह आपकी त्वचा की रंगत को भी हल्का करता है। आपको खीरे का रस, थोड़ा गुलाब जल, थोड़ा सा नींबू का रस और एक रुई चाहिए। जूस बनाने के लिए खीरे को कद्दूकस कर लें। उसमें गुलाब जल डालें और ऊपर से थोड़ा सा नींबू का रस निचोड़ लें। इसे एक बाउल में अच्छी तरह मिला लें। इस मिश्रण को अपने चेहरे पर एक कॉटन बॉल से समान रूप से लगाएं। इसे 15-20 मिनट के लिए लगा रहने दें। इसे ठंडे पानी से धो लें। खीरे, पके पपीते के गूदे, दही में दो चम्मच ओट्स मिलाकर बने मिश्रण को चेहरे, गर्दन और खुले स्थानों पर लगा लीजिए और आधा घण्टा बाद ताजे ठन्डे पानी से धो डालिए। इसे आप हफ्ते में दो बार लगा सकते हैं। दो चमच्च जई के आटे में थोड़ा सा मठहा मिलाकर पेस्ट बना लें। इस पेस्ट को चेहरे पर लगा कर आधा घण्टा बाद साफ पानी से धो डालें।


पके केले को मैश करके इसमें एक चम्मच शहद और एक चमच्च ऑलिव आयल मिला लें। इस मिश्रण को चेहरे पर लगाने के आधा घण्टा बाद ठण्डे पानी से चेहरे को धो डालें। तीन चमच्च एलो वेरा जैल , एक चमच्च हल्दी और दो चमच्च शहद को एक कटोरी में मिला कर पेस्ट बना लें। इस फेस पैक को चेहरे पर लगाने के 20 मिनट बाद पानी से धो डालें। इसे आप हफ्ते में एक दिन लगा सकती हैं। एलो वेरा जेल की कुछ बूंदें रोजाना चेहरे पर लगाने से त्वचा की रंगत निखरती है और स्किन टेन की समस्या से निजात मिलती है। बेसन का आटा और दही को बराबर मात्रा में मिलाकर इसमें चुटकी भर हल्दी डालकर पेस्ट बना लीजिए। इस पेस्ट को चेहरे पर लगाने के आधा घण्टा बाद ठण्डे पानी से धो डालिए। एक चमच्च शहद , एक चमच्च संतरे का जूस और अण्डे का सफेद हिस्सा अच्छी तरह फेंट कर बने मिश्रण को चेहरे पर लगा कर बीस मिनट बाद ताजे पानी से धो डालिए। एक कटोरी में एक चमच्च दही में एक चमच्च का रस मिलाएं ध्इस पेस्ट को त्वचा पर लगाकर दस मिनट के लिए छोड़ दें और ताजे पानी से धो डालें।

एक आलू को कद्दूकश कर लें और इसका रस निकालकर त्वचा पर लगाएं और 15 मिनट बाद ताजे पानी से धो डालें।

# मन की साधना ने ही बनाया राजकुमार सिद्धार्थ को महात्मा बुद्ध



**योगेश कुमार गोयल**




प्रतिवर्ष वैशाख मास की पूर्णिमा को 'बुद्ध पूर्णिमा' के रूप में मनाया जाता है। बुद्ध पूर्णिमा इस वर्ष 1 मई को है। माना गया है कि 563 ईस्वी पूर्व वैशाख मास की पूर्णिमा के दिन लुम्बनी वन में शाल के दो वृक्षों के बीच गौतम बुद्ध का जन्म हुआ था। वैशाख मास की पूर्णिमा को ही 35 वर्ष की आयु में उन्होंने बोध गया में बोधि वृक्ष के नीचे बुद्धत्व प्राप्त किया। वैशाख पूर्णिमा को ही 80 वर्ष की आयु में गौतम बुद्ध ने उत्तर प्रदेश में कुशीनगर में हिरण्यवती नदी के तट पर महापरिनिर्वाण प्राप्त किया। यही कारण है कि बौद्ध धर्म में वैशाख मास की पूर्णिमा को 'त्रिविध पावन पर्व' भी कहा गया है और संभवतः यही वजह है कि बौद्ध धर्म में बुद्ध पूर्णिमा को सबसे पवित्र दिन माना गया है। मान्यता है कि गौतम बुद्ध ने ही आज से करीब ढाई हजार वर्ष पूर्व बौद्ध धर्म की स्थापना की थी। अपने 80 वर्षीय जीवनकाल के अंतिम 45 वर्षों में महात्मा बुद्ध ने दुनियाभर में घूम-घूमकर बौद्ध धर्म का प्रचार किया और लोगों को उपदेश दिए। उनका अंतिम उपदेश था कि सृजित वस्तुएं अस्थाई हैं, अतः विवेकपूर्ण प्रयास करो। उनका कहना था कि मनुष्य की सबसे उच्च स्थिति वही है, जिसमें न तो बुढ़ापा है, न किसी तरह का भय, न चिन्ताएं, न जन्म, न मृत्यु और न ही किसी तरह के कष्ट और यह केवल तभी संभव है, जब शरीर के साथ-साथ मनुष्य का मन भी संयमित हो, क्योंकि मन की साधना ही सबसे बड़ी साधना है।

गौतम बुद्ध का वास्तविक नाम सिद्धार्थ गौतम था। कालांतर में वह सिद्धार्थ गौतम, महात्मा बुद्ध, भगवान बुद्ध, गौतम बुद्ध, तथागत आदि विभिन्न नामों से जाने गए। शाक्य वंश से संबंध होने के कारण उन्हें 'शाक्यों का संत' भी कहा गया। सिद्धार्थ के पिता राजा शुद्धोधन थे, जो कपिलवस्तु के शाक्यवंशीय राजा थे। कपिलवस्तु हिमालय की तराई में एक विशाल गणराज्य था, जो आज नेपाल में है। राजा शुद्धोधन की दो रानियां थीं, जिनमें महामाया बड़ी और प्रजापति गौतमी छोटी थीं। रानी महामाया जब गर्भवती हुई तो उस समय के शाक्य समाज के रीति रिवाजों के अनुसार प्रसव के लिए वह प्रजापति गौतमी के साथ अपने मायके देवदह जा रही थीं, किन्तु रास्ते में ही उन्हें प्रसव पीड़ा शुरू हो गई और लुम्बनी वन में ही शाल के दो वृक्षों के बीच उन्होंने एक अति सुंदर तेजस्वी पुत्र को जन्म दिया। पुत्र जन्म के पश्चात दोनों रानियां कपिलवस्तु लौट आईं। इसी बालक का नाम सिद्धार्थ रखा गया।

सिद्धार्थ के जन्म के कुछ ही समय पश्चात एक बहुत पहुंचे हुए संन्यासी ने राजा शुद्धोधन को बताया कि यह बालक या तो बहुत महान चक्रवर्ती सम्राट बनेगा या फिर समस्त सांसारिक मोह-माया का परित्याग कर एक महान संन्यासी बनेगा और विश्व का महान उद्धारक साबित होगा। बालक के संन्यासी बनने की बात सुनकर राजा शुद्धोधन बहुत चिंतित हुए। उन्होंने सिद्धार्थ को मोह-माया और सांसारिक सुखों की ओर आकर्षित करने के लिए उनके समक्ष भोग विलास तथा ऐश्वर्य के समस्त संसाधनों का ढेर लगा दिया, लेकिन सिद्धार्थ हमेशा शांत और ध्यानमग्न ही रहा करते। अतः यही सोचकर कि कहीं सिद्धार्थ का मन सांसारिक सुखों से उचाट होकर पूरी तरह से वैराग्य में ही न लग जाए, राजा शुद्धोधन ने कम उम्र में ही एक अतिसुंदर, सुशील, अति तेजस्वी सर्वगुण सम्पन्न राजकन्या यशोधरा के साथ उनका विवाह कर दिया। विवाह के पश्चात सिद्धार्थ गौतम को पुत्ररत्न की प्राप्ति हुई और पुत्र का नाम रखा गया राहुल। बचपन से ही राजकुमार सिद्धार्थ घंटों एकांत में बैठकर ध्यान किया करते थे, लेकिन फिर भी उन्होंने पुत्र जन्म तक सांसा. रिक सुखों का उपभोग किया, उनका मन सांसारिक सुखों से उचाट होता गया और एक दिन वे मन की शांति पाने के उद्देश्य से भ्रमण के लिए अपने सारथी छेदक को साथ लेकर रथ में सवार हो महल से निकल पड़े।



जम्मू-कश्मीर। वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किए जाने के समारोह के दौरान रेलवे ट्रैक पर दौड़ती हुई।

## अमेरिका जर्मनी में सैनिकों को कम करने पर विचार कर रहाः ट्रम्प

**मास्को।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने ईरान के खिलाफ अमेरिकी सैन्य अभियान की जर्मन चांसलर फ्रेडरिक मर्ज़ की आलोचना के बाद कहा है कि अमेरिका, जर्मनी में अपने सैनिकों को कम करने की संभावना पर विचार कर रहा है और इस पर जल्द ही निर्णय लिया जाएगा। ट्रम्प ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'ट्रुथ सोशल' पर लिखा कि संयुक्त राज्य अमेरिका, जर्मनी में सैनिकों की संभावित कटौती की समीक्षा कर रहा है, जिस पर आने वाले कुछ ही समय में निर्णय लिया जाएगा। गौरतलब है कि मर्ज़ ने सोमवार को नॉर्थ राइन-वेस्टफेलिया राज्य में छात्रों को संबोधित करते हुए स्वीकार किया था कि पश्चिमी देशों ने पश्चिमी एशिया संघर्ष के संदर्भ में ईरान को कम करके आंका है।

# सऊदी प्रिंस का सलाहकार बनना चाहता था एपस्टीन

## द्वीप पर 'मस्जिद' बनवाई, उसमें सोने का गुबंद, मक्का से कपड़े और उज्बेकिस्तान के टाइल्स लगवाए

**वाशिंगटन।** सेक्स अपराधी जेफ्री एपस्टीन सऊदी क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान का सलाहकार बनना चाहता था। उसने मिडिल ईस्ट (पश्चिम एशिया) में कई साल तक अपने संबंध बनाए। वह एक तरफ बिजनेस के मौके ढूंढ रहा था, और दूसरी तरफ इस्लाम से जुड़ी दुर्लभ और धार्मिक चीजें भी इकट्ठा कर रहा था। उसने इन चीजों को अपने कैरेबियन द्वीप पर बनी एक विवादित इमारत को सजाने में इस्तेमाल किया, जिसे वह 'मस्जिद' कहता था।

उसने मक्का की काबा से किस्वा मंगवाई। किस्वा वह कपड़ा होता है जिस पर सोने से कुरान की आयतें कढ़ी होती हैं और इसे काबा पर चढ़ाया जाता है। इसके अलावा उज्बेकिस्तान की एक मस्जिद से हाथ से बनी टाइल्स लाई गईं। सोने का गुंबद भी बनाया गया, जिसकी डिजाइन पुराने सीरिया की इमारतों जैसी थी। एपस्टीन ने प्राइवेट आइलैंड पर नीले और सफेद रंग की धारियों वाली इमारत बनाई थी।

एपस्टीन का मकसद सिर्फ इस्लामी चीजें जुटाना नहीं था, बल्कि ताकतवर और अमीर लोगों से अपने रिश्ते भी मजबूत करना था। नार्वे के राजनयिक टेरजे रोड-लार्सन के जरिए एपस्टीन को सऊदी अरब के खास लोगों तक पहुंच मिली। इनमें क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान, सलाहकार राफत अल सब्बाग और शाही सहयोगी अजीजा अल



एपस्टीन ने मिडिल ईस्ट (पश्चिम एशिया) में कई साल तक अपने संबंध बनाए

अहमदी शामिल थे। इसी नेटवर्क की मदद से उसे काबा से जुड़े खास कपड़े भी मिले थे। 2014 की एक फोटो में एपस्टीन न्यूयॉर्क में अपने घर के अंदर फर्श पर फैले ऐसे ही एक कपड़े को देख रहा है। उसके साथ अमीरात के बड़े कारोबारी सुल्तान अहमद बिन सुलयेम भी मौजूद थे। बाद में एपस्टीन से जुड़े होने की वजह से उन्हें नुकसान उठाना पड़ा और उन्हें दुबई की बंदरगाह कंपनी डीपी वर्ल्ड के प्रमुख पद से इस्तीफा देना पड़ा। दस्तावेजों से उसके प्राइवलेंट आइलैंड

**2003:** उसने कहा था कि उसके पास बहुत बड़ा फारसी कालीन है जो शायद किसी मस्जिद से आया होगा

**2008:** जब वह जेल में था, तब भी उसने अपने द्वीप पर एक हमाम (तुर्की स्नानघर) और इस्लामी शैली के बगीचे बनाने की योजना बनाई थी

**2009:** जेल से बाहर आने से पहले उसने आर्किटेक्ट्स को ये डिजाइन तैयार करने के लिए कहा

**2011:** उसने उज्बेकिस्तान के एक संपर्क को लिखा कि उसे असली टाइल्स चाहिए जो मस्जिद की अंदरूनी दीवारों जैसी हों।

लिटिल सेंट जेम्स पर बनी एक रहस्यमई इमारत का सच भी सामने आया। पहले इसे म्यूजिक रूम, मंडप, चैपल या कोई रहस्यमई मंदिर कहा जाता था, लेकिन उसके ईमेल और साथ काम करने वाले कलाकार की बातों से पता चला कि वह इसे 'मस्जिद' कहता था, हालांकि इसका इस्तेमाल कभी धार्मिक इबादत के लिए हुआ हो, इसका कोई सबूत नहीं है। इस प्रोजेक्ट पर काम करने वाले रोमानियाई कलाकार आयन निकोला ने भी बताया कि एपस्टीन इसे मस्जिद ही कहता था।

# ईरानी नौसेना कमांडर ने ट्रम्प को चताया

## अमेरिका सैन्य गतिविधियां और आगे बढ़ीं, तो तेहरान 'त्वरित कार्रवाई' करेगाः शाहराम ईरानी

**तेहरान।** पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव के बीच ईरान के वरिष्ठ नौसैनिक कमांडर शाहराम ईरानी ने अमेरिका को कड़ी चेतावनी देते हुए कहा है कि यदि अमेरिकी सैन्य गति. विधियां और आगे बढ़ीं तो तेहरान 'त्वरित कार्रवाई' करेगा। ईरानी सरकारी मीडिया और क्षेत्रीय रिपोर्टों के अनुसार यह बयान ऐसे समय में आया है जब होर्मुज जलडमरूमध्य को लेकर सैन्य और आर्थिक टकराव लगातार गहरा रहा है।

कमांडर ईरानी ने अमेरिकी त्वरित सैन्य सफलता की धारणाओं को खारिज करते हुए कहा कि ईरान के खिलाफ कुछ दिनों में युद्ध समाप्त करने की सोच अब 'सैन्य हलकों में उपहास' का विषय बन चुकी है। उन्होंने कहा कि ईरानी बल किसी भी संभावित विस्तार के लिए पूरी तरह तैयार हैं। रिपोर्टों के अनुसार ईरानी पक्ष ने संकेत दिया है कि अब तक संयम बनाए रखने का उद्देश्य कूटनीति के लिए अवसर खुला रखना था, लेकिन यदि अमेरिकी नाकेबंदी और दबाव जारी रहता है तो प्रतिक्रिया अधिक कठोर हो सकती है। दूसरी ओर, अमेरिकी केंद्रीय कमान ने दावा किया है कि उसकी समुद्री नाकेबंदी रणनीति प्रभावी रही है। अमेरिकी सैन्य अधिकारियों के अनुसार कई वाणिज्यिक जहाजों को रोका या उसका रास्ता बदला गया है और ईरानी तेल निर्यात पर महत्वपूर्ण आर्थिक दबाव डाला गया है। केंद्रीय कमान के कमांडर ब्रैड



■ ईरानी बल किसी भी संभावित विस्तार के लिए पूरी तरह तैयार हैं
■ लगभग 6.9 करोड़ बैरल कच्चा तेल ले जा रहे 41 तेल टैंकर अभी भी बाज़ारों तक पहुंचने में असमर्थ हैं

कूपर ने कहा कि आज, अमेरिकी सेनाओं ने एक अहम उपलब्धि हासिल की, जब उन्होंने नाकेबंदी तोड़ने की कोशिश कर रहे 42वें वाणिज्यिक जहाज़ को सफलतापूर्वक वापस भेज दिया। यह उस बेहतरीन काम का सबूत है जो अमेरिका के बेटे-बेटियां, अपनी वर्दी में, समुद्री व्यापार को ईरानी बंदरगाहों में आने या वहां से बाहर जाने से रोकने के लिए कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि लगभग 6.9 करोड़ बैरल कच्चा तेल ले जा रहे 41 तेल टैंकर अभी भी बाज़ारों तक पहुंचने में असमर्थ हैं, जिससे ईरान को अनुमानित छह अरब अमे. रिकी डॉलर के राजस्व का नुकसान हुआ है। दूसरी ओर, अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भी हाल के दिनों में नाकेबंदी को अपनी रणनीतिक सफलता बताया है, जबकि अमे. रिकी प्रशासन ईरान के परमाणु कार्यक्रम और समुद्री मार्ग नियंत्रण को लेकर सख्त रुख बनाए हुए है। ट्रंप ने कहा कि यह नाकाबंदी ज़बरदस्त है। यह नाकाबंदी 100 फ़ीसदी अचूक रही है। इससे पता चलता है कि हमारी नौसेना कितनी बेहतरीन है, मैं आपको यह बता सकता हूं।

कोई भी अब कोई खेल नहीं खेलेगा। हमारे पास दुनिया की सबसे बेहतरीन सेना है, और इसका ज़्यादातर हिस्सा मैंने अपने पहले कार्यकाल के दौरान तैयार किया था, और तब से हम इसे और भी मज़बूत बना रहे हैं। यह दुनिया में कहीं भी मौजूद किसी भी सेना से सबसे बेहतरीन है। इसके आस-पास भी कोई नहीं है। उन्होंने कहा कि वेनेज़ुएला वालों के पास भी अच्छी सेना थी, लेकिन वहां हमने एक दिन में ही अपना काम खत्म कर लिया। दरअसल 48 मिनट में ही काम हो गया था। ईरान में भी ऐसा ही है। सैन्य मोर्चे पर हमने उनका काम तमाम कर दिया है। उनकी कोई सेना नहीं बची। उनकी नौसेना समंदर की तह में पहुंचा दी जा चुकी है। वायुसेना कभी उड़ नहीं सकेगी। इसी बीच ईरान ने कथित रूप से सशर्त युद्धविराम और चरणबद्ध तनाव-नियंत्रण के प्रस्ताव दिए हैं, जिनमें नाकेबंदी हटाने और शत्रुता समाप्त करने जैसे बिदु शामिल बताए जा रहे हैं।

## अमेरिकी नाकेबंदी से ईरान के तेल उत्पादन में कोई व्यवधान नहींः गालिबाफ

**तेहरान।** ईरान की संसद के अध्यक्ष मोहम्मद बगर गालिबाफ ने गुरुवार को ईरान के तेल निर्यात को रोकने के अमेरिकी प्रयासों के प्रभाव को खारिज करते हुए कहा कि बढ़ते दबाव के बावजूद देश का ऊर्जा बुनियादी ढांचा अप्रभावित है। गालीबाफ ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि कथित नाकेबंदी के बाद भी तेल उत्पादन में कोई व्यवधान नहीं आया है। उन्होंने अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के बयान का उल्लेख करते हुए लिखा कि तीन दिन हो गए, कोई तेल का कुआं नहीं फटा। जरूरत पड़ने पर ईरान 30 दिनों तक परिचालन जारी रख सकता है। ईरानी संसद के अध्यक्ष ने यह भी दावा किया कि ईरान की तेल बिक्री को प्रतिबंधित करने के उद्देश्य से किये गये अमेरिकी उपायों ने देश की भंडारण क्षमता को उसकी सीमा तक नहीं धकेला है।

## हिजबुल्लाह के साथ कोई युद्धविराम नहीं है, इजरायली चीफ ऑफ स्टॉफ

**तेल अवीव।** इजरायल रक्षा बल (आईडीएफ) के चीफ ऑफ स्टाफ लेफ्टिनेंट जनरल ईयाल ज़मीर ने पुष्टि की है कि दक्षिण लेबनान में हिजबुल्लाह के साथ 'कोई युद्धविराम नहीं' है तथा लेबनान के साथ दो सप्ताह से लागू युद्धविराम के बीच इस कट्टरपंथी संगठन के साथ समानांतर युद्ध जारी है। चैनल 12 की रिपोर्ट के अनुसार, ज़मीर की यह टिप्पणी इजरायल के उन प्रयासों के बीच आई है जिसमें वह अमेरिका से लेबनानी सरकार के साथ अपनी ऐतिहासिक प्रत्यक्ष वार्ता को दो सप्ताह की समय सीमा तक सीमित करने और वार्ता विफल होने पर हिजबुल्लाह के खिलाफ बड़े पैमाने पर आईडीएफ अभियान को मंजूरी देने का आग्रह कर रहा है। इजरायल और लेबनान के बीच अमेरिका की मध्यस्थता वाला युद्धविराम 17 अप्रैल को शुरू हुआ था, जिसे 24 अप्रैल को अतिरिक्त तीन सप्ताह के लिए बढ़ा दिया गया था। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने उस समय इसकी घोषणा की थी।

# ब्रिटिश किंग चार्ल्स से मिले न्यूयॉर्क मेयर ममदानी

**न्यूयॉर्क।** ब्रिटिश किंग चार्ल्स और क्वीन कैमिला ने न्यूयॉर्क शहर के मेयर जोहरान ममदानी से मुलाकात की। यह शाही जोड़ा 9/11 मेमोरियल पहुंचा था जहां उन्होंने 11 सितम्बर 2001 के आतंकी हमलों में मारे गए लोगों को श्रद्धांजलि दी। खास बात यह है कि इस मुलाकात से कुछ घंटे पहले ममदानी ने कहा था कि अगर उन्हें किंग चार्ल्स से अलग से बात करने का मौका मिला, तो वे कोहिनूर हीरा भारत को लौटाने की बात उठाएंगे।

हालांकि यह साफ नहीं हो पाया है कि इस छोटी बातचीत के दौरान ममदानी ने यह मुद्दा उठाया या नहीं। उनके आफिस से भी इस पर तुरंत कोई जवाब नहीं मिला। कोहिनूर वही हीरा है जो ब्रिटेन के शाही ताज में जड़ा है और टावर आफ लंदन में रखा गया है। यह 177 साल से ब्रिटेन के पास है। भारत ने ब्रिटेन के सामने कई बार कोहिनूर हीरे पर अपना कानूनी हक होने का दावा किया है। को. हिनूर हीरा 1849 से ब्रिटेन के पास है। द्वितीय एंग्लो-सिख युद्ध में ब्रिटिश ईस्ट इंडिया कंपनी से सिख साम्राज्य के हारने के बाद अंग्रेजों ने

■ मुलाकात से पहले कहा था: कोहिनूर भारत को लौटाने बोलूंगा, यह हीरा 177 साल से ब्रिटेन के पास

पूरे पंजाब पर कब्जा कर लिया। उस समय सिख साम्राज्य के शासक दलीप सिंह थे, जिनकी उम्र सिर्फ 10 साल थी। युद्ध हारने के बाद अंग्रेजों ने उनसे लाहौर की संधि पर हस्ताक्षर करवाए। इस संधि की शर्तें बहुत सख्त थीं। इसके तहत पंजाब को ब्रिटिश शासन के अधीन कर दिया गया और साथ ही कोहिनूर हीरा भी अंग्रेजों को सौंपना पड़ा। इसके बाद यह हीरा ब्रिटेन पहुंचा और क्वीन विक्टोरिया को दे दिया गया। को. हिनूर हीरे का इतिहास विवादों से भरा रहा है। कहा जाता है कि साल 1526 में हुमायूं ने आगरा किला पर हमला किया था। इसे जीतने पर बड़े पैमाने में खजाने के साथ-साथ विश्व प्रसिद्ध कोहिनूर हीरा भी मिला था। बाबरनामा के मुताबिक, कोहिनूर हीरा इतना कीमती था कि इससे पूरी दुनिया को ढाई दिन का भोजन करवाया जा सकता था। 1739 में ईरानी शासक नादिर शाह ने आक्रमण किया।

# होर्मुज स्ट्रेट की अमेरिकी घेराबंदी जारी

**वॉशिंगटन।** अमेरिकी केंद्रीय कमान (सेंटकॉम) के कमांडर एडमिरल ब्रैड कूपर ने कहा है कि अमेरिकी सेना ने बुधवार को हॉर्मुज जलडमरूमध्य से गुजरने की को. शिश कर रहे 42वें जहाज का रास्ता रोक दिया और उसे दूसरे मार्ग पर रवाना कर दिया। उन्होंने आगे कहा कि संयुक्त राज्य अमेरिका इस समुद्री मार्ग की घेराबंदी जारी रखने के लिए प्रतिबद्ध है।

'एक्स' पर सेंटकॉम की ओर से पोस्ट बयान के अनुसार, एडमिरल कूपर ने कहा कि आज, अमेरिकी सेना ने घेराबंदी का उल्लंघन करने की कोशिश कर रहे 42वें वाणिज्यिक जहाज का सफलतापूर्वक मार्ग बदलकर एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है--- यह घेराबंदी अत्यंत प्रभावी है और अमेरिकी सेना इसे पूर्ण रूप से लागू करने के लिए पूरी तरह

■ सेंटकॉम अमेरिकी केंद्रीय कमान ने ईरान पर हमला करने के लिए हाइपरसोनिक मिसाइल की मांग की

प्रतिबद्ध है। वहीं अमेरिकी नौसेना ने 13 अप्रैल को हॉर्मुज जलडमरूमध्य के दोनों किनारों पर ईरानी बंदरगाहों में प्रवेश करने और वहां से निकलने वाले सभी समुद्री यातायात की घेराबंदी शुरू कर दी थी। इस मार्ग से दुनिया के तेल, पेट्रोलियम उत्पादों और तरलीकृत प्राकृतिक गैस (एलएनजी) की लगभग 20 प्रतिशत आपूर्ति होती है। अमेरिका का तर्क है कि गैर-ईरानी जहाज हॉर्मुज जलडमरूमध्य से गुजरने के लिए स्वतंत्र हैं, जब तक कि वे तेहरान को किसी प्रकार का शुल्क नहीं देते। ईरानी अधिकारियों ने अभी तक शुल्क लगाने की कोई आधिकारिक घोषणा नहीं की है।

## पूर्व एफबीआई निदेशक ने मुझे मारने के लिए कोड भाषा में संदेश भेजेः ट्रम्प

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने गुरुवार को अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर फेडरल ब्यूरो ऑफ इन्वेस्टिगेशन के पूर्व निदेशक जेम्स कोमी की एक पोस्ट की आलोचना करते हुए दावा किया कि कोमी ने उनकी हत्या का खुफिया संदेश साझा किया है। ट्रम्प ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रूथ सोशल पर '86 47' वाक्यांश का उल्लेख करते हुए इसे एक 'माफिया शब्द' (मॉब टर्म) बताया। उन्होंने दावा किया कि '86' का उपयोग अपराधियों द्वारा हत्या के लिए किया जाता है, जबकि '47' का मतलब अमेरिका के 47वें राष्ट्रपति यानी स्वयं ट्रम्प हैं।

# पुतिन-ट्रम्प के बीच हुई लंबी फोन वार्ता

## ईरान संकट, यूक्रेन युद्ध और द्विपक्षीय संबंधों पर दोनों नेताओं ने की विस्तृत चर्चा

**मॉस्को।** रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के बीच डेढ़ घंटे से अधिक समय तक फोन पर चली महत्वपूर्ण वार्ता में ईरान संकट, यूक्रेन संघर्ष और रूस-अमेरिका संबंधों सहित कई वैश्विक मुद्दों पर विस्तार से चर्चा हुई।

क्रेमलिन के अनुसार बातचीत सौहार्दपूर्ण, स्पष्ट और व्यावसायिक रही। पुतिन ने ईरान संकट के शांतिपूर्ण समाधान के लिए कूटनीतिक प्रयासों के प्रति रूस की प्रतिबद्धता दोहराई और ईरानी परमाणु कार्यक्रम को लेकर मतभेद कम करने के लिए कई प्रस्ताव रखे। करीब 90 मिनट तक चली इस बातचीत में पुतिन ने स्पष्ट चेता. वनी दी कि यदि अमेरिका और इज़रायल ईरान के खिलाफ सैन्य कार्रवाई फिर शुरू करते हैं, तो इसके गंभीर परिणाम केवल ईरान या उसके पड़ोसियों तक सीमित नहीं रहेंगे, बल्कि पूरी



■ पुतिन ने राजनीतिक रूप से प्रेरित हिंसा के सभी रूपों की भी कड़ी निंदा की

अंतर्राष्ट्रीय व्यवस्था प्रभावित होगी। उन्होंने विशेष रूप से ईरानी भूमि पर किसी भी जमीनी अभियान को 'अस्वीकार्य और अत्यंत खतरनाक' बताया। पुतिन ने वार्ता की शुरुआत में 25 अप्रैल को वॉशिंगटन हिल्टन होटल में ट्रम्प पर हुए कथित हमले के प्रयास के बाद उनके प्रति सहानुभूति व्यक्त की और राजनीतिक हिंसा की निंदा की। उन्होंने इस बात का ज़िक्र किया कि न तो ट्रम्प, न ही उनकी पत्नी और न ही उनके साथ आये किसी सदस्य को कोई नुकसान पहुंचा। साथ ही, उन्होंने हमलावर को बेअसर करने में सुरक्षा सेवाओं की त्वरित कार्रवाई की सराहना की। पुतिन ने राजनीतिक रूप से प्रेरित हिंसा के सभी रूपों की भी कड़ी निंदा की। रूस के राष्ट्रपति ने इसके अतिरिक्त यह भी कहा कि उनकी शुभकामनाएं 'फर्स्ट लेडी' तक पहुंचाई जाएं। उन्होंने इस बात का ज़क्रि किया कि यह घटना 26 अप्रैल को उनके जन्मदिन के आस-पास ही हुई थी, और रूसी तथा यूक्रेनी बच्चों को उनके परिवारों से फिर से मिलाने के प्रयासों में उनकी भूमिका का भी उल्लेख किया।

## अमेरिकी सांसद ने पूछाः क्या ट्रम्प की दिमागी हालत ठीक है

**वाशिंगटन।** अमेरिका की हाउस आर्म्ड सर्विसेज कमेटी की सुनवाई के दौरान एक बड़ा राजनीतिक विवाद सामने आया। डेमोक्रेट सांसद सारा जैकब्स ने रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ से राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की मानसिक स्थिति को लेकर सवाल पूछ लिया। जैकब्स ने अपने सवाल के दौरान ट्रम्प के सोशल मीडिया प्लेटफार्म ट्रुथ सोशल पर किए गए हाल के पोस्ट का जिक्र किया और उनकी भाषा की आलोचना की। इसी दौरान उनके पीछे खड़े एक सहायक ने ट्रम्प के पुराने पोस्ट के कटआउट भी दिखाए। इनमें वह विवादित ईशु वाली एआई पोस्ट भी शामिल था, जिसे बाद में हटा दिया गया था।







